सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
07.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 323



12 अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' शूटिंग पूरी

## न्यूज डायरी

### अभिनेत्री कंगना रनौत को सुरक्षाकर्मी ने मारा थप्पड़

**चंडीगढ़।** फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद को गुरुवार को चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर एक महिला सुरक्षाकर्मी ने कथित रूप से थप्पड़ मार दिया। वह दिल्ली जा रही थीं और सुरक्षा जांच के बाद केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक महिला जवान ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। महिला सुरक्षाकर्मी कथित रूप से उनके किसान आंदोलन के संबंध में दिये बयानों से खफा थी। सूत्रों के अनुसार महिला सुरक्षाकर्मी को हिरासत में लिया गया है।

### नायडू 12 को लेंगे सीएम पद की शपथ

**विजयवाड़ा।** टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। पार्टी पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विधायक गोरंटला बुचैया चौधरी ने गुरुवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया कि विधायक दल का नेता चुनने के लिए 11 जून को विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### सिमडेगा विधायक के खिलाफ सुनवाई 20 को

**रांची।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से जुड़े महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित मामले में शिकायतकर्ता रश्मि संचिता एक्का की याचिका पर गुरुवार को अभियोजन पक्ष कोर्ट में जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 जून को निर्धारित की है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ दर्ज की गई शिकायतवाद (कंप्लेन केस) में कुछ अतिरिक्त अपराधिक धाराओं को जोड़ने के लिए शिकायतकर्ता ने कोर्ट में आवेदन दाखिल किया है।

### अखंड सौभाग्य को ले की वट सावित्री पूजा

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के सभी हिस्सों में गुरुवार को वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं सुबह में स्नान करने के बाद वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और विधि विधान से पूजा कर कच्चे धागे को पेड़ में बांधते हुए अखंड सौभाग्य के लिए अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की।


### खड़े ट्रक में घुसी कार, तीन लोगों की मौत

**गया।** गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। झारखंड से यूपी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने जीटी रोड पर खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जख्मी ड्राइवर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। क्रेन बुलाकर शवों और घायल ड्राइवर को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 97000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# कल्पना ने जेल में हेमंत पर खतरे की जतायी आशंका

## झारखंड को मणिपुर बनाना चाहती है भाजपा, ऐसा होने नहीं देंगे झारखंडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अब भाजपा के खिलाफ और अक्रामक रुख अख्तियार कर रही हैं। उन्होंने भाजपा पर सीधा हमला बोला और आरोप लगाया है कि भाजपा, झारखंड को मणिपुर बनाना चाहती है। उन्होंने जेल में हेमंत सोरेन की सुरक्षा पर चिंता भी जतायी, कहा कि उन्हें जेल में पूर्व सीएम को ले कर खतरे की आशंका है। कल्पना सोरेन ने स्टेन स्वामी केस का हवाला भी दिया। कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया के जरिये झारखंडवासियों से आह्वान किया है कि अगर हेमंत सोरेन के पक्ष में मजबूती से खड़ा नहीं हुए तो भाजपा के लोग इस राज्य को मणिपुर बनाने से बाज नहीं आयेंगे। दरअसल, 31 जनवरी को लैंड स्कैम मामले में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उनके सारे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को उनकी पत्नी कल्पना सोरेन हैंडल कर रही हैं। गांडेय विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद पहली बार कल्पना सोरेन ने भाजपा पर इतना तीखा हमला बोला है।





**भाजपा संवेदनहीन पार्टी :** कल्पना सोरेन ने लिखा है कि जैसे सबसे कमजोर वर्ग के लिए आवाज उठाने वाले फादर स्टेन को संस्थागत उपेक्षा और अन्याय से चुप कराया गया, आज उसी तरह का जुल्म हेमंत सोरेन पर हो रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फादर स्टेन स्वामी के साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की तस्वीर भी साझा की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि कई नेताओं पर गंभीर आरोप हैं फिर भी बाहर घूम रहे हैं, जबकि हेमंत सोरेन को जमीन से जुड़े दीवानी मामले में जेल में डाला गया है। यह ईडी का काम ही नहीं है। सभी जानते हैं कि भाजपा अपनी मंशा पूरी करने के लिए कुछ भी कर सकती है। वह एक संवेदनहीन पार्टी है। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि इसकी चर्चा पूरे झारखंड में हो रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### स्टेन स्वामी की मौत लोकतंत्र पर काला धब्बा

कल्पना सोरेन ने दिवंगत फादर स्टेन स्वामी को आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि पुलिस हिरासत में उनकी मौत भारत के लोकतंत्र और मानवाधिकार पर काला धब्बा है। उन्होंने चुनाव परिणाम को उनकी मौत का बदला लेने की शुरूआत बताकर तुलना की है। कल्पना सोरेन ने लिखा है कि जेसुइट पादरी फादर स्टेन स्वामी 84 साल के थे. वह आदिवासी अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे। इतनी उम्र और पार्किंसन रोग से ग्रसित होने के बावजूद भाजपा सरकार ने झूठे आतंकवाद का आरोप लगाकर उन्हें जेल में रखा। उन्हें जमानत नहीं दी। चिकिस्ता उपचार से वंचित रखा। पानी पीने के लिए 25 पैसे का एक स्ट्रॉ तक नहीं दिया गया। जेल में लगातार स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण फादर स्टेन स्वामी की 5 जुलाई 2021 को हिरासत में ही मौत हो गयी। उनकी मौत आतंकवाद के बहाने से विपक्ष एवं आदिवासियों को दबाने और मानवाधिकार कार्य को अपराधीकरण करने की भाजपा की नीति का उदाहरण है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में बहस पूरी, फैसला सुरक्षित

**एजेंसी**

प्रयागराज। श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद को लेकर गुरुवार को इलाहाबाद होईकोर्ट में सुनवाई हुई। विवाद मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को पूरी हो हो गयी। बहस के लिए दिए गये अतरिक्त समय में मुस्लिम पक्ष ने सिविल कोर्ट के न्यायमित्र की नियुक्ति करने के अधिकार पर आपत्ति जतायी। कहा कि सिविल कोर्ट को न्यायमित्र नियुक्त करने का अधिकार नहीं है। कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। हिंदू पक्ष ने उसका विरोध करते हुए कहा कि न्यायमित्र की नियुक्ति न्यायालय का विवेकाधिकार है। दोनों पक्ष की बहस पूरी हो गयी है। कोर्ट अपना फैसला पहले ही सुरक्षित कर चुका है। अब जल्द ही वाद की पोषणीयता पर फैसला आने की उम्मीद की जा रही है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ मामले की सुनवाई कर रही है।वाद की पोषणीयता पर 31 मई 2024 को दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद कोर्ट ने निर्णय सुरक्षित कर लिया था। इस बीच ईदगाह मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता महमूद प्राचा ने प्रार्थना पत्र देकर अपना पक्ष रखने के लिए न्यायालय से और समय देने की मांग की। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की है कि न्याय सिर्फ मिलना ही नहीं चाहिए, बल्कि न्याय मिलते हुए दिखना चाहिए। कोर्ट ने 4 जून को मुस्लिम पक्ष को दलील रखने के लिए समय दिया था। बाद में मुस्लिम पक्ष ने प्रार्थना पत्र देकर 5 जून के बाद का समय देने का अनुरोध किया। बृहस्पतिवार को मुस्लिम पक्ष ने न्यायमित्र की नियुक्ति पर आपत्ति जतायी। वहीं हिंदू पक्ष ने सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि न्यायमित्र की नियुक्ति न्यायालय का विवेकाधिकार का विषय है। इस पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं की जा सकती।

### न्यायमित्र की नियुक्ति पर मस्जिद पक्ष को आपत्ति , विरोध

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में आज नेता चुने जायेंगे मोदी

# शपथ ग्रहण अब 9 को शाम छह बजे

## भाजपा ने कहा, गठबंधन धर्म का पालन होगा, कोई दबाव नहीं

### जेपी नड्डा के आवास पर बैठक में सभी तैयारियों की समीक्षा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। एनडीए तीसरी बार सरकार गठन की तैयारी कर रही है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में 7 को मोदी को नेता चुना जाना है। नौ जून को नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। खबरों के अनुसार नरेंद्र मोदी शाम 6 बजे शपथ लेंगे। हालांकि इससे पहले शपथ ग्रहण की तारीख 8 जून को तय की गयी थी। शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए कई राष्ट्राध्यक्षों को आंत्रित किया गया है। नेता चयन और सरकार गठन की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर 7 को एनडीए संसदीय दल की बैठक होनी है। भाजपा ने अपने सभी मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को भी 7 जून की महत्वपूर्ण बैठक के लिए दिल्ली बुलाया है। सभी तैयारियों की समीक्षा के लिए जेपी नड्डा के आवास पर गुरुवार को बैठक में रणनीति बनायी गयी।



**एनडीए संसदीय दल की बैठक आज :** सात जून शुक्रवार को सुबह 11 बजे संसद के सेंट्रल हॉल में एनडीए संसदीय दल की बैठक बुलायी गयी है। संसदीय दल की बैठक में सभी सांसद मिलकर नरेंद्र मोदी को एनडीए के संसदीय दल का नेता चुनेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### जदयू व टीडीपी मांग रही है बड़ी हिस्सेदारी

भाजपा स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें पीछे है। ऐसे में अपने गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार गठन कर रही है। उसके सहयोगी टीडीपी और जदयू का कहना है कि उन्हें हर चार सांसद पर एक मंत्री पद चाहिए। ऐसे में मोदी कैबिनेट 3.0 में अगर सरकार इस शर्त पर बनती है तो टीडीपी को चार और जेडीयू को तीन विभाग देना होगा। जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू अभी दिल्ली में ही रहेंगे और सरकार गठन की प्रक्रिया को पूरा करेंगे।

### सरकार की रूप रेखा पर चर्चा


गुरुवार को जेपी नड्डा के आवास पर शुक्रवार को होनेवाली बैठक और सरकार गठन की तैयारियों पर मैराथन बैठक में कई राउंड की चर्चा हुई। अलग-अलग राउंड में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े एवं तरुण चुग, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया और अश्विनी वैष्णव सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। गुरुवार की बैठक में मोदी मंत्रिमंडल की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में एनडीए के सहयोगियों की भूमिका काफी अहम हो है। इसलिए बैठक में मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या और विभागों के आवंटन को लेकर ऐसे फॉमूर्ले पर भी चर्चा हुई, जिससे सभी दल संतुष्ट हो सके। इससे पूर्व पीएम आवास पर बुधवार को एनडीए के घटक दलों की बैठक में मोदी को एकमत से नेता चुना गया था। उस बैठक में नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू , जीतन राम मांझी भी उपस्थित थे ।

# पटना-जसीडीह ट्रेन में भीषण आग

### यात्रियों ने कूद कर बचायी जान, किऊल स्टेशन पर हादसा

**एजेंसी**

पटना। पटना से जसीडीह जा रही पैसेंजर ट्रेन में भीषण आग लग गयी। एक कोच में लगी आग की जद में दूसरी कोच आ गयी। देखते ही देखते धूकर-धूकर बॉगी जलने लगी। गनीमत रही की आग फैलने से पहले ही कोच में सवार यात्रियों ने कूद कर अपनी जान बचायी। आग लगते ही ट्रेन में सवार यात्रियों में खलबली मच गयी। दो घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग इतनी तेज थी कि चंद मिनटों दो कोच में लपेटे में आ गये। किऊल स्टेशन पर हुए इस हादसे में अफरा-तफरी मच गयी। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम ने कड़ी मशक्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। दानापुर डिवीजन के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



**यात्रियों में मची खलबली :** बताया जाता है कि 13028 डाउन पटना-जसीडीह मेमू ट्रेन किऊल जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर चार पर आकर रुकी ही थी। अचानक बोगी नंबर 8 से धुआं उठने लगा। ट्रेन से धुआं उठते देख यात्रियों में खलबली मच गयी। कोच में सवार सभी यात्री कूद कर इधर-उधर भागने लगे। देखते ही देखते धुआं लाल लपटों में तब्दील हो गया। आठ नंबर के कोच से उठी आग दो और बोगियों में फैल गयी। बचावकर्मियों ने जलती बोगी को पूरी ट्रेन से अलग कर ट्रेन को धक्का देकर दूर ले गये।

(शेष पेज 11 पर)

### आठ हजार घूस लेते मुखिया गिरफ्तार

**गिरिडीह।** अबुआ आवास योजना पास करने के एवज में 10000 रुपए रिश्वत की मांग करने वाले जमुआ प्रखंड के चरघरा पंचायत के मुखिया महावीर दास को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। मुखिया ने सिमराटांड़ की महिला से 10 हजार की रिश्वत मांगी थी। मुखिया महावीर दास ने प्रखंड के सिमराटांड़ गांव की रहने वाली मुन्नी देवी से अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। घूस नहीं दे पाने के कारण मुन्नी देवी का अबुआ आवास योजना पास नहीं हो रहा था। उसने एसीबी धनबाद से शिकायत की। एसीबी की टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया और मुखिया को रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा।

# झारखंड में मोदी पर भारी पड़े राहुल





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव में झारखंड में राहुल गांधी पीएम मोदी से काफी आगे निकल गये। यहां पर राहुल गांधी का सक्सेस रेट सौ प्रतिशत रहा, वहीं मोदी इसमें काफी पीछे छूट गये। भाजपा ने झारखंड में पूरा जोर लगा दिया था। पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने यहां पर दर्जनों रैलियां और रोड शो किये। वहीं कांग्रेस की ओर से भी राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का भी यहां पर कार्यक्रम हुआ, जिसकी संख्या भाजपा के मुकाबले काफी कम थी। चुनाव परिणाम भाजपा के लिए उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

कुल मिलाकर पीएम मोदी ने झारखंड में सात रैली को संबोधित किया और एक रोड शो में शामिल हुए. पीएम मोदी का जिन आठ जगहों पर कार्यक्रम हुआ, उसमें से पांच सीटों पर भाजपा को जीत मिली वहीं तीन सीटों पर भाजपा का हार का सामना करना पड़ा। वहीं राहुल गांधी ने दो रैली को संबोधित किया और दोनों ही सीट पर उनके कैंडिडेट को जीत मिली। तो इस तरह से कह सकते हैं कि राहुल गांधी का स्ट्राइक रेट 100 प्रतिशत रहा जबकि पीएम मोदी का स्ट्राइक रेट 62.5 प्रतिशत। कुछ महीने बाद झारखंड में विधानसभा चुनाव भी होने वाला है. इस लोकसभा चुनाव के परिणाम का असर विधानसभा चुनाव पर भी पड़ सकता है।

झारखंड में भाजपा ने 14 सीट जीतने का लक्ष्य रखा था और उनके नेता इसे लेकर बढ़-चढ़ कर दावा भी कर रहे थे, लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद उन्हें झटका लगा। उसके खाते में सिर्फ 8 सीटें आयी। वहीं झामुमो के खाते में 3, कांग्रेस के खाते में दो और आजसू के खाते में एक सीट गयी। गठबंधन के लिहाज से देखें तो एनडीए को 9 सीट मिली और इंडिया गठबंधन को 5 सीट. 2019 में एनडीए के खाते में 12 सीट थी, जबकि यूपीए के खाते में 2 सीट।

## चुनाव आयोग ने नवनिर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी

# आचार संहिता खत्म, इवीएम पर लगे सभी आरोप खारिज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग की ओर से 18वीं लोकसभा के चुनाव में निर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मु को सौंपी गयी। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए देश भर में लगायी गयी आचार संहिता गुरुवार से खत्म करने की घोषणा कर दी। हालांकि जिन प्रदेशों में अभी विधान परिषद के चुनाव होना हैं, वहां आचार संहिता लागू रहेगी। आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के तहत भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति राष्ट्रपति को सौंपी। इस प्रति में 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं। इसके साथ ही आयोग ने इवीएम को ले कर उठनेवाले सभी आरोपों को खारिज कर दिया। देश में सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम मंगलवार को आयोग ने घोषित किया। इस दौरान देशभर में चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू की थी, जिसे बृहस्पतिवार को हटा दिया गया। आयोग ने बताया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में द्विवार्षिक/ उपचुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। सीजेआइ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव लंबित है। उन्होंने कहा कि हम 12 मार्च को वहां गये थे, हमने संकेत दिया था कि सही समय पर चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि हम वहां के लोगों को जल्द से जल्द अपनी सरकार बनाने और अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का मौका देंगे। राष्ट्रपति से भेंट के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।



**अब इवीएम को आराम :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि अब लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी हो चुके हैं, जो कि आप सबके सामने हैं। ईवीएम को कुछ दिन अब आराम करने देते हैं। अगले चुनाव में उसको फिर से निकालेंगे, वो फिर अपने काम पर लगेगी। उन्होंने ईवीएम पर उठने वाले सवालों पर कहा कि ईवीएम को हर चुनाव में कोसा जाता है। शायद उसका अविष्कार उसी मुहूर्त में हुआ है कि उसको हर बार संदेह का सामना करना पड़ता है।

# जनता के आशीर्वाद से झारखंड में बनानी है मजबूत सरकार : मरांडी

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सीएम नहीं बचा पाये इंडी एलायंस की लाज

### भाजपा ने नव निर्वाचित सांसदों केलिये स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है। श्री मरांडी गुरूवार को पार्टी के नये सांसदों के लिये आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। यह आयोजन हरमू रोड स्थित द कॉब्स में किया गया था। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि ऐतिहासिक है। जनता ने मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर अपनी मुहर लगाकर आत्म निर्भर भारतएविकसित भारत बनाने का जनादेश दिया है। उन्होंने नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन करते हुये कहा कि जनता ने 9 सीट पर जीत दिलाकर एनडीए को झारखंड में सबसे बड़ा गठबंधन बनाया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश मोदी सरकार की उपलब्धियों के समर्थन में तो है ही भ्रष्टाचार एवम तुष्टिकरण में आकंठ डूबी राज्य की ठगबंधन सरकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की मजबूत सरकार बनानी है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह जनादेश भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, परिवारवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। उन्होंने कहा कि संपन्न लोकसभा चुनाव में राज्य के मुख्यमंत्री अपनी विधानसभा सीट पर इंडी एलायंस की लाज नही बचा सके। उन्होंने कहा कि गलत नैरेटिव सेट कर इंडी एलायंस ने जनता को दिग्भ्रमित किया है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि अभी विश्राम का समय नहीं है। हमें संगठनात्मक संरचना को मजबूत और सक्रिय रखते हुए झारखंड में भी मजबूत सरकार के संकल्प को पूरा करना है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जबतक राज्य की भ्रष्ट निकम्मी सरकार को उखाड़ नही फेकेंगे। कार्यक्रम का संचालन विधायक भानु प्रताप शाही एवं धन्यवाद ज्ञापन अमरदीप यादव ने किया।

कार्यक्रम में आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज कुमार सिंह, विद्युत वरण महतो, बीडी राम, संजय सेठ, ढुल्लू महतो, मनीष जायसवाल, कालीचरण सिंह के अलावा समीर उरांव, सीता सोरेन, गीता कोड़ा, ताला मरांडी, विधायक सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, बिरंची नारायण, रामचंद्र चंद्रवंशी, अनंत ओझा, नवीन जायसवाल, नीरा यादव, राज सिन्हा, रणधीर सिंह, किशुन दास, नारायण दास, कोचे मुंडा, आलोक चौरसिया, समरी लाल, केदार हाजरा, पुष्पा देवी, विकास प्रीतम, मुन्ना मिश्र, सरोज सिंह, दीपक बंका, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, रमाकांत महतो, राफिया नाज, अविनेश कुमार सिंह, पवन साहू, शशांक राज, आरती सिंह, शिवशंकर उरांव, अनवर हयात सहित लोकसभा चुनाव प्रभारी, संयोजक, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी उपस्थित थे।

## बाबूलाल ने हेमंत सोरेन पर कसा तंज

# जेल में सुविधाएं उपलब्ध कराने की गारंटी है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर तंज कसा है। सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि हेमंत को बड़ी तमन्ना थी लोगों को उठा कर जेल में डालने की। सत्ता के अहंकार में आपने सैकड़ों निदोर्षों को जेल में डाला। तब आपको ना तो मानवाधिकार का ख्याल आया, ना जेल के अंदर की बदतर हालातों का। लेकिन ईश्वर का न्याय देखिये कि जिस जेल के खेल को आपने शुरू किया, अपने कुकर्मों के कारण आप भी उसी खेल का शिकार हो गये। साथ ही बाबूलाल ने हेमंत को जेल में पर्याप्त सुविधायें दिये जाने को लेकर भी बात रखी है। सवाल पूछते हुये कहा है कि हेमंत सोरेन अब बेकार में ही मानवाधिकार और आदिवासी बंधुओं की चिंता में दुबले हुये जा रहे हैं। जब संथाल में सैकड़ों आदिवासी बेटियों को लव जिहाद में फंसाया गया। शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिये गये। गाड़ियों से कुचला गयाए तब आपको आदिवासियों की याद नहीं आयी।

सीएम चंपाई सोरेन को टैग करते बाबूलाल ने कहा है कि अगर हेमंत को जेल में कथित यातनायें दी जा रही हैं तो, न्यायालय से अनुरोध कर वे अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करवायें। बाबूलाल ने हेमंत को आश्वस्त करते कहा है कि जेल मैनुअल के अनुसार उन्हें सारी सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये वे उनके पक्ष में खड़ा रहेंगे। चंपाई सोरेन सरकार को जेल मैनुअल के अनुसार सारी सुविधायें देने के लिये मजबूर कर देंगे।

गौरतलब है कि सोशल मीडिया फेसबुक के जरिये गुरुवार को हेमंत सोरेन की ओर से फादर स्टेन स्वामी को याद किया गया। इसमें चिंता जाहिर करते कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा झूठे आतंकवाद के आरोपों पर न तो उन्हें जमानत मिली और न ही समुचित उपचार सुविधा जेल की स्थितियों से उनका स्वास्थ्य बिगड़ा और स्टेन की मौत 5 जुलाई 2021 को हो गयी। जिस तरह से कमजोर वर्ग के लिये आवाज उठाने वाले स्टेन को उपेक्षा और अन्याय से चुप कराया गयाए आज उसी तरह का जुल्म हेमंत के साथ हो रहा है। हेमंत सोरेन के इसी पोस्ट पर बाबूलाल ने प्रतिक्रिया दी है।

## चंपाई से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने की मुलाकात



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरूवार को बूटी रोड, स्थित आवास में खूंटी लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से उन्हें खूंटी लोकसभा क्षेत्र से मिली शानदार जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मौके पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के प्रति नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने आभार व्यक्त किया।

# हटिया मेमू ट्रेन रद्द, परीक्षा स्पेशल ट्रेन शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। रांची रेल मंडल के कुरकुरा-ओड़गा रेलखंड पर विकास कार्य को लेकर ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक किया जा रहा है। जिसको लेकर हटिया मेमू एक्सप्रेस रद्द रहेगी। साथ ही रांची रेल मंडल से होकर परिचालित ट्रेनों की समय सारणी में भी बदलाव किया गया है। साथ ही रेलवे रांची से पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने जा रही है।

**रांची रेल मंडल से ट्रेन रद्द :** ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया मेमू एक्सप्रेस ट्रेन 10, 11, 12, 16, 17, 18, 19 और 23 जून को रद्द रहेगी।

**ट्रेनों की समय सारणी में परिवर्तन :** ट्रेन संख्या 06066 धनबाद-ताम्बरम स्पेशल (वाया-रांची) 12 जून से मूरी आगमन 09:03 बजे प्रस्थान 09:05 बजे, रांची आगमन 10:10 बजे प्रस्थान 10:20 बजे एवं हटिया आगमन 10:35 बजे प्रस्थान 10:40 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 06092 बरौनी-कोच्चुवेली स्पेशल (वाया-रांची) 11 जून से बोकारो स्टील सिटी आगमन 08:37 बजे प्रस्थान 08:42 बजे, मूरी आगमन 09:48 बजे प्रस्थान 09:50 बजे, रांची आगमन 11:30 बजे प्रस्थान 11:40 बजे, हटिया आगमन 11:55 बजे प्रस्थान 12:00 बजे एवं राउरकेला आगमन 14:30 बजे प्रस्थान 14:35 बजे होगा।

**रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन**

ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08639/08640 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी का 01 कोच, जनरेटर यान का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 05 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 04 कोच, वातानुकूलित 3-टियर का 01 कोच एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सह वातानुकूलित 2-टियर का 01 संयुक्त कोच कुल 13 कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 08639 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन 8 जून शनिवार को (केवल 01 ट्रिप), रांची से प्रस्थान करेगी। ट्रेन का रांची प्रस्थान 14:10 बजे, मूरी आगमन 15:20 बजे प्रस्थान 15:25 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 16:15 बजे प्रस्थान 16:20 बजे, गोमो आगमन 17:10 बजे प्रस्थान 17:15 बजे, कोडरमा आगमन 18:32 बजे प्रस्थान 18:34 बजे, गया आगमन 20:00 बजे प्रस्थान 20:20 बजे एवं पटना आगमन 23:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 08640 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन 9 जून रविवार को (केवल 01 ट्रिप), पटना से प्रस्थान करेगी। ट्रेन का पटना प्रस्थान 21:00 बजे, गया आगमन 22:55 बजे प्रस्थान 23:15 बजे, कोडरमा आगमन 00:35 बजे प्रस्थान 00:37 बजे, गोमो आगमन 01:40 बजे प्रस्थान 01:45 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:45 बजे प्रस्थान 02:50 बजे, मूरी आगमन 04:00 बजे प्रस्थान 04:05 बजे एवं रांची आगमन 05:30 बजे होगा।

**ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी**

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। जिसको लेकर ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 9 जून को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला-मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मूरी होकर चलेगी।

## खबर एक नजर में

### लैंड स्कैम केस के आरोपी की अग्रिम बेल पर अब 19 को सुनवायी

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर अब 19 जून को सुनवाई होगी। गुरुवार की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुये कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 19 जून की तारीख मुकर्रर की है। विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। दरअसल ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन दायर की है, जिसपर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है।

### पूजा सिंघल से जुड़े मामले में गवाही दर्ज

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले मे पीएमएलए कोर्ट मे गवाही दर्ज की। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 11 जून निर्धारित की है। ईडी ने मामले में अब तक 13 गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल एवं इंजीनियर शशि प्रकाश की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की गई। अगली सुनवाई की तारीख को भी दोनों की पेशी की जाएगी। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।

### एक्सट्रीम बार के संचालक को मिली बेल

**रांची।** चुटिया थानाक्षेत्र के एक्सट्रीम बार में हुये डीजे हत्याकांड मामले में एक अपडेट आया है। सिविल कोर्ट ने मामले में गिरफ्तार बार के संचालक विशाल, उदय सिंह, पंकज अग्रवाल और रवि कुमार को बेल प्रदान की है। घटना 26 मई को रात घटी थी। इसमें संदीप प्रमाणिक उर्फ डीजे सैंडी की मौत हो गई थी। इसके बाद 28 मई को पुलिस ने मारपीट के आरोप में बार के मालिक उदय शंकर सिंहए बार का लीज होल्डर विशाल सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। याचिका करता के अधिवक्ता समीर अखौरी ने बताया कि न्यायिक दंडाधिकारी शंभू महतो की अदालत में चारों की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर बहस की। बहस के बाद केस डायरी की मांग की गई। लेकिन केस डायरी में ऐसा कुछ नहीं इंगित था। जिससे कि आरोपी को जेल में रखा जाये। पुलिस ने पुख्ता सबूत नहीं दिया। इसके आधार पर अदालत में जमानत की सुविधा प्रदान कर दी।

### पंकज मिश्रा व प्रेम प्रकाश की दस तक बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन कर उससे प्राप्त 1250 करोड़ रुपए से अधिक अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा एवं प्रेम प्रकाश को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने दोनों की न्यायिक हिरासत अवधि 10 जून तक बढ़ा दी है। मामले में ईडी की ओर से गवाह पेश किया जा रहा है। लेकिन निर्धारित तारीख को गवाह नहीं आया। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 10 जून निर्धारित की है। ईडी ने अब तक मामले में 22 गवाहों को प्रस्तुत कर चुका है।

# 10 तक 16 जिलों में हीट वेव की चेतावनी, अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के कम से कम 16 जिलों में 10 जून तक लू चलेगी। रांची स्थित मौसम केंद्र ने गुरुवारर को हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कहा है कि शुक्रवार 7 जून से 10 जून के बीच झारखंड के अधिकतर जिलों में लू का प्रकोप देखा जाएगा। झारखंड के उत्तर-प/िमी, मध्य, दक्षिणी तथा उससे सटे उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जाएगी। हालांकि, इसी दिन दक्षिण एवं मध्य भागों में कुछ जगहों पर तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। मौसम केंद्र के प्रमुख के मुताबिक, 8 से 10 जून तक राज्य के उत्तर-प/िमी, मध्य, दक्षिणी और उससे सटे उत्तर-पूर्वी भागों में कुछ जगहों पर लू चलेगी। उत्तर-प/िमी हिस्से में 6 जिले आते हैं। दक्षिणी हिस्से में 4 और मध्य झारखंड में 6 जिले आते हैं। इस तरह 16 जिलों में 8 से 10 जून तक हीट वेव (उष्ण लहर या लू) चलने की संभावना है। 11 जून से राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्य एवं दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है।

**रांची में भी आज से बढ़ जायेगा तापमान :** मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, राजधानी रांची में भी 7 जून से लू चलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में वृद्धि होगी। हालांकि, 9 जून तक आंशिक बादल छाए रहेंगे, लेकिन तापमान में वृद्धि होगी, जिससे लू की स्थिति बनी रहेगी। अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है।

**इन जिलों में 10 तक लू चलेगी**

रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, प/िमी सिंहभूम, सिमडेगा,सरायकेला-खरसावां, पलामू, चतरा, गढ़वा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा

**आज इन जिलों में वज्रपात की संभावना**

पूर्वी सिंहभूम, प/िमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़

# किसी व्यक्ति के पद के खिलाफ आपराधिक मामलों में समन जारी नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मेसर्स स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (आरएमडी) की याचिका की सुनवाई के दौरान कहा है कि चूंकि पोस्ट न्यायिक व्यक्ति नहीं है, इसलिए आपराधिक मामलों में मुकदमा का सामना करने के लिए समन पोस्ट या पोजीशन के खिलाफ जारी नहीं किया जा सकता है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि सीजेएम, चाईबासा ने डीजीएम सेल, मेसर्स आरएमडी गुआ ओर माइंस के खिलाफ समन जारी करके अनुचित कार्य किया है। खासकर तब जब ऐसा पद निर्विवाद रूप से अस्तित्व में ही नहीं है। ऐसे में कथित आपराधिक कृत के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति का नाम लिए बिना संज्ञान लेना कानून में टिकाऊ नहीं है। खंडपीठ ने कहा कि डीजीएम सेल, मेसर्स आरएमडी गुआ ओर माइंस के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई जारी रखना उचित नहीं है। खंडपीठ ने प्रार्थी की याचिका को स्वीकृत करते हुए मामले से संबंधित सभी आपराधिक कार्यवाही सहित सीजेएम, चाईबासा द्वारा 23 दिसंबर 2020 के आदेश को रद्द कर दिया। दरअसल, मामले में डीजीएम सेल, मेसर्स आरएमडी गुआ ओर माइंस को मुख्य आरोपी बताते हुए कई आपराधिक धाराओं के लिए संज्ञान लिया गया था और समन जारी किया गया गया था।

प्रार्थी का कहना था कि गुआ ओर माइंस में 14 उप महाप्रबंधक (डीजीएम) है और गुआ ओर माइंस नाम की कोई कानूनी इकाई नहीं है। रॉ मैटेरियल डिवीजन के विघटन के बाद गुआ ओर माइंस अब बोकारो स्टील प्लांट, सेल के प्रशासनिक नियंत्रण में है। संज्ञान किसी व्यक्ति द्वारा किए गए किसी विशेष गलत कार्य को उल्लेखित किए बिना अस्पष्ट आरोप पर आधारित है।

# सीता को छोड़ अपने विस में भी इज्जत नहीं बचा पाये बागी

## झारखंड में बागी विधायकों को जनता ने नकारा, अब खतरे में राजनीतिक भविष्य

**सुधीर**

रांची। चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस और झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल होने वाली गीता-सीता को झारखंड की जनता ने नकार दिया है। भाजपा विधायक जेपी पटेल ने दलबदल कर कांग्रेस के सिंबल पर हजारीबाग से चुनाव लड़ा था। जनता ने उन्हें भी नकारा दिया है। सीता को छोड़ अन्य विधायक और पूर्व विधायक अपने विधानसभा में भी इज्जत नहीं बचा पाये। इस चुनाव में दिलचस्प नतीजा यह भी रहा कि झामुमो छोड़ चुनाव मैदान में ताल ठोंकनेवाले सभी विधायक और पूर्व विधायक की हार हो गयी। निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरकर राजनीतिक परिणाम को बदल देने की तमन्ना दिल में लिए झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम राजमहल से हों या लोहरदगा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे चमरा लिंडा हो। जनता ने एनडीए और इंडिया की सीधी लड़ाई में जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया। इसी तरह इस बार कोडरमा से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे झामुमो नेता और पूर्व विधायक जेपी वर्मा और कोलेबिरा के पूर्व विधायक रहे बसंत लौंगा को खूंटी लोकसभा की जनता ने पूरी तरह नकार दिया। अब सवाल यह है कि अपनी पार्टी से बगावत कर चुनाव मैदान में उतरे इन बागियों का राजनीतिक भविष्य क्या है? क्योंकि इनमें से ज्यादातर विधायक वैसे हैं जो अपनी ही विधानसभा में बढ़त नहीं बना पाये।

**बागी विधायकों और पूर्व विधायकों पर एक नजर**

**लोबिन हेम्ब्रम :** बोरियो विधानसभा सीट से झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने पार्टी से बगावत कर राजमहल सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन उनकी करारी हार हुई। राजमहल लोकसभा के बोरियो विधानसभा में ही लोबिन हेम्ब्रम बढ़त नहीं बना पाए। विधायक लोबिन हेम्ब्रम को बोरियो में महज 14133 मत मिले, जबकि झामुमो के विजय हांसदा ने 77537 मत पा लिए।



**जेपी वर्मा :** झामुमो से बगावत कर कोडरमा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे कोडरमा के पूर्व विधायक जेपी वर्मा को कोडरमा की जनता ने ही बुरी तरह नकार दिया। यहां विजयी भाजपा उम्मीदवार को जहां 159250 मत मिला तो जेपी वर्मा को महज 3225 मत पर ही संतोष करना पड़ा।

**गीता कोड़ा :** सिंहभूम लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद और जगरनाथपुर विधानसभा सीट से पूर्व में विधायक रही गीता कोड़ा के दल बदल कर भाजपा उम्मीदवार बन जाने को भी वहां की जनता ने स्वीकार नहीं किया। और तो और जगरनाथपुर विधानसभा सीट पर भी वह झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी को नहीं पछाड़ सकीं। जोबा ने जहां जगरनाथपुर में 70 हजार से अधिक वोट हासिल किया तो वहीं गीता कोड़ा को महज 49105 मत ही मिले।

**बसंत लौंगा:** खूंटी लोकसभा सीट से झामुमो से बगावत कर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे कोलेबिरा के पूर्व विधायक बसंत लौंगा को कोलेबिरा की जनता ने ही नकार दिया। यहां कांग्रेस के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को 80951 मत मिले तो बसंत लौंगा सिर्फ 1898 मत ही पा सके।

**चमरा लिंडा:** बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने बगावत कर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे। उन्हें उम्मीद थी कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की जनता उसे जीत का माला पहनाएगी। लेकिन अन्य विधानसभा क्षेत्र की बात छोड़िए बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में ही वह कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत से 64 हजार से अधिक मतों से पिछड़ गए। इंडिया (कांग्रेस) उम्मीदवार सुखदेव भगत को जहां बिशुनपुर में 77895 मत मिले तो चमरा लिंडा को महज 13276 मत मिला।

**जेपी पटेल :** मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल ने पार्टी से बगावत कर कांग्रेस के टिकट पर हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा। उन्हें अपनी जीत की उम्मीद भी थी। लेकिन जेपी पटेल की न सिर्फ हजारीबाग लोकसभा सीट से करारी हार हुई, बल्कि अपने मांडू विधानसभा सीट से भी जेपी पटेल बढ़त नहीं बना सके। भाजपा प्रत्याशी के रूप में मनीष जायसवाल को जहां 01 लाख 18 हजार से अधिक मत मिला तो जेपी पटेल को सिर्फ 86-87 हजार वोट पर ही संतोष करना पड़ा।

**सिर्फ सीता सोरेन रहीं अपवाद :** लोकसभा आम चुनाव के समय दलबदल करने वालों में सिर्फ सीता सोरेन अपवाद के रूप में ऐसी विधायक रहीं, जिन्होंने लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद अपनी विधानसभा सीट पर बढ़त कायम रखीं। जामा से विधायक सीता सोरेन ने लोकसभा चुनाव में भी 74932 मत पायीं, जबकि प्रतिद्वंद्वी नलिन सोरेन को 69246 मत ही मिले। इस तरह उन्होंने 5686 मतों से बढ़त लिया।


## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

**–:आम सूचना:–**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 देवकी नन्दनलाल
→ स्व0 यदुवीर प्रसाद
→ स्व0 अन्नत प्रसाद → यशवंत किशोर प्रसाद → नैनसी वर्मा, नूपर प्रसाद शेखर, अतुल लाल

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग।

PR 325310 District(24-25)D

# बड़ा पूजा : हजारों श्रद्धालुओं ने किया भोग ग्रहण







**रांची(खबर मन्त्र संवाददाता)।** जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट के तत्वावधान में मणिटोला हिनू स्थित काली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव के दूसरे दिन गुरूवार को सुबह में मां की पूजा-अर्चणा के बाद निरंतर भोग का वितरण किया गया। जिसमें हजारो श्रद्धालुओं ने भोग का प्रसाद ग्रहण किया। पूजा समिति के सचिव पवन पासवान ने बताया कि आज रात्रि 10 बजे तक मां के जागरण का आयोजन जय माता दी जागरण परिवार की ओर से किया गया है।

# अखंड सुहाग की कामना को ले कर महिलाओं ने की वट-सावित्री पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए गुरूवार को वट सावित्री की पूजा की। राजधानी में सुबह से पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं सजधज कर वट वृक्ष के नीचे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामना की, इसके साथ ही महिलाएं वट वृक्ष के नीचे बैठ कर सत्यवान और सावित्री की कथा को भी सुना। कथा सुनने के बाद भगवान की आरती कर उनका आशीर्वाद लिया और इसके बाद प्रसाद ग्रहण कर पारण किया। इस दौरान बरगद के पेड़ के चारों ओर घूमकर महिलाएं रक्षा सूत्र बांध कर पति की लंबी आयु के लिए आशीर्वाद मांगी।



# आधी रात को मारपीट के बाद फायरिंग, लोगों ने थाना पहुंच भी किया हंगामा, कई घायल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के कोतवाली इलाके के पुरानी रांची में बुधवार की देर रातं जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई, इस मारपीट में दोनों पक्षों ने फायरिंग भी की जिसमें एक युवक को गोली लग गई, जबकि कई लोग घायल हो गए।

**जमीन विवाद में हंगामा**

राजधानी रांची में अवैध हथियार के बल पर मारपीट करने का मामला कोई नाया नहीं है। ताजा मामला रांची के कोतवाली थाना इलाके का है, यहां बुधवार देर रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत हो गई, मामला इतना बढ़ा कि पहले दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और उसके बाद फायरिंग भी की गई। इस फायरिंग में आकाश नाम के युवक को गोली लग गई, जिसका इलाज रिम्स में चल रहा है।

**थाना पहुंचकर भीड़ ने किया हंगामा**

फायरिंग में घायल युवक को अस्पताल भेजने के बाद सड़क पर हंगामा कर रही भीड़ आधी रात को कोतवाली थाने पहुंच गई। भीड़ ने कोतवाली थाने में भी जमकर हंगामा किया, यहां तक कि भीड़ ने कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों से भी से धक्का-मुक्की करने में कोई कोताही नहीं बरती। किसी तरह पुलिस ने मामले को शांत कराया।



**आदिवासी संगठन के लोगों गुरुवार को भी किया थाने का घेराव :** पुरानी रांची में बुधवार की रात हुए गोलीकांड के विरोध में विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोगों ने गुरुवार को भी कोतवाली थाना का घेराव किया।

इस दौरान आदिवासी संगठनों ने गोली चलाने वाले जमीन दलाल को जल्द से गिरफ्तार करने की मांग की। थाना घेरने आये लोगों ने कोतवाली थाना हाय-हाय, पैसा लेकर निर्दोष को गिरफ्तार करना बंद करो के नारा लगाये। आदिवासी संगठनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर रांची बंद करने की भी चेतावनी दी।

## 12 घंटे बीत गये लेकिन भू-माफिया की नहीं हुई गिरफ्तारी

सामाजिक कार्यकर्ता आकाश बेग ने कहा कि जमीन दलाल माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। वे खुलेआम आदिवासी समाज के लोगों पर गोली चला रहे हैं। गोलीकांड के करीब 12 घंटे हो गये हैं, लेकिन आरोपी की अबतक गिरफ्तारी नहीं हुई है। कहा कि जिस जमीन को लेकर गोलीबारी हुई है, वह डाली कतारी नेचर का है।

इसलिए इस जमीन खरीद बिक्री नहीं हो सकती है। लेकिन जमीन कारोबारी कानून ताक पर रखकर धार्मिक जमीन को खरीदने और बेचने का काम कर रहे हैं। आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि 12 घंटा से ज्यादा हो गया है। लेकिन अभी तक भू-माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो रांची बंद करेंगे।

**पुलिस कर रही है कार्रवाई**

इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि आपसी विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट हुई है, इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित आवेदन दिया गया है, जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। इधर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही है।

**क्या है मामला :** स्थानीय लोगों ने बताया कि मारपीट और गोलीबारी की घटना गगन और आकाश गुट के बीच हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों अलग-अलग बिल्डर के लिए जमीन पर कब्जा करने का काम करते हैं। गगन ने एक बिल्डर के लिए बाउंड्रीवाल बनवाई थी जिसे दूसरे पक्ष ने देर रात तोड़ दिया, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया और फिर मारपीट और गोलीबारी भी हुई। इलाके में अभी भी स्थिति तनावपूर्ण है, एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

### डीजीपी अजय कुमार सिंह का निर्देश

# बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थ बरामद होने पर डीआइजी का जाना अनिवार्य




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने नशा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने निर्देश देते हुए कहा है कि जिस जिले में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थ की बरामदगी होगी, उस स्थान पर रेंज के डीआईजी को जाना अनिवार्य है। डीजीपी ने चतरा और खूंटी जिले में हो रहे नशीले पदार्थ के उत्पादन को लेकर नाराजगी जतायी। साथ ही दोनों जिले के एसपी को इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीजीपी ने कहा कि जहां पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया था, उसी स्थान पर फिर से अफीम की खेती हो रही है, इस पर भी कार्रवाई सुनिि्त की जाये।

**नशीले पदार्थो के उत्पादन को लेकर सवालों के घेरे में रहा है झारखंड :** अफीम समेत अन्य नशीले पदार्थों के उत्पादन को लेकर झारखंड हमेशा सवालों के घेरे में रहा है। इसके उत्पादन और उपभोग में वृद्धि देखी गयी है। कई बार तो हाइकोर्ट ने भी संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है। झारखंड पुलिस के मुताबिक, बीते पांच सालों में करीब 2024 केस दर्ज किये गये हैं।

अफीम उत्पादन और उपभोग के सबसे ज्यादा केस चतरा, पलामू, लातेहार और रांची में दर्ज किये गये हैं। जबकि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के जरिये उक्त कांडों में करीब 4949 लोगों की गिरफ्तार की गयी है। इस समस्या के समाधान के लिए दीर्घकालीन योजना तैयार की गयी है।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग के रोकथाम को लेकर बैठक में डीसी ने कहा

# नशा से युवाओं को बचाना है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के रोकथाम को लेकर समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा से बचाना है। नशा से युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। नशा युवाओं में कैंसर की तरह फैल रहा है। इसके लिए उन्हें इसके गंभीर दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। इसके लिए लगातार अभियान चलाने की आवश्यकता है। इस अभियान में सबकी सहभागिता से ही इसे दूर किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य सरकार से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार रांची जिले के सभी सरकारी/गैर सरकारी स्कूल/कॉलेजों में मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। इस बैठक में वरीय पुलिस



अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, उप समाहर्ता जिला सामान्य शाखा स्मृति कुमारी, सचिव डालसा रांची कमलेश बेहरा, एडीपीओ रांची कौशल किशोर एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों यथा तम्बाकू युक्त गुटका इत्यादि की बिक्री प्रतिष्ठानों में की जाती है, जिससे संस्थान में पढ़ने वाले बच्चों पर विपरीत प्रभाव पडता है। इसकी रोकथाम के लिए जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के परिधि में धारा-144 लगाने का सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया। प्रत्येक तीन महीने में डीटी-सीसीसी (डिस्ट्रिक टोबैको कंट्रोल कोर्डिनेशन कमेटि) की बैठक करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया। जिला स्तर पर कारखाना निरीक्षक को मादक पदार्थ के उत्पादन की रोकथाम को लेकर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। एनडीपीएस की धारा-50 के तहत जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त रांची द्वारा संबंधित अधिकारी को यह निर्देश दिया गया कि मादक द्रव्यों की जब्ती के उपरान्त इनके रख-रखाव के लिए पर्याप्त स्थान / भवन उपलब्ध कराया जाये। सुदूरवर्ती क्षेत्र में ओपियम की खेती विनष्ट करने में कठिनाई होती है। इसके लिए घास काटने वाली मशीन की आवश्यकता पूरी करने को लेकर सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया। उपायुक्त रांची ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ओपीएम की खेती वन-भूमि अथवा गैरमजरूआ भूमि पर की जाती है। इसकी रोकथाम के लिए वन विभाग द्वारा नियमित रूप से अपनी भूमि की निगरानी की जानी आवश्यक है । जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों को मादक द्रव्यों से संबंधित समीक्षा बैठक नियमित रूप से करने का निर्देश। उपायुक्त रांची द्वारा सभी कोटि के उच्च विद्यालयों में मादक द्रव्यों की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम यथा नुक्कड़ नाटक / प्रभात फेरी / होडिंग्स / बैनर पोस्टर / माइकिंग आदि करने का निदेश दिया गया।

# रिटायर्ड प्रोफेसर का करीबी बनकर बैंक खाते से उड़ा लिए 20.21 लाख

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिटायर्ड प्रोफेसर का करीबी बनकर उनके खाते से 20.21 लाख रूपया का निकासी कर लिया गया। इसे लेकर रोहित सिन्हा नाम के व्यक्ति ने जगन्नाथपुर थाना में शिकायत दर्ज करवाया है.। दर्ज कराए गए शिकायत में कहा गया है कि मेरी बुआ भारती सिन्हा हेसाग में रहती है। घर में गिर जाने से उनका दायां पैर टूट गया है और शारीरिक रूप से बहुत कमजोर है। मेरी बुआ भारती सिन्हा की नजर कमजोर है और वह कान से भी कम सुनती हैं। जिस कारण बैंक, बाजार, डॉक्टर, निर्मला कॉलेज या फिर अन्य काम से आने जाने के लिए एक ऑटो चालक सुनील साहू का सहयोग लेती थी। सुनील साहू हटिया स्टेशन रोड में रहता है। लगातार मेरी बुआजी के संपर्क में रहने के कारण बुआजी सुनील साहू पर पूरा भरोसा करती थी।

एसबीआई के डोरंडा शाखा में मेरी बुआ का खाता है। अलग-अलग दिनों में सुनील साहू ने मेरी बुआ



के घर पर बैठ कर उनके ही मोबाइल नंबर से 20.21 लाख रूपया दूसरे खाता में ट्रांसफर कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सुनील साहू और उसके एक अन्य सहयोगी को पकड़ा है।

## बीसीए की पढ़ाई अब संत जेवियर्स कॉलेज रांची में भी

**रांची।** एआईसीटीई द्वारा सत्र 2024-25 से संत जेवियर्स कॉलेज राँची को बैचलर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) पाठ्यक्रम के लिए मान्यता मिल गई है। मौजूदा सभी गैर तकनीकी संस्थानों को बीबीए, बीसीए व बीएमएस स्नातक पाठ्यक्रम के लिए एआईसीटीई द्वारा मान्यता लेनी है उसी के तहत कॉलेज को भी बीसीए व बीबीए कोर्स के लिए मान्यता मिली है। इसी सत्र से तीन वर्षीय वोकेशनल (स्वपोषित) बीसीए पाठ्यक्रम के लिए 100 सीटों पर तो वहीं बीबीए कोर्स के लिए 180 सीटों पर विद्यार्थी नामांकन ले सकेंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एस.जे ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए नामांकन अहर्ता, फीस व अन्य सम्बन्धित जानकारियां कॉलेज के वेबसाइट पर जल्द ही उपलब्ध करा दी जायेगी। बताते चलें कि कंप्यूटर सम्बंधित स्नातक के दो पाठ्यक्रम बीएससी इन कंप्यूटर एप्लीकेशन और बीएससी इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी पहले से ही कॉलेज में चल रहे हैं।

## संजय सेठ को विदायी देने एयरपोर्ट पहुंचे कार्यकर्ता

**रांची।** दूसरी बार निर्वाचित होने पर दिल्ली जाने के क्रम में रांची एयरपोर्ट पर भाजपा रांची महानगर के तत्वावधान में संजय सेठ को स्वागत किया गया।इस अवसर पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू के अलावा बलराम सिंह, राजू सिंह, संजय जयसवाल, ललित ओझा, अनीता वर्मा, सुबेश पांडे, ओम प्रकाश पांडे, हरेंद्र सिंह, इंद्रजीत यादव, पप्पू जायसवाल, रवि कुमार, विकास रवि, सुजीत शर्मा, छात्रधारी महतो निलेश सिंह, पिंकी सिंह आदि उपस्थित थे।

# यशस्विनी सहाय ने रांची की जनता के प्रति आभार जताया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट की सांसद प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने चुनाव संपन्न हो जाने के बाद रांची की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में जनता ने मुझे जो अपार स्नेह और प्यार दिया उसके लिए मैं उनकी आभारी हूं और विश्वास दिलाती हूं कि यहां की जनता के साथ मै सदैव खड़ी रहूंगी। यशस्विनी सहाय गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रही थी। यशस्विनी सहाय ने लोकसभा के निर्वाचित प्रतिनिधि संजय सेठ को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन्हें दोबारा मौका दिया है, उम्मीद है जनता के मुद्दों पर वह खरे उतरेंगे। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी सहित इंडिया गठबंधन दल के तमाम सहयोगियों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश,जिला, प्रखंड स्तर के सभी कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता सहित मीडिया के साथीगण धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने चुनाव में भरपूर साथ दिया और समय-समय पर मार्गदर्शन करते रहे। हमारे पास सिर्फ 25 दिनों का समय था और इतने कम समय में जितना कर पायी किया। काफी लोगों तक मैं नहीं पहुंच पाई जिसका मुझे अफसोस है लेकिन जहां मैं नहीं पहुंच सकी वहां जरूर जाऊंगी। रांची सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में महिला अधिकार और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही थी और सामाजिक रूप से लोगों से जुड़ी रहती थी। यह चुनाव व्यक्तिगत रूप से मेरा पहला राजनीतिक अनुभव था। सुश्री सहाय ने कहा कि चुनाव में जो मुद्दे हमने उठाए थे वह जारी रहेंगे।

# शहरों को कंक्रीट का जंगल न बनने दें : सचिव

### झारखंड के नगर निकायों में पर्यावरण पखवाड़ा शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के शहरों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पर्यावरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रदेश के सभी नगर निकायों को निर्देश दिया गया है कि वो इन 15 दिनों (6 जून से 22 जून के बीच) में हर नागरिक को पर्यावरण को लेकर जागरुक करें। इस पर्यावरण पखवाड़ा के शुरू होने से एक दिन पूर्व इसे लेकर नगर विकास विभाग की ओर से एक राज्य स्तरीय कार्यशाला भी आयोजित की गयी, जिसमें सभी नगर निकाय पदाधिकारी ऑनलाईन और ऑफलाईन मोड में जुड़े रहे। इस मौके पर वन संरक्षण,जल संरक्षण और मिप्ती संरक्षण के विशेषज्ञों नें अपनी अपनी राय रखी। राज्य



सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने नगर विकास एवं आवास विभाग, नगर निकायों, जुडको, रांची स्मार्ट सिटी और जीआरडीए के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरों को कंक्रिट का जंगल न बननें दें। इसके साथ ही यह ध्यान रहे कि किसी भी परियोजना के चयन और क्रियान्वयन से पहले उस योजना में पौधारोपण को विशेष तवज्जो दिया जाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पर्यावरण पखवाड़ा के पहले सप्ताह में अपने अपने नगर निकायों में स्थल का चयन करें और पौधारोपण के लिए गड्ढे की खुदाई कराएं। दूसरे सप्ताह में इन जगहों पर ड्राइव चलाकर पौधारोपण और उसके बाद उसका संरक्षण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि आप विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहरी नागरिकों के बीच वन संरक्षण, जल संरक्षण और मिप्ती के संरक्षण की जानकारी और उसका फायदा बताएं। उन्होंने कहा कि इससे हमारी पृथ्वी हरी भरी व स्वस्थ होगी।

**सरकारी विद्यालयों के बच्चों को सिखाया गया योग :** रांची में पखवाडा के पहले दिन अर्थात 6 जून को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में नगर विकास एवं आवास विभाग की पहल पर ईशा फाउंडेशन की ओर से सरकारी विद्?ालयों के बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। इसके साथ हीं ईशा फाउंडेशन की ओर से हर प्रकार के योग के फायदे और उनका सही तरीका बताया गया। यह कार्यक्रम अगले दो दिनों तक जारी रहेगा। योगाभ्यास के बाद बच्चों के बीच पौधा वितरण किया गया और उन्हें प्रकृति के संरक्षण को लेकर जागरुक किया गया। बच्चों से आग्रह किया गया कि वो इन पौधों को लेकर अपनें घर या आसपास के सुरक्षीत स्थान पर लगाएं और उसकी देखभाल करें। बच्चों नें भी व्यायाम, योगाभ्यास और पौधारोपण को लेकर उत्सुकता दिखायी। कार्यक्रम के तीसरे दिन बच्चों से भी स्मार्ट सिटी एरिया में पौधारोपण कराया जाएगा।

**मिनी मैराथन का भी होगा आयोजन :** रांची स्मार्ट सिटी परिसर में नगर विकास एवं आवास विभाग के कर्मियों के बीच इस पखवाड़े के अंतिम दिन 22 जून 2024 को एक मिनी मैराथन का आयोजन होगा जो शहरों में हरियाली को प्रोत्साहित करनें पर आधारित होगा। इस मैराथन के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश होगी की हम प्रकृति को संरक्षित कर के ही खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। इस कार्यक्रम में केवल नगर विकास एवं आवास विभाग के हीं कर्मी प्रतिभागी होंगे।

## विभिन्न शहरों में शुरू हुआ जागरुकता अभियान

राज्य में पर्यावरण पखवाड़ा के शुरू होते हीं विभिन्न नगर निकायों में पौधारोपण,जल संरक्षण इत्यादि को लेकर जन जागरुकता अभियान शुरू हो गए हैं। कई शहरों में पौधारोपण से लेकर हरियाली बढ़ानें संबंधी कार्यक्करम चलाए जा रहे हैं। विभिन्न शहरों नें अपनें कार्यक्रमों की तस्वीर राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के साथ शेयर किया है। समारोह के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, ईसा फाउंडेशन की ओर से जैक्री व अन्य, सूडा के उप निदेशक सूरज उरांव, रांची स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंदकुलियार ,सूडा से सुजीत भारती,रांची स्मार्ट सिटी के पीआरओ अमित कुमार,प्रबंधक उत्कर्ष कुमार,सूडा से नासीर, विवेक,विजय बेहरा व अन्य ने भी बच्चों के साथ योगाभ्यास कर उनका हौसला आफजायी किया।

# 11 और नक्सलियों पर इनाम घोषित, संख्या बढ़कर हुई 188

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस ने 11 और नक्सलियों पर इनाम घोषित किया है। इसके बाद झारखंड में अब इनामी नक्सलियों की संख्या बढ़कर 188 हो गयी। राज्य में जो इनामी नक्सली हैं, उसमें सेंट्रल कमेटी मेंबर व पोलित ब्यूरो मेंबर में एक करोड़ के चार , स्टेट एरिया कमेटी के 25 लाख के आठ, रीजनल कमेटी मेंटर के 15 लाख के 13, जोनल कमेटी मेंबर के 10 लाख के 14, सब जोनल कमेटी मेंबर के 5 लाख के 17, एरिया कमेटी मेंबर में दो लाख के 11 और साधारण सदस्यों में एक लाख के 21 नक्सली हैं। इसमें सीपीआई माओवादी, पीएफआई, जेजेएमपी और टीपीसी के उग्रवादी शामिल हैं।

## इन नक्सलियों पर इनाम घोषित किया गया

**कुंदन खेरवार** : 10 लाख , सलमान उर्फ लोकेश : 10 लाख , रवि गंझू : 10 लाख, पकांडे होनहाना : 05 लाख, मनीष यादव : 05 लाख, शिवराज सिंह : 05 लाख, शिव सिंह : 05 लाख ,अनिल तूरी : 05 लाख, जितेंद्र सिंह : 02 लाख ,राजू भुइयां : 02 लाख बाबूलालजी : 01 लाख शामिल है।

**नक्सलियों के साये से मुक्त रहा लोकसभा चुनाव :** झारखंड में पहली बार सभी 14 सीटों पर नक्सली हिंसा के बिना मतदान संपन्न हुआ। राज्य में 3479 बूथ नक्सल प्रभावित थे, जबकि 9460 संवेदनशील श्रेणी के थे। लेकिन कहीं से भी किसी तरह की हिंसा नहीं हुई। झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद यह पहला अवसर है, जब जवान फ्रंटफुट पर अभियान चला रहे हैं और नक्सली बैकफुट पर हैं। एक तरफ सुरक्षाबलों ने पिछले 17 महीने के दौरान 16 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। वहीं 142 बड़े नक्सलियों को भी गिरफ्तार भी किया। साथ ही पुलिस की दबिश से परेशान होकर 52 नक्सलियों ने आत्मसमपर्ण किया। सुरक्षाबलों की तैयारी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि अब झारखंड में नक्सली खत्म होने के कगार पर हैं।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारे जा रहे ग्रामीण


सुरक्षाबलों की ओर से नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान नक्सलियों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस कार्रवाई से परेशान भाकपा माओवादी के नक्सली ग्रामीणों की हत्या कर रहे हैं। पिछले 16 महीने में नक्सलियों ने 20 ग्रामीणों की हत्या की है। साथ ही इस मुठभेड़ में सात पुलिस बल के जवान भी शहीद हुए हैं। इसके अलावा 36 मुठभेड़ की घटना हुई है।



खबर एक नजर में


## ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर खाटूनरेश श्री श्याम बाबा का महास्नान कराया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरूवार को ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर खाटूनरेश श्री श्याम बाबा का महास्नान कराया गया । खाटूधाम की परंपरा के अनुसार हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सुबह 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद तीनों मंड के पर्दा लगाकर विधि विधान से मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में बाबा श्याम का ज्येष्ठ अमावस्या महास्नान संपन्न कराया गया। बाबा श्याम को दूध दही शहद गंगाजल गुलाब जल के मिश्रण से स्नान कराकर बाबा श्याम को सांवले रूप में सजाया गया। कोलकाता से मंगाए गए गुलाब तुलसीदल लाल गेंदा जूही के मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम को सजाकर गुलाब के रूह से मसाज कराया गया । तत्पश्चात पंचमेवा भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरित किया गया। श्रृंगार आरती होने के पश्चात पंचामृत के महा प्रसाद को भक्तों के बीच वितरित किया गया। संध्या 4:30 बजे पुनः पट खुलते ही भक्तों का ताता श्री श्याम मंदिर में लग रहा। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू इत्यादि उपस्थित थे।

## हमे ज्ञान फैलाना है और नशे को दूर भगाना है: डॉ टीके शांडिल्य



### नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के नए प्रशासनिक भवन में स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। एसजेएमसी के फिल्म मेकिंग के विद्यार्थियों ने संजय लाल के दिशा निर्देशन में ड्रग एडिक्शन विषय पर काफी सारगर्भित तरीके से नशाबंदी पर एक सार्थक संदेश देने का प्रयास किया। इसके माध्यम से उन्होंने यह बताया कि नशा न सिर्फ स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारिक है बल्कि ऐसा कर व्यक्ति परिवार, समाज और राष्ट्र को भी पतन की ओर ढकेलता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों के नुक्कड़ नाटक के प्रदर्शन को सराहते हुए कहा कि गत दिनों झारखंड सरकार द्वारा आयोजित नशा मुक्ति अभियान से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण आधिकारिक बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि प्रत्येक शिक्षण संस्थान अपने विभिन्न संचार माध्यमों से नशा मुक्ति के खिलाफ नियमित अंतराल पर अभियान चलाएं। आज का यह नुक्कड़ नाटक उसी श्रृंखला की शुरूआत है।

## बालाजी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ अमावस्या तिथि पर अनुष्ठान

**रांची।** ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या गुरुवार को तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रातः परात्पर ब्रश परमात्मा श्रीश्रीनिवास समेत श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमि देवी और आयुधवार चक्रराज सुदर्शन जी का महाभिषेक हुआ। उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगा जल और डाभयुक्त जल से सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंखधारा और चक्रधारा के उपचार पूर्वक महाभिषेक हुआ।

## श्री शनि मंदिर मे पूजा का आयोजन

**रांची।** श्री शनि मंदिर थड़पकना में गुरूवार को पूजन का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के महामंत्री रवींद्र वर्मा ने बताया कि श्री शनि मंदिर में पूजन प्रातः 6:30 से शुरू होकर प्रातः 8:00 बजे तक चला। जिसके बाद भक्तों के द्वारा लगातार विधिवत पूजन किया गया। भंडारा संध्या 4:00 बजे आयोजित किया गया। जिसमें हजारो की संख्या में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्या 5:00 बजे से श्री सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

## हिंदी की लोकप्रियता के लिए विभागीय कवि सम्मेलन का आयोजन हो : निलेन्दु

### सीसीएल मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी की लोकप्रियता को लेकर विभागीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही हिन्दी में कार्य करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी विभागों की जिम्मेदारी दी। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, बल्कि हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने आगे कहा कि आपसी सहयोग एवं समन्वय से हमें कदम बढ़ाना होगा तभी हम राजभाषा के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। महाप्रबंधक (का./राजभाषा) श्री संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया। बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन, कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन योजना तथा हिंदी पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के चल शील्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया। उपक्रम स्तरीय प्रतियोगिताओं में सीसीएल का प्रतिनिधित्व करने वाले विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## डीएवी बारियातू के विद्यार्थियों का नीट में बेहतर प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल बारियातू के विद्यार्थियों ने नीट 2024 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। आठ विद्यार्थियों को नब्बे परसेंटाइल से ज्यादा अंक प्राप्त हुए हैं। अच्छत प्रसाद को 99.45, साक्षी श्री को 96.27, इभा रानी को 96.26, किंशुक सौम्या को 95.57, सिद्धार्थ शंकर को 93.47 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए हैं। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल ग्यारह विद्यार्थियों ने नीट 2024 में सफलता अर्जित की है। प्राचार्य डॉ. तापष घोष ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी एवं आशातीत काउंसलिंग की शुभकामनाएं दीं।

## सीआटी के सीई के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर की एनपीटीईएल परीक्षा में परचम लहराया

### एनपीटीईएल स्टार्स की मिली उपाधि, बैकलॉरियट फेलोशिप भी मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनिरिंग के छात्र राज रोशन पांडेय ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एनपीटीईएल ऑनलाइन कोर्सेज की परीक्षा में अपना परचम लहराया है। परीक्षा में छात्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एनपीटीईएल द्वारा इन्हें एनपीटीईएल स्टार्स की उपाधि से नवाजा गया है। मालूम हो की नेशनल प्रोग्राम फॉर टेक्नोलॉजी इन्हेंस्ड लर्निंग (एनपीटीईएल) ऑनलाइन कोर्सेज भारत सरकार के एमएचआरडी द्वारा वित्त पोषित है और देश की प्रतिष्ठित आईआईटीज,आईआईएससी, एनआईटी, आईआईएम आदि उच्च केंद्रीय संस्थानों के संयुक्त उद्यम द्वारा संचालित किया जाता है। सीआईटी के एनपीटीईएल सेंटर प्रमुख प्रो. अरशद उस्मानी ने बताया की छात्र राज रोशन पांडेय ने एनपीटीईएल के जनवरी से अप्रैल माह में आयोजित ऑनलाइन सेशन में कोर्स किया था। इसके बाद आयोजित परीक्षा में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इसके लिए छात्र को एनपीटीईएल स्टार्स की उपाधि से नावाजा गया है। वहीं, बैकलॉरियट फेलोशिप भी प्रदान किया गया है। इसके तहत वे देश की किसी भी आइआईटी संस्थान में एक साल तक अध्यन कर सकते हैं।

**आईआईटी कानपुर से इंटर्नशिप करने का ऑफर :** छात्र को आईआईटी कानपुर से इंटर्नशिप करने का ऑफर भी मिला है। बता दें कि छात्र ने छह विषयों की पढ़ाई की थी, जिसमें से दो विषयों डेवलोपमेन्ट एंड एप्लीकेशन ऑफ स्पेशल कंक्रीट और कंक्रीट टेक्नोलॉजी विषय में देश भर में टॉप रैंक हासिल किया है। संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन व सिविल विभागध्यक्ष डॉ डीके सिंह ने छात्र को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## श्री गुरू अर्जन देव जी महाराज की शहादत को समर्पित पाठ का समापन



**रांची।** श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज की पावन शहादत को समर्पित स्त्री सतसंग सभा की ओर से शुरू किए गए पाठ का समापन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मेन रोड़ में गुरूवार को किया गया। सभा की ओर से सोनिया कौर, दिलराज कौर, हरप्रीत कौर ने शब्द गायन किया। हजूरी रागी जत्था भाई भरपूर सिंह की ओर से गुरु की बानी झिम झिम वरसे अमृत धारा मन पीवे गुर शब्द विचारा, तेरा किया मीठा लागे हर नाम पदार्थ नानक मांगे का गायन कर संगत को मन्त्रमुग्ध किया। गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी विक्रम सिंह और प्रो. हरमीन्दर बीर सिंह एवं बीबी सिमरन कौर की ओर से गुरु की जीवनी एवं शहादत के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सरदारनी खेम कौर ने किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी,स्त्री सत्संग सभा की अध्यक्ष सुरिंदर कौर, खेम कौर ,संधिया मेहता, परमजीत कौर, बलबीर कौर, जातिन्दर कौर, अमरजीत कौर, सरबजीत कौर आदि उपस्थित थे।

## ट्रैफिक जवानों को मिले गॉगल्स, धूप और धूल से सुरक्षित होकर करेंगे ट्रैफिक कंट्रोल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में सूरज की तपिश के कारण ट्रैफिक पुलिस को हो रही परेशानी को देखते हुए धूप से बचाने के लिए नए गॉगल्स उपलब्ध कराए गए हैं, रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा और ट्रैफिक एसपी की मौजूदगी में सभी कर्मियों को धूप से बचाने के लिए गॉगल्स उपलब्ध कराए गए। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि कर्मियों को पहले जो गॉगल्स मिले थे, वे पुराने हो गए थे, इसलिए उनके लिए नए चश्मे मंगवाए गए थे।

**पानी की बोतलें और ओआरएस भी दिए गए :** ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को गॉगल्स के अलावा पानी की बोतलें भी बांटी गई, ताकि वे हर समय अपने साथ पानी रख सकें। पानी की बोतलों के साथ ही कर्मियों को धूप से बचने के लिए कुछ जरूरी दवाइयां और ओआरएस के पैकेट भी दिए गए हैं, ताकि जब भी वे ड्यूटी से फ्री हों, तो ओआरएस का घोल पी सकें।

**जवान स्वस्थ रहेंगे तभी होगा ट्रैफिक कंट्रोल :** रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी भी मौके पर मौजूद थीं। उन्होंने भी कर्मियों को कई गॉगल्स, दवाइयां और पानी की बोतलें दीं। रांची एसएसपी ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था तभी बेहतर होगी, जब कर्मी स्वस्थ रहेंगे।

## केनरा बैंक करेंसी चेस्ट रांची ने लगाया सिक्का मेला



**रांची।** केनरा बैंक करेंसी चेस्ट रांची के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार की ओर से गुरूवार को सिक्का मेला का आयोजन किया गया। सिक्का मेला एसएन गांगुली रोड स्थित केनरा बैंक रांची मेन शाखा के समीप किया गया। इस मेला में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने इसका लाभ उठाया। दीपक कुमार ने बताया कि केनरा बैंक की ओर से आयोजित सिक्का मेला ग्राहकों की जरूरत को देखते हुए लगाया गया है। बैंक की ओर से भविष्य में भी सिक्का मेला लगाया जाएगा। मौके पर भारतीय रिजर्व के प्रबंधक पंकज कुमार, सहायक प्रबंधक अन्नू कुमार राय, केनरा बैंक मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक अभिषेक कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड आज भी भूख भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं हो पाया : मुफ्ती अब्दुल्लाह

### भारत हिंदू राष्ट्र बन भी जाये तो लोकतंत्र में कोई कयामत नहीं आयेगी : हाजी जिलानी





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड नवनिर्माण मोर्चा की बैठक गुरूवार को लोअर बाजार फूल बागान के केंद्रीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने किया। अपने अध्यक्ष भाषण में उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का 24 साल पूरा हो गया। लेकिन झारखंड का सपना अभी अधूरा है। झारखंडियों ने जो सपना देखा था उसको कुचलना के लिए सभी पॉलिटिकल पार्टियों ने कोई कसर नहीं छोड़ा। झारखंड आज भी भूख भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं हो पाया। जल जंगल जमीन का अपने-अपने तौर पर सभी पॉलिटिकल पार्टियों ने सौदा किया। अब तो झारखंड का अस्मिता ही खतरे में है। वही हाजी फिरोज जिलानी ने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि सरकार लोकतंत्र से चलें। धर्मनिरपेक्ष हमारा भारत है। भारत हिंदू राष्ट्र बन भी जाए तो लोकतंत्र में कोई कयामत नहीं आएगी, 370 हट गया कयामत नहीं आया। जनता जानती है कि मंदिर, मस्जिद, लव जिहाद से देश नहीं चलेगा।

## 6 अपराधी जिला बदर ,6 को थाने में हाजिरी लगाने का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के 06 अपराधियों को जिला बदर और 06 अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया गया है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

### इन्हें किया गया जिला बदर

1. अरविंद कुमार
2. सूरज करमाली
3. शाहनवाज अली उर्फ कांजा गद्दी
4. मोजिब अली
5. लव कुश शर्मा उर्फ अभिषेक प्रियदर्शी
6. अफसर अंसारी

### इन्हें लगाना है थाने में हाजिरी

सद्दाम अंसारी, बाबूलाल महतो, मोबिन अंसारी, फैयाज अंसारी, बबलू करमाली, इम्तियाज अंसारी

## चुनाव परिणाम राष्ट्रीय एवं लोकहित में है : बबच चौबे

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** लोकसभा का चुनाव परिणाम राष्ट्रीय एवं लोकहित में है।

ये बातें राष्ट्रीय जयहिन्द पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष बबन चौबे ने गुरूवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इस परिणाम से निरंकुश शासन पर अंकुश लगेंगा। उन्होंने कहा कि मात्र 239 सीटों पर भाजपा सिमट कर रह गई। भाजपा के लिए यह अत्यन्त ही लज्जा जनक स्थिति है। साथ ही उन्होंने एनडीए की सरकार से मांग की है कि बदले की भावना से ऊपर उठ कर काम करें। जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

## डीसी से मिला शिक्षकों का डेलिगेशन, बैठक की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने रांची जिले में ग्रेड 7 प्रोन्नति को लेकर डीसी राहुल सिन्हा से मिला। इस दौरान डीएसई के स्तर प्रोन्नति में की जा रही गड़बड़ी को प्रकाश में लाया गया। लंबी बातचीत के बाद संघ के द्वारा यह प्रस्ताव दिया गया कि डीसी की अध्यक्षता में एक बैठक हो। उसमें डीएसई और डीईओ भी रहें। डीसी ने संघ की बातों को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर डीसी से मांग की गयी कि बैठक तक ग्रेड 7 की पोस्टिंग न की जाये। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, रांची जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा, कल्लू तिर्की ,सुनील पांडे हीराकांत झा, कृष्णा कुमार झा, शैलेश कुमार सिंह, योगेंद्र द्विवेदी, मो. खलील अंसारी , दयानंद तिवारी, राजकिशोर मिश्र, रंजीत कुमार आदि दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## बायोम इंस्टीट्यूट ने नीट यूजी 2024 के टॉपरों संग निकाली सक्सेस रैली

### झारखंड थर्ड टॉपर हलीमा, आयुष समेत अन्य को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सफल विद्यार्थियों ने शिक्षकों को दिया सफलता का श्रेय** : नीट यूजी में सफल रही छात्रा हलीमा महजबीन ने अपनी सफला का श्रेय संस्थान के बेहर शैक्षणिक माहौल को दिया है। हलीमा ने कहा कि बायोम के शिक्षक डाउट क्लियर कराने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन उपलब्ध रहते है। शिक्षकों से संपर्क करना आसान है, इससे विषय संबंधी हर छोटी समस्या का हल मिला। इसके साथ ही संस्था के स्टडी मटेरियल और ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज से तैयारी पूरी करने में मदद मिली।

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट रांची ने गुरुवार को नीट यूजी 2024 के टॉपर विद्यार्थियों संग सक्सेस रैली निकाली। टॉपर छात्र-छात्राओं को ओपेन जीप में लेकर रैली इंस्टीट्यूट कैंपस न्यू नगड़ा टोली से लेकर महेंद्र प्रसाद कॉलेज से होते हुए वापस बायोम कैंपस पहुंची। दूसरी रैली हिनू कैंपस से होते हुए इंद्रा कॉलोनी, हिनू चौक तक निकाली गयी। सक्सेस रैली में टॉपर विद्यार्थियों के साथ-साथ इंस्टीट्यूट में अध्ययनरत अन्य विद्यार्थी भी शामिल हुए। बैंड-बाजे के साथ विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया गया। सक्सेस रैली के बाद संस्था में झारखंड थर्ड टॉपर व संस्था के टॉप रैंकर विद्यार्थियों के बीच सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने नीट यूजी -24 की झारखंड थर्ड टॉपर छात्रा हलीमा महजबीन को सम्मानित किया। इसके अलावा सफल छात्र-छात्राओं में शामिल आयुष कुमार, गुलाम दस्तगीर, हिमांशु कुमार मेहता, अनिल कुमार महतो , प्रियांशु भारती, कौशवी राज, कुंदन कुमार, प्रेम कुमार, विशाल मंडल, लव कुमार साहा, अक्षिता आनंद, अरिबा तस्नीन, फैसल शमशाद, आदित्य राज, अलिशा श्रीवास्तव समेत अन्य सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। निदेशक पंकज सिंह ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजित नीट यूजी 2024 प्रवेश परीक्षा में बायोम इंस्टीट्यूट से 1412 से अधिक विद्यार्थी सफल हुए हैं। इनमें से 70 से अधिक ऐसे विद्यार्थी है, जिन्होंने परीक्षा में 650 से अधिक अंक हासिल किया है। वहीं, 130 से अधिक विद्यार्थियों ने नीट यूजी में 600 से अधिक अंक हासिल किया।

## मोदी-शाह से मिलकर सुदेश महतो ने दी बधाई कहा-देश विकास की नयी ऊंचाई पर पहुंचेगा





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः एनडीए का नेता चुने जाने पर बधाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। निःसंदेह प्रधानमंत्री के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल में देश विकास के अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुएगा। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी नड्डा से भी मुलाकात कर देश में तीसरी बार एनडीए को पूर्ण बहुमत हासिल करने पर बधाई दी।

स्पीड न्यूज

## बेड़ो : सड़क हादसे में एक घायल, रिम्स रेफर



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के महिला कॉलेज के समीप बेड़ो मांडर पथ पर गुरुवार की शाम लगभग सात बजे सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भेजवाया। जहां डॉ भावना ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नकुल साह अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लिया। घायल की पहचान ग्राम ख्वास अम्बवा विद्यालय नरौली कैरो लोहरदगा निवासी 45 वर्षीय सुभाष कुजूर पिता पास्कल कुजूर के रूप में कई गई। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि इसके स्वजनों को सूचना दे दी गई है।

## ठनका से दिहाड़ी मजदूर की मौत

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के नावाडीह दुलमी में ठनका गिरने से एक दिहाड़ी मजदूर धनंजय योगी की मौत हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी। पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को रिम्स रांची भेजा जायेगा। मृतक कुडबाहातू के धनंजय योगी मिस्त्री का कार्य करता था और प्रतिदिन की तरह मिस्त्री का कार्य करने दुलमी आया हुआ था। दोपहर को अन्य मजदूरों के साथ भोजन करने लगा। इसी बीच तेज आंधी चलने लगी। और मृतक सामने के आम पेड़ के पास आम चुनने पहुंच गया। तभी आसमानी बिजली चमकी ओर कड़कड़ाती एक ठनका धनंजय के ऊपर गिर गयी। जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। लोगों ने बताया की मृतक घर का इकलौता कमाने वाला शख्स था। इसके मृत्यु के पश्चात घरवालों का खाने के लाले पड़ जायेंगे।

## दो बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

**अनगड़ा।** रांची-पुरुलिया सड़क पर हाहे के पास गुरुवार की शाम करीब छह बजे दो बाइक के बीच टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। बताया गया कीड़ीबेड़ा झालदा के रहने वाले दो युवक नारायण मांझी और संदीप मांझी बाइक से गोंदली पोखर बजार से उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी जा रहे थे। इसी बीच अनगड़ा की ओर से रांची की ओर जा रहे बाइक से वे टकरा गए। इस दुर्घटना में नरायण मांझी का पैर टूट गया जबकि संदीप मांझी और एक युवती निधि एक्का को भी चोट आयी है। बताया गया नरायण और संदीप उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी अनगड़ा में दीवार में पूटी का काम करते थे। युवति निधि एक्का एक युवक के साथ गेतलसूद की ओर से लौट रही थी युवती के दाहिने पांव मे चोट लगी है। एसएसबी एक जवान ने तीनों घायलों को ग्रामीणों की सहयोग से एक ऑटो पर प्राथमिक उपचार के लिए अनगड़ा पीएचसी पहुंचाया।

## ओखरगड़ा जंगल से मिली अधेड़ महिला की लाश

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओखरगड़ा जंगल में एक अधेड़ महिला की लाश मिली है। ग्रामीणों की सूचना पर पिठोरिया पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। शव की पहचान पिठोरिया थाना क्षेत्र के मदनपुर टंगरा टोली निवासी महादेव उरांव की पत्नी काली उरांव (61 वर्ष) के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतका का बेटा बुदू उरांव ने पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओखरगढ़ा निवासी छोटू करमाली को नामजद आरोपी बनाया है। आरोप है कि तीन जून को अपराह्न 4 बजे उसकी मां काली उरांव को छोटू करमाली अपनी बाइक में कुम्हरिया बाजार ले गया था। उसी दिन से उसकी मां लापता थी और 6 जून को मेरी मां की लाश मिली। आवेदन में पुत्र ने दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पिठोरिया पुलिस मामले पर अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

### पति के दीघार्यु होने और परिवार की समृद्धि के लिए की पूजा-अर्चना

# निर्जला उपवास रख सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा, सुनीं कथा

## बेड़ो के महादानी मंदिर परिसर में हुई वट सावित्री पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मंदिर बेड़ो के परिसर में महिलाओं ने पति की दीघार्यु व परिवार की समृद्धि के लिए गुरुवार को वट सावित्री की आराधना किया। इस दौरान महिलाओं ने पूरे दिन व्रत रखकर वट वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए अखंड सौभाग्य की कामना किया। यहां गुरुवार की सुबह से ही महादानी मंदिर, देवी मंडप, दुर्गा मंदिर, संतोषी माता मंदिरों में महिलाओं का तांता लगा रहा। सुहागिन महिलाओं ने रोली, फूल अक्षत, चनाए फल और मिठाई से पूजा अर्चना की। इसमें महिलाओं ने वट ;बरगदद्ध वृक्ष को सींचकर पूजा किया। साथ ही वृक्ष की परिक्रमा करते हुए एक सौ आठ फेरे लगाकर वृक्ष में सूत भी बांधा। वहीं पौराणिक मान्यता है कि वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री ने अपने पति की जान बचाई थी। तभी से पति की दीघार्यु के लिए वट वृक्ष की पूजा होती है। यह भी मान्यता है कि वट वृक्ष की जड़ में ब्रह्माण तने में विष्णु व पत्तियों में भगवान शिव का वास होता है। विधिविधान से वृक्ष की पूजा अर्चना करने के उपरांत महिलाएं मंदिर परिसर में बैठकर अशोक पंडा व मेघनाथ गिरी द्वारा सत्यवान-सावित्री की कथा का श्रवण किया। इधर कई महिलाओं द्वारा अपने घरों में भी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया।



## बुंडू : सोलहों श्रृंगार कर सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



**बुंडू।** वट सावित्री पूजा बुंडू नगर क्षेत्र में हर्षोल्लास से संपन्न हो गया। इसमें व्रती महिलाएं निर्जला उपवास रहते हुए सोलह सिंगार कर निष्ठा पूर्वक पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। बुंडू नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रसिद्ध रानी चुआं, सूर्य मंदिर, विष्णु मंदिर आदि जगहों के वट वृक्षों के समक्ष व्रती महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुहागिन महिलाएं पूजा के बाद अपने पति को प्रसाद खिला कर पंखे से हवा कर उनकी सेवा करती हैं। इसके बाद पति के हाथों से जल ग्रहण कर उपवास तोड़ती हैं।

## इटकी : सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

**इटकी।** इटकी क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री व्रत किया। मौके पर विधि विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा अर्चना की गयी और सावित्री सत्यवान की कथा का श्रवण किया गया। पूजा के दौरान महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र व आजीवन सुहागन की कामना की। एकता नगरए आदर्श नगर व कोईरी टोला सहित अन्य स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से वट वृक्ष की पूजा अर्चना की।

## मांडर-चान्हो में हुई वट सावित्री पूजा

**मांडर/चान्हो।** क्षेत्र में गु.वार को वट सावित्री व्रत श्रद्धापूर्वक मनाई गई। वट सावित्री पर्व पर सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। जगह जगह पति की लम्बी उम्र के लिए सुहागिनों ने किए वट सावित्री की सामूहिक रूप से विधि विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा की इस दौरान सुहागिनों ने वट वृक्ष के चारो तरफ परिक्रमा करते हुए मौली सूत के धागे लपेटी और मान्यता के अनुसार ताड़ व वांस के पंखे से वट वृक्ष को हवा भी दी। पूजा अर्चना के बाद सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण सामूहिक रूप किया। पूजा अर्चना के बाद ब्राह्मणों को दान पुण्य कर परोहितों से आशीर्वाद लिया।

## एक नजर में वट सावित्री पूजा



इटकी में वट सावित्री पूजा करतीं सुहागिन महिलाएं।



मांडर में वट वृक्ष की पूजा कर कथा सुनतीं सुहागिन महिलाएं।



बेड़ो के महादानी मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं सुहागिन महिलाएं

# सामाजिक पहल पर प्रेमी युगल परिणय सूत्र में बंधे

## कुंदी गांव के सरना स्थल में हुई शादी

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** प्रखंड के कुंदी गांव में गुरुवार को सामाजिक पहल पर परिजनों की सहमति से दो अलग अलग जाति के एक प्रेमी युगल परिणय सूत्र में बंध गये। कुंदी गांव स्थित सरना स्थल में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रेमी युगल राधा केरकेट्टा व राखी केरकेट्टा का विवाह आदिवासी रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। बेड़ो करम टोली की युवती राधा केरकेट्टा लोहरा जाति की है। वहीं कुंदी गांव के युवक राखी केरकेट्टा सरना जाति का है। इनका विवाह सोमरा पहान की अगुवाई में आदिवासी रीति.रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। इसके बाद ईष्टदेव की पूजा अर्चना व प्रार्थना कर युवती को सरना समाज में विधिवत शामिल कराया गया। कुंदी सरना समाज के अध्यक्ष अजय मिंज ने बताया की आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण समाज द्वारा सहयोग कर दोनों का विधिवत विवाह कराया गया। मौके पर सरना समाज के एतो भगतए रतनु तिग्गा, एतवा केरकेट्टा, राजेश केरकेट्टा, अमित तिग्गाए चरवा केरकेट्टा, सुरेश केरेट्टा, सुकरो, मंगरी, सोमरी, मंगरु व जतरु कच्छप सहित दर्जनों महिला व पुरुष मौजूद थे।

## जरिया फ्लाईओवर के निकट से बुजुर्ग का शव बरामद

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया फ्लाईओवर के किनारे रांची गुमला मुख्य मार्ग के बगल में गुरुवार की सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति के शव मिलने से यह खबर आसपास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। इसके बाद सड़क किनारे मिले 100 की सूचना आसपास के लोगों ने बेड़ो थाना प्रभारी नकुल शाह को दिया इसके बाद थाना प्रभारी नकुल शाह के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर रोशन कुमार वह नंदू पैरा ने पुलिस वालों के साथ घटनास्थल पहुंचकर 100 का पंचनामा करते हुए 100 को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।

## एक नजर में

## पिठोरिया में सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के पिठोरिया, बालू, चंदवे, कोनकी, चंदौली सहित अन्य गांवों में वट-सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाई गई। सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा पुरोहित की अगुवाई में कीं। पूजा के करने के लिए भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। अनेक स्थलों पर धार्मिक गीत समूह में महिलाओं के द्वारा गाए गये।

## वज्रपात से चार मवेशी की मौत



**राहे।** प्रखंड के सीसीटांड़ गांव में गुरुवार दिन के 2 बजे के आसपास वज्रपात से दो गाय और दो बछड़े की मौत हो गई। दोनों गया दुधारू थीं। उनकी बाजार कीमत एक लाख बताई जा रही है। गांव के पशुपालक आलोमनी देवी की एक गाय योगेश्वर महली की एक गाय, बछड़ा तथा सुकरू देवी का बछड़ा की मौत हुई है। घटना के संबध में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बाहर पेड़ के नीचे सभी मवेशी खड़े थे। अचानक वज्रपात हुआ जिससे चारो मर गये। इधर घटना की सूचना पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, गुलेश्वर भोक्ता, रामेश्वर महली, सेवाराम भोक्ता, शंभूनाथ, रामेश्वर पाहन, जयपाल सिंह मुंडा, योगेश्वर महली, साईनाथ महली आदि गांव पहुंच कर पशुपालकों से मुलाकात किये। पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सक से संपर्क किया गया। पशुपालकों को आश्वस्त किया गया कि सरकारी मुआवजा जल्द दिलाया जायेगा।

# सोलर जलमीनार खराब, ग्रामीनों ने की मरम्मत कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के करांजी गांव के कब्रिस्तान के समीप पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सोलर सिस्टम जल मीनार का निर्माण कराया गया था। निर्माण के कुछ माह बाद ही सोलर सिस्टम खराब हो गया तथा लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है। इस जल मीनार की ओर न तो जनप्रतिनिधि और न ही संबंधित विभाग का ध्यान है। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि प्रखंड क्षेत्र में सौर जल मीनार लगाए गए है। उसमें आधे से अधिक खराब पड़ा हुआ है। फिर भी जिम्मेदार कुम्भकर्णी निद्रा में सोई हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह जल मीनार पिछले कई वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। बताया कि खराब होने की शिकायत स्थानीय मुखिया से लेकर पेयजल विभाग से की गई। लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने के पानी का एकमात्र साधन उक्त सोलर जल मीनार ही है। इसके खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही लोगों को पेयजल के लिए इधर.उधर भटकना पड़ता है। दर्जनों घरों के लोग यहां से पानी ले जाते थे। लेकिन जल मीनार खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सोलर जल मीनार को चालू कराने की मांग किया है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि सौर ऊर्जा खराब होने के बाद इसके बोरिंग से गांव के कुछ लोगों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग में लेने से आमजन को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही खराब पड़े सोलर जलमीनार को मरम्मत कराए जाने मांग ग्रामीणों ने की है।

# नगड़ी प्रखंड कार्यालय को ग्रामीणों ने घेरा

## नगड़ी सीओ पर युवक से दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को आम दिनों की तरह समय पर खुला, लेकिन नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय खुलने की जानकारी मिलते ही नगड़ी चौक में ग्रामीण एकजुट होकर भाजपा नेता शिव चरण कुशवाहा और भाजपा नेता चुड़ामनी महतो के नेतृत्व में नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और अंचल कार्यालय का घेराव किया। बुधवार को नगड़ी सीओ के द्वारा एक युवक से दुर्व्यवहार के कारण नगड़ी प्रखंडवासी आक्रोशित हैं नगड़ी के दर्जनों ग्रामीण गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय नगड़ी पहुंचे और खूब हंगामा किया और ग्रामीणों ने नगड़ी अंचलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव के विरोध में नारेबाजी करने लगे नगड़ी सीओ होश में आओ ऐसी दादागिरी नहीं चलेगी नगड़ी सीओ को बर्खास्त करो सहित कई मांगो के साथ लोगों ने करीब चार घंटा लगातार नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराबंदी कर नारा लगाते रहे। मौके पर उपस्थित नगड़ी प्रखंड मुखिया समिति के अध्यक्ष संजय उरांव ने कहा कि नगड़ी अंचलाधिकारी का लोगों के प्रति व्यवहार एक अफसरशाही है। सीओ के इस दुर्व्यवहार की निंदा की गई। मुखिया समिति के अध्यक्ष सीओ के ऐसे व्यवहार का विरोध किया सीओ के विरुद्ध लिखित शिकायत जिला के वरीय अधिकारियों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी एक ज्ञापन सौंपकर सीओ को तत्काल बर्खास्त की मांग रखेंगे। नगड़ी प्रखंड के सभी मुखियागण एक स्वर में सीओ को तत्काल नगड़ी अंचल से मुक्त करने की मांग की है।

## सीओ को तत्काल हटाने की उठी मांग

मौके पर नगड़ी निवासी भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शशि भूषण भगत ने सीओ के प्रमाण पत्र बनाने गए युवक के साथ कि गयी दुर्व्यवहार निंदा की है। अभिलंब ऐसे अधिकारी को पदमुक्त कर देना चाहिए हम सरकार से इसके कार्यकाल में हुए तमाम कार्यों का जांच की मांग करते हैं और यह अधिकारी अगर एक सप्ताह के अंदर नहीं हटे तो नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में उनके विरुद्ध में अनिश्चितकालीन घेराबंदी सह पूर जोर आंदोलन किया जाएगा।

## कालीचरण मुंडा की जीत पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



**बुंडू।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के प्रचंड जीत पर बुंडू में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से बुंडू नगर के चौक चौराहा में पटाखे फोड़े एमिठाइयां बांटी और जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, जिला उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र नाथ मुंडा, दिगंबर महतो, ताराचंद महतो, जीवाधन महतो, अमजद खान, बुद्धदेव दास, प्रहलाद मुंडा, उदय लोहार, शालिग्राम उरांव, भीम नायक, शिवनंदन मछुआ, संदीप लोहार, मोहम्मद मोइनुद्दीन, बनवारी उराव आदि मौजूद थे।

# जमीन बचाने को अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा दंपति

## ओरमांझी में सामान्य जाति से बेच दी एसटी खाते की जमीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र में आदिवासी खतियान की जमीन को सामान्य जाति के लोगों को बेचा जा रहा है। इतना ही नहीं एसटी खाता की जमीन सामान्य जाति के नाम से दाखिल-खारिज भी हो रहा है। ऐसे ही मामले को लेकर गगारी छप्परटोली ओरमांझी की एक आदिवासी दंपति अपना घर और जमीन बचाने के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। गुरुवार को अंचल कार्यालय पहुंचे आदिवासी दंपति शिवनाथ बेदिया और खैंटी देवी बताते हैं कि उन लोगों का गांव में खाता संख्या 72 और प्लांट संख्या 606 के अलावा कई खतियानी जमीन है। जिसपर मकान भी बना है। जिसे किसी ने सामान्य जाति आशा चौधरी और पुतुल चौधरी सहित दर्जनभर लोगों से बेच दिया गया है। अब जिसने जमीन ली वे लोग कब्जे के लिए जमीन और मकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं। वहीं दंपति अपनी जमीन को बचाने के लिए खतियान लिए थाना और अंचल का चक्कर लगा रहे हैं।




सीओ से मिलकर कार्यालय से बाहर निकलते दंपति।

## सीओ ने दी कोर्ट में जाने की हिदायत

सीओ नितिन शिवम गुप्ता ने दंपति से कहा कि किसी ने ब्रिकी किया तभी किसी ने जमीन खरीदी है। ब्रिकी होने के बाद जमीन का दाखिल-खारिज भी हो चुका है। जिसके नाम पर जमीन है उसे कब्जा करने पर रोकना गैर कानूनी होगा। रोकने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी हो सकती है। उन्होंने दंपति से जिला उपायुक्त व एसएसपी से लिखित शिकायत करने व कानून की शरण में जाने को कहा है। वहीं दंपति का कहना है कि वे लोग एसटी खतियान की अपनी जमीन को सुरक्षित समझ रहे थे। समान्य जाति से किसने ब्रिकी कर दिया यह भी जानकारी नहीं हो रही है। मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले दंपति को समझ में नहीं आ रहा है कि वे अपनी जमीन बचाने के लिए कहां जायें ।

## पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता ग्रामीणों ने रोका काम

**अनगड़ा।** हेसल पंचायत अन्तर्गत मिलन चौक से मासू देवी मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमिता बरते जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को गुरुवार को बंद करा दिया। हेसल मंझिला टोली के प्रधान रामनाथ करमाली मासू के ग्राम प्रधान देवराज पाहन पंसस मदरा मुण्डा व आजसू पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने संवेदक के द्वारा पीसीसी निर्माण कार्य पर सही तरीके से पानी नहीं पटाने स कार्य में दूसरे दर्जे का स्टोन चिप्स का उपयोग करने का आरोप है।

# लोकहित-देशहित सर्वोपरि

लगातार दो बार की सरकार के खिलाफ एन्टी इन्कंबेंसी के बावजूद भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना बहुत बुरा प्रदर्शन नहीं कहा जा सकता। लेकिन पिछले दो लोकसभा चुनाव में भरपूर बहुमत के साथ भाजपा ने जिस तरह राजकाज चलाया, वह पर्याप्त बहुमत के बूते ही संभव था। तभी भाजपा अनेक बदलावकारी फैसले ले पायी। लेकिन हालिया चुनाव परिणामों ने एकबार फिर देश में गठबंधन युग की वापसी कर दी है। पिछली सदी के अंतिम दो दशकों में जिस तरह की राजनीतिक अस्थिरता रही है, उसे देश के हित में तो कदापि नहीं कहा जा सकता। बार-बार के चुनावों से जहां देश पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता रहा है, वहीं दुनिया में देश की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता रहा। बेहतर मुद्दों में जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन के रूप में देखी गई। दूसरी ओर राजग सरकार के बड़े ऐतिहासिक व बदलावकारी फैसलों के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रतिरोध सामने नहीं आ पाया, जैसी कि आशंका थी। इसी तरह भारत के कई मामलों में पाक के तल्ख प्रतिरोध के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी में हम उसे अलग-थलग करने में सफल रहे। शासन की रीति-नीति में एकतरफा फैसले लेने के बजाय विपक्ष को उसमें शामिल करना एक लोकतांत्रिक देश की जरूरत होती है। सही मायनों में मजबूत विपक्ष किसी देश में एक सचेतक की भूमिका में होता है, बशर्ते बहुमत वाली सरकार उसकी बात को तरजीह दे। 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणामों का संदेश है कि अब देश का शासन एक गठबंधन सरकार चलाएगी। वैसे अलग-अलग राजनीतिक धरातल पर खड़े विभिन्न दलों की सत्ता व विपक्ष में भागेदारी एक मायने में लोकतंत्र की खूबसूरती है। नीतिश और नायडू के हित अपने राज्योंसे हो सकते हैं लेकिन दोनों ही परिपक्व राजनेता हैं। उम्मीद है एक सुशासन संभव हो सकेगा।

# शेयर बाजार में घपला?

लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने शेयर बाजार में घपला का आरोप लगा दिया है। कांग्रेस पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर बड़ा आरोप लगाया है। आरोप है कि भाजपा को अपने इंटरनल सर्वे में पता था कि उसे 220 से अधिक सीटें नहीं आ रही हैं। फिर भी पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने रिटेल इंवेस्टर्स से नतीजे आने से पहले शेयर खरीदने की सलाह दी। इस कारण 3 जून को शेयर मार्केट ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड पर पहुंच गया। नतीजे आने के साथ इसमें भारी गिरावट आई और रिटेल इंवेस्टर्स का 30 लाख करोड़ रुपये डूब गया। इस पूरी घटना में कुछ लोगों ने बड़ा पैसा बना लिया। ये लोग आखिर कौन थे। राहुल ने इस पूर घटना की क्रोनोलॉजी समझाई और कहा कि यह एक बड़ा स्कैम है। फिर 1 जून को अंतिम चरण की वोटिंग के दिन मीडिया में एग्जिट पोल जारी होता है। तीन जून को स्टॉक मार्केट सभी रिकॉर्ड तोड़ देता है और ऑल टाइम हाई पर पहुंच जाता है। 4 जून को स्टॉक मार्केट में सबसे बड़ी गिरावट आती है। निवेशकर खासकर छोटे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपये का लॉस होता है। राहुल गांधी ने ये क्रोनोलॉजी बता इसे 30 लाख करोड़ रुपये का घोटाला बताया। उन्होंने कहा कि रिटेल निवेशकों के पैसे के कुछ लोगों ने पैसा बना लिया। आखिर इसकी जांच जेपीसी से होनी चाहिए। वैसे शेयर बाजार एक संवेदनशील मार्केट है और इसके उतार चढ़ाव सरकार बनने की संभावना और अनिश्चितता के कारण बाजार में उतार चढ़ाव संभव है। सरकार आने जाने के क्रम में इस प्रकार का उतार चढ़ाव संभव है। शेयर बाजार गिरने की बात चुनावी सभाओं में की गयी थी जो चुनाव प्रचार की बात थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस आयेगी तो सूचकांक गिर जाएगा। बाजार सूचकांक कांग्रेस के आने की आशंका से भी गिरा था।

# पर्यावरण संरक्षण की वैश्विक चुनौतियां

स्टॉकहोम-घोषणापत्र से पहले चार साल की तैयारी की गई थी। दुनियाभर के सैकड़ों वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने मानव-पर्यावरण पर लगभग बीस हजार पेजों का योगदान दिया था, जिसके आधार पर सम्मेलन में 800 पेज का एक दस्तावेज तैयार किया गया था। पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वायु गुणवत्ता के नए निर्देश जारी किए, जिनमें कहा गया कि जलवायु परिवर्तन के साथ वायु प्रदूषण मानव-स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। डब्ल्यूएचओ ने 2005 के बाद पहली बार अपनी गाइडलाइंस' को बदला है। नए दिशा निर्देशों के अनुसार इस बात के प्रमाण मिले हैं कि प्रदूषित वायु की जो समझ पहले थी, उससे भी कम प्रदूषित वायु से मानव-को होने वाले नुकसानों के सबूत मिले हैं। इस साल 'स्टॉकहोम-घोषणा' का 50वां वर्ष होने के कारण यह दिन खास हो गया है। 5 जून 1972 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में पहली बार विश्व पर्यावरण-सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें 119 देशों ने भाग लिया। उसी सम्मेलन के बरक्स संयुक्त राष्ट्र ने 1972 में ही घोषणा की कि हर साल 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाएंगे। स्टॉकहोम-घोषणापत्र से पहले चार साल की तैयारी की गई थी। दुनियाभर के सैकड़ों वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने मानव-पर्यावरण पर लगभग बीस हजार पेजों का योगदान दिया था, जिसके आधार पर सम्मेलन में 800 पेज का एक दस्तावेज तैयार किया गया था। स्टॉकहोम+50 जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े आज के ज्यादातर कार्यक्रम जैसे संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी), कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेजर्टिफिकेशन (यूएनसीसीडी) और कन्वेंशन ऑन बायलॉजिकल डायवर्सिटी (सीबीडी) व यूएन के सेव पर्यावरण प्रयास स्टॉकहोम घोषणा की ही उत्पत्ति हैं। पिछले 50 वर्षों पर पुनर्विचार के लिए 2 और 3 जून को स्टॉकहोम+50 का आयोजन हुआ। इनमें दुनिया के नेताओं ने इस बात पर चर्चा की कि बीते पचास साल कैसे थे, व अगले पचास साल में धरती को किस तरह बचाया जाएगा। इसे शीर्षक दिया गया-'स्टॉकहोम प्लस 50, सभी की समृद्धि के लिए एक स्वस्थ ग्रह-हमारी जिम्मेदारी, हमारा अवसर'। अहम तबाही की ओर पिछले साल संरा की एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि महामारी दौर में उत्सर्जन में अस्थायी गिरावट





-मनोज शर्मा

> इसे शीर्षक दिया गया-'स्टॉकहोम प्लस 50, सभी की समृद्धि के लिए एक स्वस्थ ग्रह-हमारी जिम्मेदारी, हमारा अवसर'। अहम तबाही की ओर पिछले साल संरा की एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि महामारी दौर में उत्सर्जन में अस्थायी गिरावट के बावजूद दुनिया 2100 तक पूर्व-औद्योगिक स्तरों से कम से कम तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म होने की राह पर है। यह पेरिस समझौते में 1.5 डिग्री सेल्सियस की चेतावनी से दोगुना है।

के बावजूद दुनिया 2100 तक पूर्व-औद्योगिक स्तरों से कम से कम तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म होने की राह पर है। यह पेरिस समझौते में 1.5 डिग्री सेल्सियस की चेतावनी से दोगुना है। उस स्तर को बनाए रखने के लिए 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन को 45 फीसदी कम करना होगा। अप्रैल 2017 में, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी एक संस्था-क्लाइमेट सेंट्रल के वैज्ञानिकों ने 1880 के बाद से वैश्विक-तापमान की मासिक-वृद्धि को दर्ज करते हुए एक पत्र जारी किया, जिसमें कहा गया, '628 महीनों में एक भी महीना ठंडा नहीं रहा है।'जो दुनिया बारह हजार साल की मानव-सभ्यता से अप्रभावित चली आ रही थी, और जिसने मनुष्यों के अमीर बनने में मदद की, वह अचानक तबाही की ओर बढ़ चली है। वायु-प्रदूषण पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वायु गुणवत्ता के नए निर्देश जारी किए, जिनमें कहा गया कि जलवायु परिवर्तन के साथ वायु प्रदूषण मानव-स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। डब्ल्यूएचओ ने 2005 के बाद पहली बार अपने 'एयर क्वालिटी गाइडलाइंस' को बदला है। नए वैश्विक वायु गुणवत्ता दिशा निर्देशों (एक्यूजी) के अनुसार इस बात के प्रमाण मिले हैं कि प्रदूषित वायु की जो समझ पहले थी, उससे भी कम प्रदूषित वायु से मानव-स्वास्थ्य को होने वाले नुकसानों के सबूत मिले हैं। नेट-जीरो उत्सर्जन दुनियाभर के देशों पर नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य तय करने का दबाव है। भारत ने नेट-जीरो उत्सर्जन के लिए अपनी समय-सीमा दुनिया को बता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन (कॉप 26) में कहा कि हम 2070 तक नेट-जीरो के लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। चीन 2060 तक कार्बन न्यूट्रल होने की घोषणा कर चुका है। दूसरे स्थान पर कार्बन उत्सर्जक देश अमेरिका ने नेट-जीरो तक पहुंचने के लिए 2050 तक का लक्ष्य रखा है। पर्यावरण-चेतना 1972 में हमारे देश में क्या, बड़ी संख्या में दुनिया के लोगों ने पर्यावरण और प्रदूषण जैसे शब्द पहली बार सुने थे। अलबत्ता भारत सरकार ने इस समस्या को जो महत्व दिया था, उसे भी आज याद करने की जरूरत है। स्टॉकहोम-सम्मेलन में मेजबान देश स्वीडन के अलावा भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उस सम्मेलन में भाग लेने वाली एकमात्र शासनाध्यक्ष थीं। वैश्विक-राजनीति हालांकि स्वीडन ने 1968 में संरा आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (इकोसॉक) में पर्यावरण के बारे में सम्मेलन बुलाने का आग्रह किया था, पर वह शीतयुद्ध का समय था। सोवियत संघ और वारसा सम्मेलन के देशों ने सम्मेलन का बहिष्कार किया। उनकी मांग थी कि सम्मेलन में पूर्वी जर्मनी को भी बुलाया जाए। तब तक पश्चिमी व पूर्वी जर्मनी संरा के सदस्य नहीं थे। अमेरिका और सोवियत संघ दोनों ने पहले सम्मेलन का समर्थन किया था, लेकिन जर्मनियों की भागीदारी को लेकर असहमति पैदा हो गई। ब्रिटेन, अमेरिका, इटली, बेल्जियम, नीदरलैंड्स और फ्रांस जैसे देश इस विचार के ही खिलाफ थे। संदेह व प्राथमिकताएं सम्मेलन के दौरान विकसित और विकासशील देशों के मतभेद भी उभरे। चीनी प्रतिनिधिमंडल ने हिंद चीन और शेष विश्व में अमेरिकी नीतियों के खिलाफ लम्बा चौड़ा वक्तव्य जारी किया। विकासशील देशों ने इसे समृद्ध देशों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों को हड़पने और उनके विकास में बाधा डालने के लिए एक और चाल के रूप में लेना शुरू कर दिया। उनका मानना था कि इसमें धनी और औद्योगिक देशों का प्रभुत्व होगा। पर्यावरण का मुद्दा कहीं और घूम गया। दुनिया की प्राथमिकता में पर्यावरण कहीं नहीं था। सामूहिक समाधान पर्यावरण पर खतरा जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वॉर्मिंग, भूजल स्तर में कमी, समुद्र तल का बढ़ना जैसी समस्याओं के रूप में सामने आ रहा है।

## खास बात

# योग से मोक्ष

स्वामी मुक्तरथ



**मोक्ष** की धारणा वैदिक ऋषियों से आई है। भगवान बुद्ध को निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त करने के लिए अपना पूरा जीवन साधना में बिताना पड़ा। महावीर को कैवल्य (मोक्ष) प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या करनी पड़ी और ऋषियों को समाधि (मोक्ष) प्राप्त करने के लिए योग और ध्यान की कठिन साधनाओं को पार करना पड़ता है। मोक्ष मिलना आसान नहीं। दुनिया में सब कुछ आसानी से मिल सकता है, लेकिन खुद को पाना आसान नहीं। खुद को पाने का मतलब है कि सभी तरह के बंधनों से मुक्ति। बंधन क्या है? यह समझना जरूरी है। भारतीय धर्मों को छोड़कर विदेशी धर्मों में मोक्ष की धारणा भिन्न है। मौत के बाद नहीं मिलता है मोक्ष : यह आम धारणा है कि मरकर मिल जाती है मुक्ति। मरकर इस जन्म के कष्टों से मिल जाती होगी मुक्ति, लेकिन फिर से जन्म लेकर व्यक्ति को नए सांसारिक चक्र में पड़ना होता है। प्रभु की कृपा से व्यक्ति के कष्ट दूर हो सकते हैं, दूसरा जन्म मिल सकता है, लेकिन मोक्ष नहीं। मोक्ष के लिए व्यक्ति को खुद ही प्रयास करने होते हैं। प्रभु उन प्रयासों में सहयोग कर सकते हैं। मोक्ष क्या है : मोक्ष एक ऐसी दशा है जिसे मनोदशा नहीं कह सकते। इस दशा में न मृत्यु का भय होता है न संसार की कोई चिंता। सिर्फ परम आनंद। परम होश। परम शक्तिशाली होने का अनुभव। मोक्ष समयातीत है जिसे समाधि कहा जाता है। यह योग की अंतिम स्थिति है।

मोक्ष या समाधि का अर्थ अणु-परमाणुओं से मुक्त साक्षीत्व पुरुष हो जाना। तटस्थ या स्थितप्रज्ञ अर्थात परम स्थिर, परम जाग्रत हो जाना। ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय का भेद मिट जाना। इसी में परम शक्तिशाली होने का 'बोध' छुपा है, जहां न भूख है न प्यास, न सुख, न दुख, न अंधकार न प्रकाश, न जन्म है, न मरण और न किसी का प्रभाव। हर तरह के बंधन से मुक्ति। परम स्वतंत्रता अतिमानव या सुपरमैन। योग के माध्यम से प्राणी का जन्म और मरण के चक्र से छुटकर स्वयंभू और आत्मवान हो जाना है। समाधि चित्त की सूक्ष्म अवस्था है जिसमें चित्त ध्येय वस्तु के चिंतन में पूरी तरह लीन हो जाता है।

# स्मार्ट और बुद्धिमान

## धर्म-प्रवाह

जग्गी बासुदेव

**स्मार्ट** होना और बुद्धिमान होना, ये दो अलग-अलग बातें हैं। 25 साल पहले, किसी के बारे में बात करते हुए, हम उसे बुद्धिमान कहते थे। लेकिन आजकल, अलग शब्दों का प्रयोग होता है। आजकल कोई परवाह नहीं करता कि आप बुद्धिमान हैं या नहीं। उनको एक ही फिक्र होती है कि क्या आप स्मार्ट हैं? अगर आप स्मार्ट हैं तो आप दुनिया में अपना काम निकाल सकते हैं - आज की अर्थव्यवस्था में आप पार लग जायेंगे। लेकिन बुद्धि का स्वभाव अलग है। बुद्धि हमेशा आपको कोई दौड़ जीतने के लिये तैयार नहीं करती। वास्तव में आप दूसरे से धीमें हो सकते हैं क्योंकि उन लोगों की अपेक्षा आप कहीं ज्यादा चीजें देख सकते हैं। जो लोग स्मार्ट हैं और सिर्फ इस कोशिश में हैं कि अपने जीवन का कोई छोटा उद्देश्य पूरा कर लें, हो सकता है वे वहां ज्यादा तेजी से पहुंच जाएं और हो सकता है लोग उनके लिये तालियां भी बजायें। लेकिन आपकी बुद्धि इतनी सारी चीजें ग्रहण कर रही होगी, कि वो आपको एक कदम भी उठाने नहीं देगी। अगर आप स्मार्ट हैं तो इसका मतलब ये होगा कि आपने अपने लाभ के लिये परिस्थितियों बना ली है। आप किस तरह के समाज में हैं, समय कैसा है, परिस्थिति कैसी है और आप किस तरह के लोगों के बीच में हैं! आज, वे लोग जो कुछ संकोच मे होते हैं, वे आम तौर पर बेवकूफ माने जाते हैं। बिना किसी संकोच वाले लोग स्मार्ट कहलाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कुछ खास परिस्थितियों का लाभ कैसे लिया जाये!

## कॉर्टून वर्ल्ड

सुपर रिच की दास्तां



## फेसबुक

**प्रधानमंत्री** आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को सर्वसम्मति से पुनः एनडीए का नेता चुने जाने पर बधाई दी। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

**- सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

**प्रधानमंत्री,** गृहमंत्री, उनके लिए काम कर रहे एक्जिट पोल्स्टर्स और मित्र मीडिया ने मिलकर हिंदुस्तान के सबसे बड़े ह्यस्टॉक मार्केट स्कैमह्व की साजिश रची है।5 करोड़ छोटे निवेशक परिवारों के 30 लाख करोड़ रु डूबे हैं।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस**





**पिछली** डबल इंजन की सरकारें, रांची में ट्रैफिक की समस्या को लगातार नजरंदाज करती रहीं। हमारी सरकार तीन फ्लाइओवर बनवा रही है, छह नये फ्लाईओवर तथा सड़कों का निर्माण शुरू होने जा रहा है,जाम से मुक्त होगी रांची।

**- चंपईसोरेन, सीएम**

# दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों को हो सीधे फांसी की सजा

## सामयिक

आर.के. सिन्हा

लोकसभा चुनाव के नतीजों के कोलाहल में बीते दिनों पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक देश के दुश्मन को दी गई उम्र कैद की सजा की खबर लगभग दब सी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा नागपुर जिला न्यायालय ने सुनाई। अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से जासूसी गतिविधियों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया। आजीवन कारावास के साथ-साथ उन्हें 14 साल के कठोर कारावास और उन पर 3,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। देश के गद्दारों को इसी तरह की सख्त सजा मिलनी चाहिए , ताकि कोई मातृभूमि के साथ गद्दारी करने के बारे में सोचे भी नहीं।

आपको याद होगा कि छह साल पहले 2018 में इस मामले ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी । क्योंकि , यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा जासूसी का पहला मामला था। अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट नेहा शर्मा और पूजा रंजन के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से चलाए जा रहे इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंट चला रहे थे। ब्रह्मोस मिसाइल की जानकारी लीक करने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों ने दावा किया कि उसके कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की गई और पाया गया कि संवेदनशील डेटा ट्रांसफर किया गया था। यह कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छुपे कुछ गद्दारों, सरकारी अफसरों से लेकर तथाकथित पत्रकार आदि भी बहुरूपिये शामिल हैं, जो दिखते कुछ और हैं और करते कुछ और हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका है।

दरअसल सूचना के अधिकार (आरटीआई) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं। यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है , क्योंकि इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी। देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं भी हैं।

सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे।

# रोकनी होगी भोजन की बबार्दी

## समस्या

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस/ 7 जून/विशेष)

रमेश सर्राफ धमोरा

रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं मानी जाती है। जिसके बिना मनुष्य का जीवन बहुत मुश्किल है। इसमें रोटी सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि रोटी के बिना तो मनुष्य जिन्दा भी नहीं रह सकता है। खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित किया जाना है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिल सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में हर दस में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है। जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए इस बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस संक्षिप्त रूप में मनाया जाएगा। जिसमें लोगों को सेहत से जुड़े मुद्दों पर ऑनलाइन एक-दूसरे के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा।

इस बार हम छठवां विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मना रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इससे खाद्य सुरक्षा लेकर लोगों में जागरुकता फैलाई जा सकती है और विश्व स्तर पर खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों को भी ध्यान में लाया जा सकता है। इस दिन को मनाने के पीछे खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने का उद्देश्य था। जो खराब भोजन का सेवन करने की वजह से गंभीर रोगों के शिकार बन जाते हैं।भोजन की कमी व दूषित भोजन खाने से प्रतिवर्ष हजारों लोगों की जान चली जाती है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और खाद्य और कृषि संगठन को दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का नेतृत्व करने और पौष्टिक खाने के प्रति लोगों को जागरुक करने की जिम्मेदारी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 2018 में पहली बार खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया था। इसके बाद पहली बार 7 जून 2019 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में अपने मन की बात कार्यक्रम में देश की जनता से बात करते हुए लोगों से खाने की बबार्दी रोकने की अपील की थी। उन्होने कहा कि ऐसा करना गरीबों के साथ अन्याय व समाजद्रोह है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि आपने कभी सोचा है कि हम जो जूठन छोड़ देते हैं। उससे हम कितने गरीबों का पेट भर सकते है? उन्होने कहा था कि इस पर सामाजिक जागरूकता बढनी चाहिए।

भारत में अनाज को अन्नदेव का दर्जा प्राप्त है। यही कारण है कि हमारे देश में भोजन झूठा छोडना या उसका अनादर करना पाप माना जाता है। मगर आधुनिकता के चक्कर में हम अपने पुराने संस्कार भूल गए हैं। हमारे यहां शादियों, उत्सवों या त्यौहारो में होने वाली भोजन की बबार्दी से हम सब वाकिफ हैं। इसके उपरांत भी हम इन अवसरों पर ढेर सारा खाना कचरे में फेंक है। कई बार तो घरों के आसपास फेंके गए भोजन से उठने वाली दुर्गंध एवं सड़ांध वहां रहने वालों के लिए परेशानी खड़ी कर देती हैं। शादियों में खाने की बबार्दी को लेकर भारत सरकार भी चिंतित है। खाद्य मंत्रालय ने कहा है कि वह शादियों में मेहमानों की संख्या के साथ ही परोसे जाने वाले व्यंजनों की संख्या सीमित करने पर विचार कर रहा है। इस बारे में विवाह समारोह अधिनियम, 2006 कानून भी बनाया गया है। हालांकि इस कानून का कड़ाई से कहीं भी पालन नहीं किया जाता है। भारत में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है उसका एक तिहाई बर्बाद चला जाता है। बर्बाद जाने वाला भोजन इतना होता है कि उससे करोड़ो लोगों की खाने की जरूरत पूरी हो सकती है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में बढ़ती सम्पन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। खर्च करने की क्षमता के साथ ही खाना फेंकने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। विश्व खाद्य संगठन के अनुसार देश में हर साल पचास हजार करोड़ रुपए का भोजन बर्बाद चला जाता है। एक ऑकलन के मुताबिक बर्बाद होने वाले भोजन की धनराशि से पांच करोड़ बच्चों की जिदगी संवारीं जा सकती है।

## लेटर टू एडिटर

### पर्यावरण की प्राथमिकता


अनुमान है कि 2030 तक भारत का जल स्तर 400 मीटर नीचे तक चला जाएगा। सभी बड़े भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। यदि देश के युवाओं ने पर्यावरण सुधार का अभियान अपने हाथों में नहीं लिया, आवश्यकता के अनुरूप पौधारोपण और वाटर रिचार्जिंग नहीं की गई तो बेंगलुरु जैसे हालात देश के सभी बड़े शहरों के हो जाएंगे। **- रवि, रांची**

### जुमार्ना मकसद नहीं

यातायात पुलिस लोगों का जमकर जुर्माना काटती है। पुलिस का काम लोगों की सहायता करना तथा नियमों की पालना करवाना है, न कि चालान काटना। नियमों को लेकर लोग पहले से ज्यादा सतर्क हैं। ज्यादातर लोग नियमों की पालना करते हैं पर ऐसे में केवल कम चालान काटने पर नोटिस जारी करना कहीं न कहीं गलत है। यह जनता को परेशान करने वाली बात है। **-रमन कुकरेजा, रांची**

## स्पीड न्यूज

### पत्रकार केतू सिंह के निधन पर प्रेस क्लब के सदस्यों ने किया शोक व्यक्त



फोटो 06 केतू सिंह फाइल फोटो

**रामगढ़।** रामगढ़ के जाने माने पत्रकार केतू सिंह का बुधवार की रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। केतू सिंह ने रामगढ़ में कई वर्षों तक पत्रकारिता की एवं खूब नाम कमाया। वे एक विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे जो हमेशा सभी की मदद के लिए तैयार रहते थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गुरुवार को शहर के गांधी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। केतू सिंह के देहांत पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज सिंह, योगेन्द्र सिन्हा, अमित सिन्हा, तरूण बागी, प्रदीप राज बबलू, शंकर देवगढ़िया, मो बल्लीउल्लाह, संजय शुक्ला, अनिल विश्वकर्मा, बीरू कुमार, उमेश सिन्हा, दुर्वेज आलम, मनोहर लाहेरी, रविकांत बनर्जी, बबन कुमार, प्रदीप बर्मन, श्याम ठाकुर, सतीश तुरी सहित कई पत्रकारों एवं समाज सेवियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**रजरप्पा।** वट सावित्री व्रत के अवसर पर गुरुवार को विवाहिताओं ने श्रद्धा के साथ व्रत रखकर अखंड विवाहित जीवन के लिए रजरप्पा कोयलांचल सहित चितरपुर प्रखंड क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री की पूजा की। साथ ही वटवृक्ष के नीचे प्रसाद के साथ सावित्री सत्यवान की कथा का श्रवण किया। कथा में मृत्यु से अमरता, भाव से भगवान, जड़ में चैतन्य एवं आस्था से परमात्मा तक पाने का अटूट विश्वास का पर्व, वट सावित्री कथा में उद्धृत किया गया है। प्रखंड के सभी क्षेत्रों में सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर पति के लंबी आयु के लिए कामना की।

### लोकल सेल चालू करने की मांग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हुरूमगढ़ा स्थित मैदान गुरूवार को संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राणा प्रताप सिंह एवं संचालन अजय साहू ने किया। बैठक में चारों राजस्व ग्राम कुरसे, बलकुदरा, देवरिया एवं दुंदुवा के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में भुरकुंडा रोड सेल में मोर्चा की 60 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते हुए रोड सेल चालू करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सीसीएल प्रबंधक के वादा खिलाफी को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन अविलंब विस्थापितों एवं प्रभावितों को 60 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल अविलंब चालू करे। अन्यथा चारों राजस्व ग्राम के ग्रामीण विस्थापित एवं प्रभावितों द्वारा भुरकुंडा सीसीएल उत्पादन ठप एवं डिस्पैच अनिश्चितकाल के लिए ठप कर देंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी एवं जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। बताया गया कि संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की अगली बैठक 12 जून को सुबह सात बजे कुरसे पंचायत भवन में आयोजित की जायेगी। जिसमें आगामी रणनीतियों की घोषणा की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से फुलेश्वर राम, कैलाश प्रसाद, राजेश मुंडा, राजाराम प्रसाद, खुशबू देवी, बिहार मांझी, देवानंद प्रसाद, महेश, राजेश्वर सिंह, कपूर सिंह, जलाल सिंह, श्रीनाथ करमाली, वीरेंद्र यादव, बबलू यादव, हरिचरण करमाली, राजकुमार साहू, गोविंद, ललित कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार, महेश सिंह, राजकुमार राम, मदन सिंह, चरकू मुंडा, योगेंद्र सिंह, परमवीर सिंह, विशेशवर राम, शंकर मुंडा, राजकृष्ण सिंह, प्रीतम सिंह, राजदेव कुमार, लक्खी राणा, राजदीप सिंह, मुकेश सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जायसवाल का भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



कुजू। हजारीबाग लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान हजारीबाग से दिल्ली जाने के क्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में धनहारा चौक में जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। जायसवाल जैसे ही उक्त स्थल पहुंचे ठीक वैसे ही कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी नारे के बीच फूल माला से लाद दिया। उन्होंने लोगों का आभार प्रकट किया। मौके पर उन्होंने कहा की हमारी जीत जनता की जीत है। उनके ही आशीर्वाद के बदौलत हम यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा की आपलोग विश्वास रखे सभी के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। मौके पर प्रवीण मेहता, जगेश्वर प्रजापति, पंकज शाह, मनोज गिरी, अर्जुन यादव, अर्जुन कुशवाहा, विनोद प्रसाद, जयकिशोर महतो, संतोष शर्मा, बालगोविन्द बेदिया, देवनाथ कुशवाहा, दुर्योधन यादव, कमलेश बेदिया राजेश प्रजापति, छोटन प्रजापति, जनक प्रसाद, देवनाथ कुशवाहा, रवि कुशवाहा, दुर्योधन यादव उमेश कुशवाहा मुरली कुशवाहा, गुड्डू सिंह, वीरेंद्र प्रसाद साहू, अरुण राजवंश, पंकज मिश्रा, भोला मिश्रा, बढन रजवार, सुरेश ठाकुर,सुखदेव ठाकुर, रवि तिवारी, जुगल महतो, राजू साव, शत्रुघ्न अग्रवाल, प्रदीप ठाकुर, राजू रजवार, बिट्टू कुशवाहा, विजय गिरी, देवेंद्र गिरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा- आजसू के लोग शामिल थे।

सांसद मनीष जायसवाल माता- पिता से आशीर्वाद लेकर पत्नी संग दिल्ली रवाना, कहा

# लौटकर जल्द जनसेवा में जुटूंगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लगातार दो बार हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के बाद मनीष जायसवाल अब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट से चुनाव जीतने के बाद अब सांसद के रूप में हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र की जनता का सेवा करेंगे। 04 जून को चुनाव परिणाम घोषित हुआ जिसमें बड़े मार्जिन से मनीष जायसवाल विजयी हुए। सांसद निर्वाचित होने के बाद एनडीए कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और अंग वस्त्र- ओढ़ाकर गर्म जोशी सेस्वागत किया। इस दौरान लोगों ने जायसवाल, भाजपा और एनडीए के समर्थन में खूब नारे भी लगाए। समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी भी किया। जायसवाल ने चरही चौक पर शहीद जयवीर मेहता और रामगढ़ सुभाष चौक पर क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जायसवाल संसद में कदम रखने से पूर्व पूरे रास्ते हजारीबाग से लेकर रामगढ़ तक लोगों से मिले तो जनता और नेता दोनों का चेहरा खुशी से खिला दिखा। रामगढ़ से रांची पहुंचे और क्वस रिसॉर्ट परिसर में भाजपा, झारखंड प्रदेश इकाई के द्वारा आयोजित राज्य के नवनिर्वाचित सांसदों और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के स्वागत समारोह सह संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए। जिसके बाद बिरसा मुंडा अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा, रांची से पत्नी निशा जायसवाल के साथ दिल्ली के लिए उड़ान भरा। जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद और समर्थन से दिल्ली जा रहा हूं जल्द लौटकर पुनः क्षेत्र भ्रमण कर जनसेवा के कार्यों में जुटूंगा। जायसवाल ने कहा कि एनडीए के समस्त कार्यकर्ताओं ने प्रचंड गर्मी में कठोर परिश्रम किया जिसका प्रतिफल हुआ कि क्षेत्र में कमल खिला।

उन्होंने यह भी कहा कि मुझ पर विश्वास जताने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की तमाम जनता का कोटि-कोटि आभार, मैं आपकी आशा व आकांक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा ।

## रामगढ़ में सांसद का भव्य स्वागत



**रामगढ़।** भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल ने गुरुवार को सुभाष चौक पर सांसद मनीष जायसवाल का दिल्ली जाने के क्रम में स्वागत किया। नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा आजसू के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों गर्मजोशी से सांसद का स्वागत बुके देकर और माला पहनाकर किया गया। साथ ही प्रचंड जीत की उन्हें बधाई दी गई। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ संजय सिंह , रंजन सिंह फौजी, राजीव रंजन प्रसाद , मनोज जायसवाल , नमेंद्र चंचल, विजय जायसवाल, दीपक सोनकर,प्रवीण कुमार सोनू, बसुध तिवारी, रोबिन गुप्ता,कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार,महेंद्र प्रजापति,सुबोध सिंह, महेश चौधरी, उमेश प्रसाद, प्रभारी वरुण सिंह, लक्ष्मी देवी, महामंत्री सारिका राठौर,रूपा कुमारी, शिवकुमार महतो, सरदार अनमोल सिंह,,नीरज पाठक आदि शामिल थे। वहीं नयामोड कुजू फोरलेन में गुरुवार को सांसद मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह व भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू के सयुंक्त नेतृत्व में उपस्थित कार्यकर्ताओ ने जायसवाल को फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। जायसवाल ने कहा कि यह जीत आपकी है। ये जीत जन जन की विश्वास की जीत है। उन्होंने उन कार्यकर्ता का आभार किया जो इस तपती गर्मी मे कठोर परिश्रम कर उनको जिताने का काम किया। जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसपर मैं खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। स्वागत करने वाले में रामगढ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री खिरोधर साहू, वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, हजारीबाग जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जगेश्वर प्रजापति, पंकज साहा, उमेश चंद्र पटेल, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, धर्मेन्द्र सिंह, सुधान सिंह, डिंपल प्रजापति, सरवन सिंह, मननु महतो, भीम महतो, सूरज महतो, संजय महतो, दशरथ प्रसाद केशरी, सुखदेव प्रसाद सोनी, गणेश सोनी, जनक प्रसाद, , पंचीत महतो, अशोक कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार आदि शामिल थे।

### अजीम प्रेमजी विवि के चार छात्रों ने किया शोध

**रजरप्पा।** गुरुवार को अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के चार स्नातकोत्तर छात्रों ने चितरपुर स्थित स्कूलाजियम माउंट एवरेस्ट लर्निंग फाउंडेशन में एक महीने का शोध पूरा किया। स्कूलाजियम के डायरेक्टर साजिद हुसैन ने मोमेंटो देकर उन्हें विदाई दी। आगे की शोध वे बेंगलुरु स्थित अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में रहकर करेंगे। इन छात्रों ने तीन अलग-अलग क्षेत्रों पर शोध किया।

श्वेता तिर्की ने समाजशास्त्र को व्यावहारिक तरीके से पढ़ाने पर शोध किया। पूर्णिमा बारला ने भाषा और साहित्य पर शोध किया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को पाठ्य पुस्तकों से आगे कहानी की किताबें पढ़ाने के तरीकों पर था। कविता ने प्रारंभिक बाल्यकाल शिक्षा पर शोध किया। रोशनी एक्का ने बाल्यकाल और टेक्नोलॉजी के प्रभाव पर शोध किया, जिसका उद्देश्य टेक्नोलॉजी का उपयोग कर शिक्षा को प्रभावी बनाना था।

## एक जुलाई से लगेगा एडल्ट बीसीजी टीका



**रामगढ़।** टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने तथा इसके लिए एक जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान को लेकर गुरुवार को उपायुक्त श चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों विभिन्न एजेंसियो के प्रतिनिधियों आदि को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया की देश को 2025 तक टीवी मुक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बृहद रूप से टीबी मरीजों की पहचान करने एवं उन्हें टीबी रोग से बचाने हेतु एडल्ट बीसीजी टीका दिया जाना है इसके लिए 7 जून 2024 से 20 जून 2024 तक जिले के अलग-अलग संभावित क्षेत्र जहां वर्तमान में टीबी मरीज इलाजरत हैं अथवा उन क्षेत्रों जहां लोगों के टीबी रोग से पीड़ित होने की संभावना है को चिन्हित कर बृहद रूप से सर्वे किया जाना है। सर्वे के उपरांत चिन्हित व्यक्तियों को 1 जुलाई से बीसीजी का टीका दिया जाएगा।

### आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक देवनारायण के निधन पर शोक

**बरही।** बुधवार रात 8.40 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, पूर्व विभाग प्रचारक, प्रांत शारीरिक प्रमुख, किसान संघ के प्रांतीय व क्षेत्रीय संगठन मंत्री देवनारायण जी का रांची के गुरु नानक अस्पताल में स्वर्गवास हो गया। गुरुवार को पार्थिव शरीर को प्रांत कार्यालय निवारणपुर रांची से उनके पैतृक आवास सासाराम (बिहार) ले जाया गया। गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के प्रांगण में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। बरही के संघ परिवार ने श्रद्धांजलि दी। उनके पार्थिव शरीर के साथ चल रहे प्रांत सह कार्यवाह धनंजय सिंह, प्रांत ग्राम विकास प्रमुख महेंद्र , प्रांतीय किसान संघ संगठन मंत्री एवं विभाग प्रचारक आशुतोष व मंटू को अल्पाहार के साथ अश्रु पूर्ण नेत्रों से विदा किया। पुष्पांजलि अर्पित करने वालो में दयानंद चौरसिया, त्रिवेणी साव, राजेश केशरी, प्रभु राणा, गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमार, निरंजन प्रसाद, पिंटू केसरी, बलराम केसरी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा की जीत पर भुरकुंडा में निकला जुलूस





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जायसवाल की जीत पर भुरकुंडा मंडल के भाजपाइयों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। बुधवार की शाम भाजपा भुरकुंडा मंडल के अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भुरकुंडा थाना मैदान और बाजार में जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साथ ही सबों को मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। इस इस दौरान 100 फीट झंडे के साथ भव्य जुलूस भी निकाला गया। जहां कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए जनता का अभिवादन किया। जुलूस थाना मैदान से शुरू होकर भुरकुंडा बाजार, बिरसा चौक, मतकमा चौक, सयाल मोड़ आदि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए करते हुए लोगों का अभिवादन किया। मौके पर सतीश मिश्र ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश व झारखंड में एनडीए की जीत जनता की जीत है। इस जीत के साथ एक बार फिर से देश में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और जनता का विकास होगा। इस अवसर पर सतीश मिश्रा ने क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस आस्था व विश्वास के साथ जनता ने हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से मनीष जायसवाल को जीत दिलाया है, आने वाले समय विकास की गंगा बहेगी। मौके पर सतीश मोहन मिश्रा, अमरेश सिंह, योगेश दांगी, संजीव कुमार बाबला उर्फ बबल सिंह, अशोक सोनी, मुखिया अजय पासवान, बाबूलाल नायक, जुगल नायक, प्रकाश नायक, अशोक ठाकुर, योगेश दांगी, कन्हैया यादव, ज्योति सिंह, लालामुनी ठाकुर, रामस्त्रिस्ट, अमृत, आकाश कुमार, अंजू ठाकुर, बाबूलाल गोस्वामी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

**भदानीनगर मंडल ने मनाया जश्न** : हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल की भारी मतों से जीत पर भाजपा भदानीनगर मंडल ने जमकर जश्न मनाया। साथ ही मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। मनीष जयसवाल के हजारीबाग लोकसभा का सांसद बनने की खुशी में बुधवार की शाम भादानीनगर मंडल के अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में मतकाम चौक पर भाजपाइयों ने जोरदार आतिशबाजी की। साथ ही एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर एं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री दांगी ने भादानीनगर मंडल की ओर से हजारीबाग के नए सांसद मनीष जयसवाल को बधाई दी। उन्होंने कहा की देश में फिर से मोदी सरकार बनने जा रही है। देश में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। उन्होंने कहा की कार्यकताओं को चुनाव में कड़ी मेहनत करने से जो सकारात्मक परिणाम आया है इसके लिए मंडल टीम के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। भादानीनगर मंडल क्षेत्र में सांसद के नेतृत्व में चौतरफा विकास होगा। यह जीत जनता की जीत है। उन्होंने जनता का अभिवादन किया। जयसवाल को बधाई देने वालों में मोती नारायण सिंह, राजेंद्र मुंडा, अनिल खरवार, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह आशीष शर्मा पंचम महतो, बालेश्वर, बीरेंद्र सिंह, लुकेश्वर झागू बेदिया, जग्गू बेदिया, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, संदीप कुमार, भोला कुमार, राजेश महतो, विद्यासागर ओझा सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

## एक नजर में

### दारू में सुहागिनों ने रखी वट सावित्री व्रत



**दारु।** प्रखंड में गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया वट सावित्री पूजा। बक्शीडीह, चिरुवा , बडवार , ईरगा, सुल्तानी दारूडीह ,दारू, पेटो,हरली झुमरा गांव में वट वृक्ष के नीचे विधि विधान से किया गया पूजा । नई सुहागिन भी हर्षोल्लास और आनंद में से पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद सुहागिन स्त्रियां पति के पैर छू कर आशीर्वाद लिया।

### चरही चौक पर जायसवाल का भव्य स्वागत

चरही ।हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के नव निर्वाचित एनडीए गठबंधन के भाजपा सांसद मनीष जायसवाल को हजारीबाग से दिल्ली जाने के क्रम में चरही चौक पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में एनडीए कार्यकताओं के द्वारा फूलमाला पहनाकर व गुलदस्ता भेंटकर भव्य स्वागत किया गया ।इसके पश्चात नव निर्वाचित सांसद के द्वारा चरही में रोड शो कर लोगों का आभार प्रकट करते हुए शहीद स्व.जयवीर महतो के आदम कद प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, वीणा मिश्रा,सुरेंद्र महतो,रोहित महतो,डॉ. रामसेवक प्रसाद,आशा राय, अजीत सिंह,प्रवील यादव,संजय साहू, घनश्याम महतो, सुनीता देवी, सतीश साहू,विनोद ठाकुर,गौतम सिंह,महादेव विश्वकर्मा, रमेश यादव,शंकर साव, पारस महतो,रामराज सिंह,संजय सिंह, भूमपाल ठाकुर,जुगेंद्र बर्णवाल,बीरेंद्र सिंह,बिक्की साह,गुडू बर्णवाल सहित भाजपा,आजसू और जदयू के कई नेता एवं कार्यकताओं उपस्थित थे।

### चरही में धूमधाम से हुयी वट सावित्री की पूजा

**चरही।** प्रखंड के चरही,चनारो,बहेरा,कजरी,फुसरी, तापीन, पिंडरा,चीचीकला,इंद्रा,जरबा सहित कई क्षेत्रों में गुरुवार को सुहागिनों ने आस्था का व्रत वट सावित्री पूजा विधि-विधान के साथ किया ।सुहागिनों ने गुरुवार सुबह स्नान कर नये वस्त्र में सज-धज तथा सलाह सृंगार कर पूजा के थाली को सजाकर पूजा करने के लिए वट वृक्ष के पास पहुंची ।सुहागिनों ने निर्जला उपवास कर व पति के लंबे उम्र सुख-समृद्धि को लेकर वट वृक्ष को विधिवत पूजा-अर्चना कर घी के दीपक को प्रज्वलित कर फल-फूल,बेलपत्र और प्रसाद को अर्पित किया ।साथ ही 108 दाने के चने का फल को अर्पित किया ।इस कार्यक्रम के बाद सुहागिनों ने वट वृक्ष को मौली धागे से लपेटते हुए 108 बार परिक्रमा किया ।इसके बाद ब्राह्मणों से सत्यावाण और सावित्री की कथा सुनी ।पूजा संपन्न होने के बाद सुहागिनों ने विधिवत पारण कर व्रत को समापन किया।

### चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में लगाये गये 200 पेड़

चरही। चिंतपूर्णी स्टील स्पंज प्लांट के प्रांगण में पर्यावरण दिवस के अवसर पर दो सौ पेड़-पौधे लगाए गए। प्रबंधक संतुभाई माणिक ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर कंपनी के द्वारा प्रत्येक वर्ष पेड़-पौध लगाए जाते हैं ।ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे ।आगे कहा कि ग्रामीण अपने जमीन पर पेड़-पौधों को लगाएं और पर्यावरण को दूषित होने से बचाएं। मौके पर प्लांट के मैनेजर सीएम सिंह,तापस ने प्लांट के आस-पास कई पेड़-पौधे लगाए ।मौके पर प्लांट के पदाधिकारी,कर्मचारी और उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ : महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

विष्णुगढ़। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों व मोहल्लें विष्णुगढ़ बनासो, नवादा, कुसुम्भा सहित अनेकों जगह में पति की लम्बी उम्र के लिए मनाया जाने वाला वट सवित्री व्रत बड़े ही धूम धाम से मनाया गया । सुहागिन महिलायें वट वृक्ष पूजा विधि विधान से की और पति की लंबी उम्र की कामना की। खरबूजा, रोली, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य, सूत आदि से वट सावित्री की पूजा विधि विधान से की गई।

### चरही में कृषक मित्रों की बैठक

चरही। चूरचु प्रखंड के चरही सोमवार बाजारटांड स्थित कृषक मित्रों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षत सहायक तकनीकी प्रबंधक नकुल कुमार आत्मा हजारीबाग ( चूरचु प्रखंड ) ने किया। कुमार ने कहा कि जो किसान खेती करते हैं,या करना चाहते हैं, वैसे किसान अपना खेत या बारी की मिट्टी जांच निशुल्क आत्मा के द्वारा किया जा रहा है। वैसे चूरचु प्रखंड के सभी किसान अपना खेत या बारी की मिट्टी जांच करवा सकते हैं। इसके लिए किसान का नाम पिता/ पति का नाम,गांव का नाम, जमीन का खाता व प्लॉट नंबर और मोबाइल नंबर तथा अपने खेत या बारी की मिट्टी को जमा करें। मिट्टी की जांच निशुल्क करा सकते हैं। मिट्टी कृषक मित्र चरही चुरचू वाडी फल सब्जी प्रड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय चरही बजारटांड में कर सकते हैं। बैठक में खरीफ मौसम खेती की तैयारी पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से कृषक मित्र चौलेशवर महतो, राजेंद्र साव,नरेश कुमार महतो,सुरेश महतो,अशोक प्रासाद,कामेश्वर यादव रोहित महतो, मो.तामीर अंसारी, अशोक कुमार महतो और मेघनाथ महतो शामिल थे।

### टाटीझरिया में हुयी वट सावित्री की पूजा

टाटीझरिया ।अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाएं ने की वट सावित्री पूजा प्रखंड क्षेत्र में जगह जगह सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अपने आस पड़ोस के साथ मिलकर पहुंचे वट वृक्ष के पास और पूजा अर्चना कर वटसावित्री की पूजा की और अपने अपने पति के लिए लंबी आयु और घर परिवार की सुख समृद्ध की कामना की कोई व्रती 108 बार कोई 11तो कोई 51 बार वट वृक्ष की फेरा लगाई फिर सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। खैरा, अमनारी, झरपो, टाटीझरिया, भराजो गोधिया, टटगांवा,जरगा, नारायणपुर, बेडमक्का, डहरभंगा, केसड़ा, डूमर, धर्मपुर, खम्भवा, होलंग, सहित अन्य गांवो में महिलाएं उपवास कर वृक्ष के नीचे महिलाएं जुटीं और पूजा कीं। प्रसाद वितरण भी किया गया।

### अडाणी फाउंडेशन ने ग्रामीणों को दिया पौधा

**बड़कागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोंदलपुरा खनन परियोजना की ओर से बड़कागांव स्थित कार्यालय परिसर में बुधवार को उपस्थित लोगों ने बड़ी संख्या में पौधे लगाए, वहीं दूसरी ओर अडाणी फाउंडेशन की ओर से बड़ी संख्या में ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण किया गया। इनमें आम, लीची, चीकू, अनार, आंवला, नीम, नारियल, शरीफा, अमरूद, नींबू, कटहल आदि के पौधे शामिल थे। इस कार्यक्रम में तीन हजार पौधारोपण और वितरण संपन्न हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम, ₹भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें पुरस्कार स्वरूप ड्रॉइंग किट और अन्य पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मौजूद लोगों ने पर्यावरण बचाने की भी शपथ ली।

### बरही में महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

बरही। बरही के हजारीबाग रोड, गया रोड, धनबाद रोड, पटना के अलावा प्रखंड के सभी पंचायत व गाँव में सुहागन महिलाएं अपने पति की सलामती व लंबी उम्र के लिए किए उपवास रखकर वट सावित्री व्रत पूजा विधि विधान से पूजन पाठ किया गया। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत बेहद पुण्यदायी माना गया है। इस दिन वट वृक्ष की पूजा का विधान है। वहीं सुहागन महिलाएं अपने पति की सलामती के लिए इस दिन का उपवास रखती हैं, जो महिलाएं इस दिन का व्रत रखती हैं उन्हें अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान मिलता है। वट सावित्री का व्रत सुहागन महिलाओं के लिए बहुत खास होता है। जो महिलाएं इस कठिन व्रत का पालन करती हैं, उनका वैवाहिक जीवन बहुत अच्छा रहता है। वट सावित्री व्रत पूजा विधि में कच्चा सूत, जल से भरा कलश, हल्दी, कुमकुम, फूल और पूजन की सभी सामग्री लेकर वट वृक्ष पर जल अर्पित कर फिर पेड़ के चारों ओर 7 बार परिक्रमा किए और उसके चारों ओर सफेद कच्चा सूत बांधे।

# मोदी ब्रांड की छवि पर जो आघात हुआ है, उससे हैरानी

**नीरज कुमार दुबे**

भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है।



भारत की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला दशक काफी बड़े और कड़े फैसलों वाला रहा और उनके निर्णयों और नेतृत्व की धमक देश में ही नहीं पूरी दुनिया में रही जिसके चलते वह समूचे विश्व में सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में उभरे। लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम उनके लिए आश्चर्य लेकर आये जब उनकी पार्टी भाजपा ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया और सरकार बनाने के लिए दूसरे दलों पर निर्भर हो गयी। इन चुनाव परिणामों ने मोदी की अजेय रहने वाले नेता की छवि पर बहुत बड़ा असर डाला है जिसकी गूंज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। देखा जाये तो भारत में तो विपक्ष मोदी को राजनीतिक रूप से नुकसान पहुँचाना चाहता ही था साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई ऐसी शक्तियां थीं जोकि मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में पुख्ता होती छवि को नुकसान पहुँचाना चाहती थीं। कह सकते हैं कि भारत में विपक्ष को और विदेशों में भारत विरोधी शक्तियों को कहीं ना कहीं अपने मिशन में थोड़ी-बहुत कामयाबी मिल गयी है। लेकिन यह भी सत्य और एक तथ्य है कि मोदी की कार्यशैली मक्खन पर नहीं अपितु पत्थर पर लकीर खींचने की है इसलिए वह तीसरे कार्यकाल में अपने कामकाज से विरोधियों को तगड़ा जवाब अवश्य ही देंगे।

चुनाव परिणाम यह भी दशार्ते हैं कि 'अबकी बार 400 पार' के नारे की ही नहीं बल्कि 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे' जैसे नारों की भी हवा पूरी तरह निकल गयी है। चुनाव प्रचार की बात हो या भाजपा के संकल्प पत्र में किये गये वादों की, सब कुछ 'मोदी की गारंटी' के ही इर्दगिर्द केंद्रित था इसलिए कहा जा सकता है कि मोदी ब्रांड की छवि पर सीधा असर पड़ा है। इसलिए अब समय आ गया है जब भाजपा को सिर्फ मोदी नाम के सहारे रहने की बजाय और भी पहलुओं पर काम करना पड़ेगा। जबसे मोदी केंद्र की राजनीति में आये हैं तबसे यही देखने को मिलता है कि पंचायत से लेकर संसद तक के चुनाव पर भाजपा सिर्फ मोदी नाम के सहारे ही रहती है। भाजपा ने चुनाव में 'मोदी की गारंटी' के अलावा 'विकास भी और विरासत भी' का नारा दिया था और करोड़ों लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने तथा भारत के सांस्कृतिक गौरव की बहाली की दिशा में उठाये गये कदमों का हवाला दिया था फिर भी वह स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर रह गयी।

दूसरी ओर, भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है। आप दुनिया भर की समाचार वेबसाइटों को देखेंगे तो सभी ने मोदी की सीटें घटने पर हैरानी जताई है। इन चुनाव परिणामों ने मोदी के विदेशों में रुतबे को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। दरअसल, जिस तरह का माहौल बनाया गया था उसमें ना तो देश में और ना ही दुनिया में किसी को इस तरह के चुनाव परिणामों की अपेक्षा थी। यही कारण है कि भाजपा तो अपने चुनावी प्रदर्शन पर मंथन कर ही रही है दुनिया के भी कई बड़े नेता भारत के चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा कर रहे हैं और इसके कारणों की समीक्षा कर रहे हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि साल 2024 में दुनिया के अधिकांश देशों में चुनाव होने हैं। कई छोटे-बड़े देशों में जून महीने की शुरूआत तक चुनाव हो चुके हैं और अमेरिका सहित कई अन्य देशों में चुनाव इस साल के अंत से पहले होने हैं। एक खास बात यह है कि अब तक जितने देशों में चुनाव हुए हैं उनमें से ज्यादातर में सरकारें वापस सत्ता में नहीं लौटी हैं लेकिन मोदी दस साल राज करने के बाद भी तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौट आये हैं। भले उनकी सीटों की संख्या कम हो गयी है लेकिन काम करने के लिए उनके पास स्पष्ट जनादेश है। मोदी ने जब 2014 में भारत सरकार की कमान संभाली थी तबसे दुनिया के तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष बदल चुके हैं लेकिन मोदी सत्ता में कायम हैं जिसका सीधा मतलब यही है कि जनता को उनके नेतृत्व और उनकी नीतियों में विश्वास है। यह विश्वास ही तो है कि विपक्ष के घोषणापत्र में की गयी फ्री की तमाम सौगातों की बजाय जनता ने मोदी के वादों को तवज्जो दी है।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की आखिरी कैबिनेट बैठक की बात करें तो उसमें उन्होंने साफ कहा है कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है और नंबरगेम चलता रहता है। उन्होंने कहा है कि लेकिन इस सबका असर देश के विकास पर नहीं पड़ना चाहिए। वैसे देखा जाये तो लोकतंत्र में नंबरगेम ही मायने रखता है लेकिन मोदी के लिए इसका खास महत्व नहीं है। इस बात को हम गुजरात के उदाहरण से भी समझ सकते हैं। मोदी के मुख्यमंत्री रहते हुए भाजपा ने 2002 में 127 सीटों पर जीत हासिल की थी उसके बाद पार्टी अगले चुनाव में 117 सीटों पर और उसके बाद 116 सीटों पर पहुँच गयी थी। यही नहीं, मोदी के दिल्ली आने के बाद गुजरात में जो पहला विधानसभा चुनाव हुआ था उसमें भाजपा 99 सीटों पर आ गयी थी लेकिन 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने गुजरात में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये थे। नंबरगेम ऊपर नीचे होता रहा लेकिन मोदी ने गुजरात के विकास को जरा भी प्रभावित नहीं होने दिया।

बहरहाल, देखा जाये तो लोकसभा चुनाव परिणाम से पहले तक माना जाता था कि देश में मोदी के बराबर का कोई नेता नहीं है लेकिन विपक्ष के तमाम नेताओं को जनता ने जो ताकत दी है उससे मोदी के आसपास अब कई नेता खड़े हो गये हैं। नई संसद में जो दलीय स्थिति बनी है और स्पष्ट बहुमत की बजाय गठबंधन सरकार की जो नौबत आई है उसको देखते हुए मोदी की चुनौतियां तो बढ़ गयी हैं लेकिन मोदी चुनौतियों को चुनौती देकर मंजिल पर समय से पहले पहुँचने वाले नेता हैं यह बात सबको याद रखनी चाहिए।

# स्मृति ईरानी की हार से सीख लें हर हारा प्रत्याशी

**गौरव अवस्थी**

**अठारहवीं** लोकसभा चुनाव में अमेठी से स्मृति ईरानी की हार ने सबको चौंका दिया। कारण, उन्होंने अपनी जीत का दावा बढचढ़कर किया था और राहुल गांधी को सीधे मुकाबले के लिए ललकारा था। स्मृति ईरानी को पराजय का स्वाद गांधी परिवार के उस करीबी किशोरी लाल शर्मा से चखना पड़ा है जिन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने कोई महत्व ही नहीं दिया था। उनके इस दंभ का जवाब जनता ने ईवीएम का बटन दबा कर दिया। उन्होंने राहुल गांधी को 2019 के चुनाव में जितने वोटों से हराया था, उससे दोगुने से ज्यादा वोटो से गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने उन्हें परास्त कर दिया।



चुनाव परिणाम जानने के बाद लोगों की जिज्ञासा अब यह जानने में हो गई है कि जिस अमेठी पर स्मृति ईरानी को पांच साल में ही नाज हो गया था, आखिरकार उसने इतनी जल्दी उन्हें खारिज क्यों कर दिया। इसके एक नहीं अनेक कारण खोजे और गिनाए जा सकते हैं। पहले तो यह कि स्मृति ईरानी को यह अंदाज नहीं था कि राहुल गांधी अमेठी छोड़ देंगे। इसीलिए वह अमेठी में अपने काम गिनाने की बजाय पिछले 5 साल में गांधी परिवार और खास तौर पर राहुल गांधी को कोसने में ही लगी रहीं। अमेठी के लोगों में इसीसे उनकी नकारात्मक छवि बनी और चुनाव आते-आते यह नकारात्मक छवि नाराजगी में तब्दील हो गई। वोटरों के इस नाराजगी को ईरानी और उनके प्रबंधक आखिर तक पहचान ही नहीं पाए। मतदान के पहले और मतदान के बाद भी ईरानी के लोगों की मनमानी जारी रही। किशोरी लाल शर्मा समेत कई लोगों पर दबाव बनाकर एफआईआर दर्ज कराई गईं। इनमें दो तो यूट्यूबर थे।

गांधी परिवार को हल्के में लेना स्मृति ईरानी की रणनीतिक भूल रही। गांधी परिवार ने 40 साल से रायबरेली-अमेठी के लोगों के अपने माध्यम से सेवा कर रहे किशोरी लाल शर्मा की छवि और काम को आगे करके स्मृति ईरानी को जवाब देने की रणनीति बनाई और प्रियंका गांधी ने उस रणनीति को अपने धुआंधार प्रचार से धार दी। यह ध्यान में रखने वाली बात है कि प्रियंका गांधी ने जितना समय भाई के लिए रायबरेली में दिया उतना ही समय अपने परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी सीट अमेठी में पार्टी प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए भी दिया।

किशोरी लाल शर्मा ने भी अपने प्रचार के दौरान गांधी परिवार से रिश्तों और विकास की कहानी ही बताई, स्मृति ईरानी का एक बार नाम भी नहीं लिया। चुनाव में उनकी अपनी यह रणनीति कारगर रही। मतदाताओं ने उनके इस व्यवहार को पसंद भी किया। प्रियंका गांधी की एग्रेसिव कैंपेनिंग तो काम आई ही साथ ही स्मृति ईरानी की अपनी गलतियां भी उनको पराजय के द्वार तक ले जाने में मददगार बनीं। 2019 में राहुल गांधी को हराने वाली स्मृति ईरानी शायद आत्मविश्वास के अतिरेक का शिकार हो गईं। संगठन के कार्यकताओं को दरकिनार करके दूसरे दलों के एक वर्ग विशेष के नेताओं को तवज्जो देना भी उनके लिए चुनाव में घातक साबित हुआ। इन बड़े स्थानीय नेताओं से घिरे रहने की वजह से अमेठी के आम लोग उनसे दूर ही होते गए।

अमेठी की ग्राउंड रिपोर्टिंग के दौरान मैंने यह खुद महसूस किया कि आम लोग स्मृति ईरानी से केवल इसलिए नाराज थे कि वह बड़े लोगों को ही पहचानती हैं। उन्हीं के घर आती जाती हैं और आम लोगों से उनका कोई वास्ता नहीं। उनके इसी व्यवहार ने भाजपा के कट्टर समर्थकों तक को पार्टी से दूर कर दिया। ऐसा एक बड़ा वर्ग इस बार ईरानी को सबक सिखाने के लिए ही किशोरी लाल शर्मा या कांग्रेस के पक्ष में खुद-ब-खुद चला गया।

ईरानी की हार में उनके प्रतिनिधि विजय गुप्ता भी एक बड़ा कारण बने। विजय गुप्ता का व्यवहार किसी मंत्री के रसूख से भी ज्यादा था। अमेठी के लोग तो यह भी कहते हैं कि ईरानी उसी से बात करती थीं जिसकी तरफ विजय गुप्ता इशारा करते थे। अमेठी में स्मृति से नाराजगी की वजह एक गैरसरकारी संगठन 'उत्थान' भी बताया जा रहा है। अमेठी में चुनाव के दौरान कुछ कार्यकताओं ने दबी जुबान से बताया कि सरकार और सांसद निधि से होने वाले सारे काम ह्यउत्थानह्ल संस्था के मार्फत ही कराए जाते हैं। इससे कार्यकताओं के लिए कोई अवसर ही नहीं है। इस आरोप में कितनी सचाई है, जांच का विषय है।

स्मृति ईरानी ने अमेठी की परंपरा कही जाने वाली एक किंवदंती को भी नजरअंदाज किया। वह यह कि गांधी परिवार के अलावा अमेठी की जनता ने किसी भी उम्मीदवार दोबारा मौका नहीं दिया। अमेठी में यह चर्चा आम थी, लेकिन स्मृति ईरानी और उनके प्रतिनिधि के कानों तक नहीं पहुंची या उन्होंने अनसुना कर दिया। अगर जनता की इस बात को ही ईरानी ने गंभीरता से लिया होता तो परिणाम आज ऐसा न होता। अमेठी की जनता ने गैर गांधी परिवार के राजेंद्र प्रताप सिंह को 1977, कैप्टन सतीश शर्मा को 1996, संजय सिंह को 1998 और स्मृति ईरानी को 2019 में अवसर दिया। इतिहास है कि इन सभी को अमेठी की जनता ने दोबारा जीत का अवसर नहीं दिया। इनमें कैप्टन सतीश शर्मा तो कांग्रेस के ही टिकट पर जीते थे और गांधी परिवार के हनुमान कहे जाते थे, लेकिन जनता ने उन्हें भी दोबारा आम चुनाव में अवसर नहीं दिया। स्मृति इस किंवदंती को तोड़कर इतिहास रच सकती थीं। पर अपने ही कारणों से वे चूक गईं। नकरात्मक प्रचार और अहंकार से बचे हर प्रत्याशी क्योंकि यह धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन जाता है। निश्चित ही आपके वाणी और व्यवहार नियंत्रित हो।

# रामनगरी अयोध्या में किन कारणों से हारी भाजपा

**आचार्य डॉ राधे श्याम द्विवेदी**

बीजेपी ने अयोध्या धाम के विकास पर सबसे ज्यादा फोकस किया। सोशल मीडिया से लेकर चुनाव-प्रचार में अयोध्या धाम में हुए विकास कार्यों को बताया गया लेकिन बीजेपी ने अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया।

देश प्रदेश तथा अंतराष्ट्रीय जगत में इस प्रकरण को बहुत ही अहमियत मिली, परन्तु 2024 के आम चुनाव में भाजपा ने अपनी स्थिति बरकरार बनाए रखने में विफल रही । उत्तर प्रदेश की सबसे हॉट सीट बनी फैजाबाद-अयोध्या लोकसभा सीट तथा उससे लगे हुए अंबेडकर नगर, बस्ती, खलीलाबाद सुलतानपुर, अमेठी, रायबरेली और गोंडा आदि पर भी भारतीय जनता पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। चुनाव हारने के प्रमुख कारणः-

1.माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अतिसक्रियताः-

जब देश और प्रदेश के मुखिया जहां ज्यादा सक्रिय रहेंगे वहां स्थानीय सांसद और विधायक की पकड़ ढीली हो जायेगी। वह लोगों में अपनी इमेज नहीं बना पाएगा। वह आम जनता से दूर होता जायेगा। इस कारण एसटी स्थानीय सांसद और विधायक अपना कर्तव्य बखूबी से निभाने में विफल रहे।

2. पुराने जन प्रतिनिधियों का सहयोग ना ले पानाः-

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि अयोध्या आंदोलन के प्रणेता माननीय आडवाणी जी, विनय कटियार जी, उमा भारती जी, रितंभरा जी, मुरली मनोहर जोशी जी, कल्याण सिंह जी आदि का सहयोग नहीं लिया गया। सब कोई प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सक्रियता के कारण अपने कर्तव्यों का सम्यक निर्वहन ना कर सके।

3. विकास योजनाएं जनता को पसन्द नहींः-

अयोध्या में रामलला मंदिर के निर्माण के साथ करोड़ों की विकास योजनाओं को पूरा कराया गया। पिछले दिनों पीएम मोदी ने 15,700 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया था। अयोध्या में भव्य रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण किया गया है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का विकास किया गया। अयोध्या रामलला मंदिर के साथ-साथ सड़कों से लेकर गलियों तक को दुरुस्त किया गया। अयोध्या में विकास करना कोई काम नहीं आया। अयोध्या में 2017 के बाद से हर साल दिवाली पर दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों का भी प्रभाव नहीं दिखा। लोकसभा चुनाव 2019 के बाद अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को रामलला के मंदिर की आधारशिला रखने अयोध्या आए। कोरोना के खतरे के बीच रामलला का मुद्दा देश भर में गरमाया। 22 जनवरी को इस साल रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस समारोह में भाग लेने पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे थे। उनके साथ-साथ देश भर से विशिष्ट लोगों का यहां आगमन हुआ। ये सब जन आयोजन ना होकर सरकारी आयोजन बन गए।

4. राम लहर काम ना आईः-

राम मंदिर का मुद्दा वैसे तो पूरे देश के लिए अहम था, लेकिन उत्तर प्रदेश के लिहाज से कुछ सीटों पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव था। अब फैजाबाद सीट तो केंद्र में थी ही, इसके अलावा गोंडा, कैसरगंज, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, बस्ती सीट पर भी राम मंदिर का काफी प्रभाव था। यह सारी सीटें फैजाबाद के आसापास ही पड़ती हैं, ऐसे में माना जा रहा था यहां से बीजेपी को ज्यादा चुनौती नहीं रही। इस क्षेत्र के चुनावी नतीजों ने सभी को हैरान कर दिया है। जिस अयोध्या को लगातार राम नगरी कहकर संबोधित किया गया, जहां पर सबसे ज्यादा बीजेपी ने राम के नाम पर वोट मांगा, उसी सीट को राम विरोधी समाजवादी पार्टी ने हथिया लिया है।

5. ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा, फोकस सिर्फ अयोध्या धाम परः-

बीजेपी ने अयोध्या धाम के विकास पर सबसे ज्यादा फोकस किया। सोशल मीडिया से लेकर चुनाव-प्रचार में अयोध्या धाम में हुए विकास कार्यों को बताया गया लेकिन बीजेपी ने अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अयोध्या धाम से अलग ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीर बिल्कुल अलग रही। ग्रामीणों ने इसी आक्रोश के चलते बीजेपी के पक्ष में मतदान नहीं किया।

6. जमीनों का अधिग्रहणः-

अयोध्या में रामपथ के निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया। कई लोगों के घर-दुकान तोड़े गए। निराशाजनक पहलू यह रहा कि कई लोगों को मुआवजा नहीं मिला। इसकी नाराजगी चुनाव परिणाम में साफ नजर आ रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण में भी देखने को मिली। बड़ी संख्या में घर-दुकान तोड़े गए लेकिन प्रभावितों को उचित नहीं मिला।

7. प्रत्याशी को एंटी इन्कंबैंसी का असरः-

निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह के खिलाफ क्षेत्र में सत्ता विरोधी लहर थी। लोगों की नाराजगी उनके क्षेत्र में मौजूदगी को लेकर थी। उम्मीदवार से लोगों की नाराजगी उन्हें ले डूबी। उम्मीदवार के प्रति यह गुस्सा लोगों के भीतर बदलाव के रूप में उभरने लगा। वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और बड़े-बड़े मठों से तो जुड़े पर छोटे तपकों से दूर होते गए।

स्थानीय प्रत्याशी लल्लू सिंह के प्रति लोगो की बहुत नाराजगी रही। बीजेपी हाई कमान ने सांसद लल्लू सिंह पर भरोसा जताते हुए तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा था। यह निर्णय लोगों को अनुकूल ना लगा। भाजपा उम्मीदवार लगातार 10 साल से सांसद थे। उनको बदले जाने का दबाव स्थानीय स्तर के नेताओं की ओर से भी बनाया जा रहा था। इसके बाद भी भाजपा ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

# लोक आकांक्षा ही सर्वोपरि ! आम लोगों की जरूरतों को समझें सरकार

**गिरीश्वर मिश्र**

दो महीने के में सात चरणों में फैला लोकसभाई चुनाव नेताओं, चुनाव कर्मियों और वोटरों सबके लिए घोर तपस्या से कम न था। विश्व के विशालतम आम चुनाव के दौरान देश की जनता को अपने भारतीय लोकतंत्र की चाल-ढाल की विलक्षण छटाएं देखने को मिलीं। ग्यारह लाख और आठ लाख से ज्यादा के अंतर से लोग जीते तो नोटा का भी एक जगह डेढ़ लाख वोटरों ने इस्तेमाल किया। निर्वाचन आयोग पर तोहमतें लगती रहीं पर उसने मुस्तैदी और निष्पक्षता से कार्य किया । इस चुनाव में एक ओर दस सालों से काबिज राजसत्ता को कायम रखने के लिए उद्यत एनडीए था तो दूसरी ओर उसे सत्ता से बेदखल करने की फिराक में जुटा फुटकर दलों का फौरी इंडी गठजोड़ था । सत्ता-संघर्ष के नाटक के हर अंक में विविध दृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही कथानक के केंद्रविंदु बने रहे। इसके लिए आक्रामक रुख अपनाते और धिक्कारते स्वर में इंडी गठबंधन विकास कार्यों, आर्थिक प्रगति, गरीबों तथा पिछड़े तबकों की उन्नति के उपायों और आधार-संरचना के तीव्र विकास को झुठलाता रहा। भारत की आर्थिक उन्नति, निखरती अंतरराष्ट्रीय छवि और राष्ट्रीय गौरव बोध से भी उनका कोई वास्ता नहीं रहा। कांग्रेसी अगुआई में विपक्षी जोड़-तोड़ का एकल एजेंडा था मोदी से मुक्ति । इसलिए वे मोदी सरकार की उपलब्धियों को सिरे से खारिज करते रहे पर उनके पास भारत के लिए अपना कोई रचनात्मक खाका नहीं था ।

सत्ताधारी दल में ज्यादा ही आत्मविश्वास था कि चार सौ से अधिक सीटों को जीतेंगे परंतु उसे सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा तो मिला पर पिछले बार से कम सीटें ही मिल सकीं। लगातार दस वर्षों का कार्यकाल नेता और जनता दोनों को थका, उबा कर संतृप्त करने वाला भी होता है। मोदी काल में कई मोर्चों पर सक्रियता दिखती रही। उसी का फल है कि छह दशकों पहले का इतिहास दुहराते हुए एनडीए तीसरी बार लगातार सरकार बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। कांग्रेस ने पिछले चुनाव की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया।चुनाव के दौरान तरह- तरह के सवाल उठाए जाते रहे। सनातन और राम-मंदिर निर्माण को लेकर भी अनर्गल प्रश्न उछालते रहे। जनता-जनार्दन ने जिस उत्साह से राम-मंदिर का स्वागत किया और तीन महीने में ही डेढ़ करोड़ लोग दर्शन करने पहुंचे वह भावनात्मक एकता और मंदिर की बिना शर्त स्वीकृति का प्रमाण है। इस दौरान हिंदू और हिंदुत्व के कई रूप बनते-बिगड़ते दिखे। यह खेद की बात है कि हिंदू जीवन दृष्टि या जीवनशैली जो करोड़ों हिंदू आज भी जी रहे हैं वह सिद्धांत ही नहीं व्यवहार में भी इतना समावेशी है कि सारी विविधताओं को समेट कर धारण करता है। सीमित क्षेत्रीय बनाम व्यापक राष्ट्रीय आकर्षणों के बीच की रस्साकसी चलती रही। पड़ोसी देश की चिंता न करने का हवाला भी दिया गया ।

शक्ति और सामर्थ्य के नाम पर दिवास्वप्न सरीखे प्रलोभनों की लम्बी सूची जरूर तैयार की जाती रही कि अगर सरकार बन गई तो किस-किस समुदाय को क्या-क्या दिया जाएगा । चुनाव के बीच अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक के विवाद को भी तूल दिया गया। बहुसंख्यक होने से हिंदू और हिंदुत्व को संशयग्रस्त पहचान के रूप में स्थापित करना और अल्पसंख्यक के लिए खतरे से रक्षा का नाटक अपने वोट सुरक्षित करने के लिए किया जाता रहा। इसे राष्ट्रबोध और देश, संस्कृति सभ्यता सबको हाशिए पर धकेलने का उपक्रम बन गया। इसी तरह जाति को लेकर टिकट बांटने और मतदाताओं को अपने पक्ष में लेने की कोशिश सब दलों ने की । जाति समाज की एक सच्चाई है और सभी दल उसकी निंदा करते हैं परंतु उसी का सहारा भी लेना चाहते हैं, आरक्षण भी देना चाहते हैं। इसका राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल से आया है जहां 77 समुदायों को टीएमसी की सरकार ने गलत ढंग से ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया था जिसे उच्च न्यायालय ने गैर संवैधानिक पाकर निरस्त कर दिया था । चुनावी नतीजों ने जाति के बनते बिगड़ते समीकरणों की भूमिका फिर दिखा दी।

अब चौसठ करोड़ जनता के वोट के आधार पर नतीजे आ चुके हैं। ये नतीजे बताते हैं कि छोटे क्षेत्रीय दलों की स्थिति डांवाडोल हुई है और राष्ट्रीय दलों के साथ आपसी तालमेल कमजोर रही। विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय मुद्दे छाए रहे पर सबके मन में केंद्र में एक मजबूत सरकार लाने की इच्छा थी । भाजपा को इससे लाभ मिला । भाजपा दक्षिण भारत में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रही। मोदी ने जातियों से ऊपर उठ कर सनातन जैसे उदार और समावेशी विचार को आगे बढ़ाया जिसमें सभी जातियों के लोग जुड़ सके।

कभी व्यक्ति और कभी पार्टी को लेकर तोहमतें लगने के दौर भी लगातार चलते रहे । व्यवस्था के प्रश्न भी उठते रहे जिनमें ईवीएम की खामियां और निर्वाचन आयोग पर भी पक्षपात का आरोप खास रहा। जनता ने आत्मावलोकन और बाह्यावलोकन दोनों किया। उसे विचार की किल्लत कई तरह से दिखी। क्या और कब कहा जाए इसका विवेक न होना बड़ा खला। गौरतलब है कि चुनाव के दौरान करोड़ों रुपये के कैश जब्त हुए। विरुद्धों के सामंजस्य को दशार्ते आआप, कांग्रेस और टीएमसी जैसे दल तथा शेष इंडी के बीच के आपसी रिश्ते अवसर पर टिके थे। इस बीच राजनीतिज्ञों की भ्रष्टाचार में संलिप्तता और अस्वस्थ मानसिकता के साथ समाज के शोषण की घटनाओं ने भी लोगों को उद्वेलित किया। कई पार्टियों के दावों, वादों, मेहरबानियों, आरोपों और प्रत्यारोपों की भाषा जमीनी वास्तविकताओं की जगह दिवास्वप्न को रेखांकित कर रही थी । विभिन्न राजनैतिक दलों के नाद और निनाद के तुमुल स्वरों के बीच चुनावी प्रचार अभियानों से जनता के सामने चकित, भ्रमित और भयभीत होने की स्थितियां भी बार-बार आती रहीं।

लोकतंत्र के आसन्नविनाश, संविधान का समापन, आरक्षण नीति का समापन आदि के खतरों तथा राजकीय तंत्र का दुरुपयोग आदि आरोपों को लेकर भारत में लोकतंत्र के भविष्य पर लगातार प्रश्नचिह्न लगाया जाता रहा। हास्यास्पद टिप्पणियों और तर्कहीन अधकचरे प्रस्तावों के साथ कर्ज माफी, विभिन्न समुदायों को सहायता राशि की सौगातें बांटने, आरक्षण की सीमा बढ़ाने और उसे धर्म समुदाय की सदस्यता से जोड़ने की घोषणाओं से जनता को लुभाने के प्रयास किए जाते रहे। दूसरी ओर मोदी सरकार ने एक दशक में जमीनी परिस्थिति को बदलने का काम किया था जिसका सीधा अनुभव जनता को हुआ था। पूरे चुनाव में मोदी की लगन, उत्साह, रणनीति, संवाद-कौशल और देश के साथ प्रतिबद्धता असंदिग्ध बनी रही।

स्पीड न्यूज

## नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र का निधन, अंत्येष्टि आज



**जमशेदपुर।** भारी मन से वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं आईएमए के वरिष्ठ सदस्य डॉ सुरेंद्र सिंह (76वर्ष) के आज दोपहर 2.40 बजे कोलकाता में निधन हो गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, जमशेदपुर के अध्यक्ष डॉ सौरव चौधरी ने बताया कि डॉ सुरेंद्र आईएमए के एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। वह आईएमए में भी विभिन्न पदों पर रहे हैं। शनिवार सुबह करीब 11 बजे उन्हें सोनारी गुरुद्वारा ले जाया जाएगा, वहां अनुष्ठान करने के बाद दोपहर 12 बजे घाट पर ले जाया जायेगा।

## ग्राम प्रधान के पुत्र की ट्रैक्टर से दबकर मौत



**जमशेदपुर।** कौवाली थाना क्षेत्र के महुलडीहा निवासी ग्राम प्रधान विधान मंडल के 8 वर्षीय पुत्र की ट्रैक्टर से दबकर मौत हो गयी। घटना गुरुवार दिन तीन बजे की है। कूटसूरी गांव में तालाब जीर्णोधार चल रहा था। मिट्टी ट्रैक्टर से महूलडीहा लाया जा रहा था। विधान के घर ही मिट्टी भरा रहा था। बच्चा शौच कर रहा था। ट्रैक्टर से शौचालय में ठोकर लग गयी। जिससे दबकर उसकी मौत हो गयी।

## अवैध विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**चांडिल।** गुरुवार को चांडिल पुलिस ने गुप्ता सूचना पर थाना प्रभारी वरुण यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध विदेशी शराब लेकर चांडिल के भुईयाडीह से जमशेदपुर की ओर जा रही टेंपो (जेएच 05 बीके 0176) से पुलिस ने शराब जब्त किया है। चांडिल पुलिस ने एनएच 33 पर चैक नाका लगाकर यह कारवाई किया है। पुलिस ने 266 लिटर अवैध विदेशी शराब के साथ जमशेदपुर के होमपाईप किशोरीनगर सितारामडेरा थाना निवासी 45 वर्षीय आकाश राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## एंटी करप्सन की टीम ने किया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर हर साल की तरह इस साल भी एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड की झारखंड जमशेदपुर एवं आदित्यपुर टीम ने विभिन्न जगहों पर सैकड़ो पौधे लगाये।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# काले की मां स्व बलवंत कौर के अंतिम अरदास में शामिल हजारों ने दी श्रद्धांजलि

- अर्जुन मुंडा, बन्ना, पीएन सिंह, मंगल कालिंदी, नागेंद्र, सरयू, कालिंदी, बीरेंची, रामचंद्र सहिस समेत हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि
- मीरा मुंडा हुई भावुक, कहा-माता जी का आशीर्वाद बहुत बहुमूल्य था
- उपस्थित हजारों लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, छका लंगर







पूर्व मंत्री पीएन सिंह श्रद्धांजलि शब्द व्यक्त करते हुए। बैठे हैं मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सरयू राय,मंगल कालिंदी व अन्य, दिवंगत बलवंत कौर खनूजा को नमन करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा और दिवंगत बलवंत कौर खनूजा की तस्वीर को नमन करते अर्जुन मुंडा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रसिद्ध समाजसेवा अमरप्रीत सिंह काले की मां सरदारनी बलवंत कौर खनूजा के स्वर्गवास पर आज साकची गुरुद्वारा में पुण्यआत्मा की शांति के लिये अंतिम अरदास (श्राद्ध) और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इसके पूर्व उनके आवास पर परसो आरंभ हुआ अखंड साहिब पाठ संपन्न हुआ। साकची गुरुद्वारा में एक घंटे के शबद कीर्तन और अरदास के बाद श्रद्धांजलि सभा हुई तथा गुरु का लंगर चला।

श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी तबके के लोग उपस्थित हुए। खासकर जन प्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही। जमशेदपुर से बाहर रांची, डाल्टेनगंज, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ आदि कई स्थानों के अलावे दिल्ली, आगरा, लखनऊ, मुंबई, हैदराबाद आदि से भी शुभचिंतक और मित्र उपस्थित हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी सीधे दिल्ली से और विधायक विरंची नारायण बोकारो से लंगर में शामिल होने के लिये पहुंचे।

इसके पहले गुरुद्वारा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राज्य के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद (धनबाद) पशुपति नाथ सिंह, विधायक सरयू राय, विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा, पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस, सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, अल्प संख्यक आयोग के पूर्व सदस्य गुरविंदर सिंह सेठी (रांची), आदि अपने उद्गार व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और काले परिवार की एकजुटता और सहृदयता और समाज के प्रति समर्पण का उदाहरण पेश किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा काले को देखकर पता चलता है कि उनकी मां कैसी होंगी। काले जिस ढंग से जरुरतमंदों की मदद करते हैं, उसी तरह उनका पूरा परिवार भी समाज के प्रति यही भाव रखता है। पूर्व सांसद पीएन सिंह ने कहा कि वे लगभग 22 वर्षो से इस परिवार के बीच आते हैं। शायद ही कोई ऐसा साल रहा हो जब वे काले द्वारा आयोजित हर हर महादेव सेवा संघ की अंतिम सोमवारी के कार्यक्रम में शामिल न हुए हों।

**ये भी रहे उपस्थित :** अंतिम अरदास में टाटा स्टील, टाटा मोटर्स के कई उद्योगों के पदाधिकारियों, कई अखबारों के संपादकों के अलावा प्रमुख लोगों में डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बारी मूर्मू, शैलेंद्र सिंह, चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय खां, रवींद्र झा, कांग्रेस के अजय सिंह, शिवशंकर सिंह, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महासचिव आर के सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामाश्रय प्रसाद, भाजपा नेता भरत सिंह, योगेश मल्होत्रा, सतवीर सिंह सुमो, पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह, चंचल भाटिया, धर्मेंद्र सोनकर, कल्याणी शरण, एसडीएसएम के दिवाकर सिंह, रमेश हांसदा, आलोक पाठक, रवींद्र जी, शिवाजी, प्रभाकर सिंह, काली शर्मा जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला पार्षद कुसुम पूर्ति, देवयानी मुर्मू, लखन मार्डी, उदय सिंहदेव, बिल्डर आदि कई राजनीतिक, सामाजिक , व्यावसायिक व पत्रकारिता से जुड़ी असंख्य नामचीन हस्तियां शामिल हुई।

# न्युवोको विस्टास का इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट लॉन्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड (भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह) ने इस विश्व पर्यावरण दिवस पर अपना एक नए और बेहतरीन उत्पाद, इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट को लॉन्च किया।

यह बेहतरीन और मजबूत निर्माण सामग्री ऊर्जा कुशलता को बढ़ाकर और इमारतों को ठंडा रखने में आने वाली एनर्जी की लागत को कम करके ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते इनडोर तापमान की चुनौतियों का पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करता है। यह 5 जून, 2024 से शुरू होने वाले न्युवोको के आरएमएक्स प्लांट्स के माध्यम से पूरे भारत में आसानी से उपलब्ध होगा।

इस संबंध में प्रशांत झा, चीफ, रेडी-मिक्स (आरएमएक्स) कंक्रीट, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि न्युवोको में, सस्टेनेबिलिटी पहली प्राथमिकता है और एक बार फिर इस विश्व पर्यावरण दिवस पर हमारे इनोवेटिव उत्पाद इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट के लॉन्च द्वारा इसका

NUVOCO
Shaping a new world

प्रदर्शन किया गया है। यह इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इकोड्यूर ऊर्जा खपत और इनडोर तापमान रेगुलेशन के महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करके हमारे ग्राहकों और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचाने वाले समाधान प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण का उदाहरण है।

यह लॉन्च एक ग्रीन, अधिक ऊर्जा-कुशल भविष्य को बढ़ावा देने की हमारी खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमारा मानना है कि इकोड्यूर एक नया इंडस्ट्री स्टैंडर्ड स्थापित करेगा, जिसके परिणामस्वरूप अधिक सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन प्रेक्टिसिज विकसित होंगी और जलवायु परिवर्तन को काफी हद तक कम करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# वट सावित्री पूजन कर सुहागिनों ने की पति के दीर्घायु होने की कामना

**खबर मन्त्र टीम**



**गम्हरिया/जमशेदपुर।** जमशेदपुर, कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा सुहागिन महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि विधान के साथ धूमधाम से की गई। इस मौके पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखते हुए पति की लंबी आयु और सुहाग की सलामती के लिए वट सावित्री पूजन किया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष में धागा (रक्षा सूत्र) बांध कर उसकी परिक्रमा किया। उसके बाद वट वृक्ष पर जल, दूध, फूल और फल आदि अर्पित कर पूजा की।

पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने पंडितों द्वारा सामूहिक रूप से वट सावित्री कथा श्रवण भी किया। इस दौरान गम्हरिया स्थित घोड़ा बाबा मंदिर, प्रखंड परिसर, छोटा गम्हरिया शिव बांध, कांड्रा थाना परिसर समेत कई स्थानों पर स्थित वट वृक्ष के समीप प्रातःकाल से ही महिलाओं की भीड़ जुटी रही। पौराणिक मान्यता के अनुसार, सावित्री अपने अल्पायु पति सत्यवान की मृत्यु के बाद यमराज के पीछे पीछे गई थीं। यमराज के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सटीक जवाब देकर उनसे पति के दीघार्यु होने का आशीर्वाद ले लिया था। वट वृक्ष के नीचे ही यमराज ने सत्यावान के प्राण वापस किए थे। इसी दिन से वट सावित्री पूजन की परंपरा है। इस दौरान सुहागिनों ने दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की तथा एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ो के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## एक नजर में

### श्रीनाथ विवि में पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण



**जमशेदपुर।** 5 जून को श्रीनाथ विवि एवं श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने पर्यावरण दिवस मनाया। मौके पर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इसमें श्रीनाथ विवि के कुलपति प्रो डॉ एसएन सिंह एवं श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रभारी प्राचार्या रचना रश्मि ने पौधे लगाये। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कुलपति और प्रभारी प्राचार्या ने युवाओं को पर्यावरण साफ रखने को कहा जिससे आनेवाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गये, जिनमें फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का समावेश था। कार्यक्रम में प्रबंधन की सदस्या मौमिता महतो उपस्थित थी।

### मोदी की हैट्रिक पर वीरांगना ने किया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन की झारखंड प्रदेश इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस और मोदी जी के नेतृत्व में लगातर तीसरी जीत पर पौधारोपण किया। मौके पर बिष्टुपुर के साउथ पार्क में पौधारोपण किया गया जिसमें अशोक, पीपल, उड़हुल और अन्य पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया गया। आयोजन में प्रभा सिंह, मुदिता सिंह, सरोज सिंह, माधवी सिंह, प्रतिमा सिंह, रिंकू सिंह और पुष्पा सिंह ने पौधरोपण किया और लोगों से भी पौधरोपण का आग्रह किया।

### वैश्य एकता मंच ने बच्चों को घुमाया चिड़िया घर




**जमशेदपुर।** गर्मी छुट्टी में वैश्य एकता मंच, मानगो मंडल परिवार ने समर कैंप आरंभ किया। तीन दिवसीय कैंप मानगो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साव, महासचिव बंटी गुप्ता एवं मनोज गुप्ता के नेतृत्व में 60 बच्चों के साथ टाटा जूलॉजिकल पार्क में भ्रमण कराया। जहां नन्हे मुन्ने बच्चों ने तरह-तरह के जानवरों, पशु पक्षियों एवं अन्य लुभावने मनमोहक दृश्य को देख आनंदित महसूस किया। सभी बच्चे शंकुसाईं मानगो के हैं। समर कैंप में बच्चे बच्चियों के साथ वैश्य एकता मंच के प्रदेश महासचिव श्रीकांत देव, जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद जायसवाल, महासचिव राजकुमार शाह के अलावे भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किये।

### पर्यावरण दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने लगाये पौधे



**जमशेदपुर।** 5 जून को बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर ने जमशेदपुर महिला विवि एवं राजकीय ठक्कर बापा मध्य विद्यालय के प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया। बैंक का मूल उद्देश्य देश की युवा पीढ़ी के मध्य पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा के लिए सजग रहना एवं जागरूकता उत्पन्न करना है। पर्यावरण दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा के लांच उत्पाद बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स में निवेश करते हुए पृथ्वी के संरक्षण में देश वासियों को योगदान के लिए प्रेरित किया। मौके बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा तथा क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य-स्टाफ भी थे।

### गम्हरिया में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि का समर कैंप



**गम्हरिया।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि, गम्हरिया शाखा और मारवाड़ी महिला समिति ने तीन दिवसीय समर कैंप लगाया। इस दौरान बच्चों के बीच मंत्रोच्चारण, विभिन्न प्रकार के गेम्स, ड्राइंग, डांस, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करायी। साथ ही बच्चों को साइकिलिंग के फायदे, खाना उतना ही लेना थाली में व्यर्थ न जाये नाली में, पानी-बिजली आदि की बचत करने, प्रदूषण कम करने, पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त करने, घर से कचरा बाहर न निकाल कर उसे घर में ही कंपोस्ट कर उपयोग के बारे में बताया गया। अव्वल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कैंप का बच्चों ने काफी आनंद उठाया। इसके आयोजन में ब्रह्मकुमारीज की प्रमुख पूनम बहन, किरण बहन, सोनी बहन, सुमन बहन, नूतन बहन, मारवाड़ी महिला समिति की अनिता अग्रवाल, सुशीला गुप्ता, विनीता केडिया समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

### सामर्थ्य ने साईं कल्पना सोसाइटी में लगाये पौधे



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट ने आदित्यपुर स्थित धीरजगंज, साईं कल्पना सोसायटी, जुलमटांड़, सतवहिनी इलाके में अध्यक्ष पल्लवी दीप के नेतृत्व में वृक्षारोपण कर 'आओ पर्यावरण बचायें ' प्रोजेक्ट की शुरुआत की गयी। प्रोजेक्ट पूरे मानसून तक चलेगा। वॉलिंटियर मनीष तोमसय ने हमारी भूमि हमारा भविष्य का नारा देते हुए वहां उपस्थित सभी बच्चों के साथ बहुत ही उत्साह पूर्वक पौधरोपण किया तथा इसकी देखभाल की भी शपथ ली। कार्यक्रम मनीष तोमसय की देखरेख में हुआ। मौके पर अध्यक्ष पल्लवी दीप , पी अनीता, उत्कर्षा, मनीषा तोमसय, धनसिंह तोमसय, विजय कुमार सुवर्णो, दिलीप गिरी, मिस्टर और मिसेज कमल भी थे।

# गलवान शहीद गणेश हांसदा की चौथी शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर 16 को

- प्रखंड के मैट्रिक टॉपरों को भी किया जायेगा सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** वर्ष 2020 में चीनी सैनिकों के साथ गलवान घाटी में शहीद हुए बहरागोड़ा प्रखंड के कोषाफलिया गांव के लाल वीर शहीद गणेश हांसदा की चौथी शहादत दिवस 16 जून रविवार को महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर बांसदा स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। शहीद गणेश हांसदा के बड़े भाई दिनेश हांसदा एवं 74वीं बार के आदिवासी युवा रक्तदाता राजेश मार्डी ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह शिविर शहीद गणेश हांसदा स्मारक सेवा समिति, कोषाफलिया तथा सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से किया जायेगा। इस रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन शहीद की माता कापरा हांसदा एवं पिता सुबदा हांसदा के द्वारा किया जायेगा। रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ साथ विशेष रूप से अंग वस्त्र एवं एक पेड़ देकर सम्मानित किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर किसी भी समय उन्हें रक्त भी उपलब्ध कराया जायेगा।

# 500 से अधिक पौधे बांट तुलसी की महत्ता पर लोगों को किया जागरूक

- बस्ती विकास समिति जमशेदपुर की अनोखी पहल
- शुक्रवार को बारीडीह पांडेय मैदान में समिति का वृहद वृक्षारोपण अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बस्ती विकास समिति जमशेदपुर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण सप्ताह मना रही है। जिसके तहत शहर के लोगों को पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करने की कोशिश लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में, गुरुवार को बस्ती विकास समिति के द्वारा एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में पर्यावरण प्रेमियों के बीच पांच सौ से अधिक तुलसी पौधे का वितरण कर उन्हें तुलसी की महत्ता से अवगत कराया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष खेमलाल चौधरी ने कहा कि शांतिपूर्ण और स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छ वातावरण बहुत जरूरी है लेकिन हमारा पर्यावरण दिन-ब-दिन नष्ट होता जा रहा है। ऐसे में सभी को पौधरोपण करना होगा। कहा कि तुलसी पौधे से हमें आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। यह एक बेहद गुणकारी औषधि भी है। घर में तुलसी के पौधे जरूरी हैं।



तुलसी के पौधे वितरित करते खेमलाल चौधरी।

# बिद्युतबरण की हैट्रिक पर खूब बंटे लड्डू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में भाजपा की जीत और विद्युतवरण महतो की हैट्रिक पर जमकर खुशी मनी। पवन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को पूर्वी में ऐतिहासिक जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, लगन और निष्ठा के साथ पूर्वी की जनता को जाता है। मोदी जी की गारंटी को घर घर पहुंचने में पूरी ऊर्जा लगा दी। जिसका परिणाम रहा कि भाजपा के अब तक के चुनाव में स्वार्धिक मतों से रिकॉर्ड मतों की लीड मिली। एक लाख चार हजार से भी ज्यादा मतों की बढ़त छह विधानसभा में स्वार्धिक रिकॉड मत मिले। पिछले लोकसभा चुनाव से भी चार हजार ज्यादा है। पवन ने देवतुल्य कार्यकर्ताओ को नमन किया। पतेलनगर में टुनटुन सिंह, दुर्गा पूजा मैदान ह्यूम पाइप में अरुण मिश्रा, लाल भट्टा में धनराज प्रशाद, बागुनहातु चौक में रूबी झा,जीवन साहू, जेमको चौक में मंडल अध्यक्ष दीपक झा, जोगेंद्र सिंह संडे मार्केट बिरसानगर में बोल्तु सरकार तथा जोन 5 पॉल चौक में कार्यक्रम कर लड्डू वितरण कर आतिशबाजी की तथा आम जनता का आभार जताया।

# बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बीए अभियांत्रिकी एवम तकनीकी संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दिवस की शुरुआत मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मानित जमुना टुडू और ट्रीमैन ऑफ घाटशिला इंदल पासवान ने संस्थान परिसर में वृक्षारोपण के साथ किया। साथ में कॉलेज के सभी प्रोफेसर और उपस्थित छात्रों ने भी वृक्षारोपण किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्रभारी प्रचार्या डॉ प्रत्यंचा प्रसाद ने पर्यावरण को बचाने के लिए हम सब हर दिन कैसे छोटे-छोटे प्रयास कर सकते हैं। हर दिन पानी बचा के बिजली बचा के भी हमसब पर्यावरण को बचा सकते है ये बताया। साथ ही जन कल्याण के लिए जनसहयोग का भी संदेश दिया। श्रीमति टुडू ने जंगल बचाने के अपने मुहिम कैसे चलाया, लोगों को अपने इस प्रयास में कैसे शामिल किया। उन्हें किन कठिनायों का सामना करना पड़ा, इसको विस्तृत रूप से बताया। ट्री मैन इंदल पासवान ने सभी को पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पेड़, पानी आदि को संरक्षित करते को दिये।

# सांसद जोबा माझी को पूरे सिंहभूम से मिल रही बधाइयां

- विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग सांसद से मिले, रखी अपनी बातें

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चक्रधरपुर।** सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी को बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। गुरूवार को भी पूरे दिन सिंहभूम के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने आवास पर मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान लोगों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया एवं नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

कई लोगों ने सांसद के समक्ष जनहित से जुड़ी समस्याओं को रखा एवं उसके समाधान की मांग की। सांसद ने लोगों को आश्वस्त किया कि ऐतिहासिक जीत के बाद उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। विकास कार्य एवं समस्याओं के समाधान को लेकर वह पूर्व से गंभीर रही है पूरे सिंहभूम संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान का प्रयास करेगी।

सिंहभूम बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष मोहम्मद बारिक के नेतृत्व में सदस्यों ने सांसद से मिल बधाई दी। एसोसिएशन के सदस्य मोहन राठौड़, सुरेश साव, सुमन अग्रवाल, अवधेश ठाकुर, जितेंद्र भगत, पंकज साव, प्रमोद यादव के अलावा सांसद को बधाई देने सिंहभूम केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश ठक्कर, चक्रधरपुर की जिला परिषद सदस्य मीना जोंको, लक्ष्मी हांसदा, झामुमो जिला सचिव सोनाराम देवगम, इकबाल अहमद, कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंबुराय चौधरी, गोविंद प्रधान, पूर्व मुखिया जानकी हेम्ब्रोम, जगन्नाथपुर के ज्वाला कोड़ा, आनंदपुर के झामुमो नेता संजीव गंताइत, सोनुवा के बनबिहारी प्रधान समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। इससे पूर्व बुधवार की शाम को चक्रधरपुर मुखिया संघ के सदस्य अध्यक्ष जंगल सिंह गागराई के नेतृत्व में मिलकर बधाई दी थी।



नवनिर्वाचित सांसद जोबा माझी का अभिनंदन करते लोग।

# बिहार में भाजपा का प्रदर्शन 15 साल पीछे खिसका, वोट शेयर भी गिरा

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को बिहार में 12 सीटों पर जीत हासिल हुई। पार्टी 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। पिछले चुनाव में भी बीजेपी 17 सीटों पर ही चुनाव लड़ी, लेकिन सभी सीटों पर उसे जीत मिली थी। इस बार के चुनाव परिणाम को देखें तो बिहार में बीजेपी के प्रदर्शन में गिरावट आई है। पार्टी अपने 15 साल वाले प्रदर्शन पर लौट गई है। 2009 के चुनाव में बीजेपी ने 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि उस समय पार्टी 15 सीटों पर ही चुनाव लड़ी थी। 2019 के मुकाबले 2024 में बीजेपी के वोट शेयर में भी लगभग तीन फीसदी की गिरावट आई है। बीजेपी के गठन के पार्टी ने पहला लोकसभा चुनाव 1984 में लड़ा। अविभाजित बिहार में उस समय पार्टी 32 सीटों पर चुनाव लड़ी। हालांकि वह एक भी सीट पर चुनाव नहीं जीत सकी लेकिन 6.92 फीसदी वोट मिले। अगले चुनाव 1989 में बीजेपी बिहार की 24 सीटों पर चुनाव लड़ी। पार्टी को आठ सीटों पर जीत हासिल हुई और मत प्रतिशत भी दहाई अंकों में बढ़कर 11.72 फीसदी हो गया। 1991 में हुए चुनाव में पार्टी 51 सीटों पर चुनाव लड़ी। पार्टी को पांच सीटों पर जीत हासिल हुई और मत प्रतिशत बढ़कर 15.95 फीसदी पहुंच गया। 1996 के लोकसभा चुनाव में पहली बार समता पार्टी के साथ चुनावी मैदान में उतरने वाली बीजेपी 32 सीटों पर चुनाव लड़ी और 18 सीटों पर जीत हासिल हुई। उस चुनाव में बीजेपी को 20.54 फीसदी वोट मिले थे। इसके बाद 1998 में 32 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली बीजेपी को 20 सीटों पर जीत हासिल हुई। मत प्रतिशत बढकर 24.03 फीसदी हो गया। साल 1999 में हुए चुनाव में पार्टी 29 सीटों पर चुनाव लड़ी और उसे 23 सीटों पर जीत हासिल हुई। दल को 23.01 फीसदी मत मिले। इस तरह पार्टी को अधिक सीटें मिली पर मत प्रतिशत कम हो गए। मगध और शाहाबाद से आरजेडी की वापसी, माले को भी नई जमीन मिली, बीजेपी के लिए बिहार में 2014 का लोकसभा चुनाव स्वर्णिम काल रहा। नीतीश कुमार से लगभग 18 सालों की दोस्ती टूटने के बाद बीजेपी का यह पहला चुनाव था जब वह जेडीयू के बगैर ही चुनावी मैदान में उतरी। गठबंधन टूटने पर तरह-तरह के कयास लगाए गए। पर परिणाम चौंकाने वाला रहा। मोदी लहर पर सवार बीजेपी 2014 के चुनाव में 30 सीटों पर चुनाव लड़ी और 22 सीटों पर जीत हासिल की। बिहार में बीजेपी ने सबसे ज्यादा सीटें इसी चुनाव में जीती। यही नहीं, पार्टी को रिकॉर्ड 29.86 फीसदी मत भी मिले।

## पति के दीघार्यु की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा-अर्चना की







एजेंसी

**नवादा।** जेठ मास की अमावस्या तिथि पड़ने के चलते गुरुवार को परंपरा अनुसार महिलाओं ने अपनी पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर वट सावित्री की पूजा-अर्चना की। पति के दीघार्यु की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं वट सावित्री का व्रत रखती ई है। वटवृक्ष की कच्चे धागे के साथ फेरा लगाया और सत्यवान सावित्री कथा सुनी। सुबह से ही वटवृक्ष के पास पूजा अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ जुटी है। नवादा नगर समेत पूरे जिले में वट सावित्री की पूजा आर्चना कर रही हैं। नवादा जिले के सभी प्रखंडों में धूमधाम से बात सावित्री की पूजा मनाई जा रही है।बट सावित्री पूजा को लेकर सुबह से ही बट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। इसलिए इस दिन महिलाएं भी संकल्प के साथ अपने पति की आयु और प्राण रक्षा के लिए इस दिन व्रत और संकल्प लेती हैं। इस व्रत को करने से सुखद और सम्पन्न दाम्पत्य का वरदान मिलता है। नवादा नगर के साहब कोठी मंदिर ,शोभनाथ शिव मंदिर ,सूर्य मंदिर सूर्य धाम घाट पर अवस्थित वट वृक्ष के निकट भारी संख्या में महिलाओं ने जुड़कर पूजा अर्चना की।

## खबर एक नजर में

### हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राजद जिलाध्यक्ष ने अपने पद से दिया इस्तीफा



**अररिया।** अररिया से लोकसभा चुनाव में राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस्तीफा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को पत्र प्रेषित कर दी है। पत्र की प्रतिलिपि उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद को प्रेषित की है। राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को भेजे अपने पत्र में कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के तुलना में इस बार राजद का परफॉर्मेंस बढ़िया रहा। वोट बैंक में एक लाख का इजाफा किया गया।राजद प्रत्याशी को 5 लाख 80 हजार 52 मत प्राप्त हुए और महज 20 हजार वोट के मामूली अंतर से चुनाव हार गए। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि यदि राजद को जीत मिलती तो उसका श्रेय उन्हें मिलता और ऐसे में जब हार हुई है तो हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए जिलाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए काम करते रहने की बात कही।

### पटना-देवघर ईएमयू पैसेंजर ट्रेन की तीन बोगियों में भीषण आग, यात्रियों में मची अफरातफरी



**लखीसराय।** बिहार के लखीसराय जिले में पटना-देवघर ईएमयू पैसेंजर ट्रेन में गुरुवार को भीषण आग लग गई। यह हादसा लखीसराय जिले के किऊल रेलवे स्टेशन पर हुआ। आग की चपेट में आने से ट्रेन की तीन बोगियां जलकर खाक हो गईं। अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद अग्निशमन टीम ने आग को बुझाने के प्रयास किए। अग्निकांड में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि यह हादसा तब हुआ जब ट्रेन का किऊल जंक्शन में स्टोपेज था। जानकारी के मुताबिक ट्रेन में आग लगने की वजह से किऊल स्टेशन पर अफराफतरी का माहौल पैदा हो गया। यात्री अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते हुए नजर आए। मौके पर तुरंत अग्निशमन टीम पहुंची और आग के बुझाने के प्रयास किए गए। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। हादसे के चलते ट्रेन बहुत देर से किऊल में ही रुकी है। आग लगने की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। इससे पहले मार्च महीने में पटना से मुंबई जा रही एक स्पेशल ट्रेन में भी आग लग गई थी। यह हादसा आरा-बक्सर रेलखंड के कारीसाथ बिहिया स्टेशन के पास हुआ था। ट्रेन में सवार यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई थी। आग लगने से ट्रेन के तीन एसी कोच जल गए थे।

## स्पीड न्यूज

### रैंकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए अभ्यास रहेगा जारी : आनंद



**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में चल रहे समर कैंप में खिलाड़ियों को कोच कमलेश कुमार दुबे ने टेबल टेनिस खेलने के विभिन्न शॉट्स को खेलने एवं विपक्षी खिलाड़ियों के शॉट्स के बचाव कर जीतने के गुर के बारे में जानकारी दी। समर कैंप में कोच कमलेश कुमार दुबे के निर्देशन में खिलाड़ियों नें ब्लॉक करने, फोरहैंड टॉप स्पीन मारने, बैकहैंड, टॉप स्पिन मारने सहित अन्य प्रकार के नियमों को सिखा। मौके पर संघ के सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि समर कैंप का समापन सुबह दस बजे किया जायगा। मौके पर संघ के सह सचिव प्रिंस सोनी, संतोष कश्यप, अभय कुमार, बालिका उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक सुशील तिवारी, रामासाहु के फिजिकल शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, सिनियर खिलाड़ी ऋषभ राज सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

### जंगल के बीच पहाड़ से शव बरामद, एक गिरफ्तार



**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के जाहरसरई गांव के समीप स्थित बौडीयाराज पहाड़ पर पांच जून की देर शाम शिकार करने के लिए गये आठ युवकों में से एक युवक राजेश परहिया उर्फ रामचन्द्र उम्र 26 वर्ष की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मृतक के पिता सुरेंद्र परहिया ने मझिआंव थाना में जाहरसरई निवासी दिनेश परहिया, रमेश परहिया, उमेश परहिया, संतोष परहिया, प्रेमन परहिया एवं ज्ञानिचर परहिया तथा रंका थाना क्षेत्र के चटकमान गांव निवासी स्व बली परहिया के पुत्र माला परहिया पर अपने पुत्र की हत्या कर शव को छुपाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने कहा है कि माला परहिया ने फोन पर सूचना दिया कि राजेश को गोली लग गई है, इसके बाद अन्य ग्रामीणों के साथ अपने पुत्र के शव की काफी खोज की लेकिन नही मिला, तब थाना में आकर प्राथमिकी दर्ज कराई। इधर सूचना हत्या की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार पुलिस बल के साथ पूरी रात राजेश का शव खोजते रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या की सूचना मिलने पर वे रात में ही जंगल में शव खोजते रहे लेकिन जब नहीं मिला तो गुप्त सूचना पर दिनेश परहिया को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसके निशानदेही पर जंगल के बीच पहाड़ पर पत्थर पर से राजेश के शव को बरामद कर लिया गया। उन्होंने कहा कि मृतक को नजदीक से गोली मारी गई है, जिसके कारण गोली आर पार हो गया है। शव का अंत्यपरीक्षण करने के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया है।

### ट्रक के झटके से पलटा टेम्पू, एक ही परिवार के पांच घायल

**नवादा।** नवादा जिले के राजौली थानाक्षेत्र के एनएच 20 पर गुरुवार को सिमरकोल मोड़ के समीप अज्ञात ट्रक के झटके से एक ऑटो पलट गया, जिसमें सवार एक ही परिवार के पांच सदस्य घायल हो गये, जिसे ग्रामीणों के सहायता से इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल रजौली लाया गया, जहां चिकित्सक दिलीप कुमार, मुकेश कुमार और सतीश चंद्रा के घायलों का इलाज किया। घायलों में एक महिला को गंभीर चोट रहने के कारण बेहतर इलाज के लिये नवादा रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलने एसआई सत्यमेव कुमार दलबल के साथ अस्पताल पहुँचा और अस्पताल में इलाजरत लोगों का हालचाल जाना। घायलों में नौरंगी लाल, रौशन कुमार, इंदु देवी, विजया देवी और चिंटू कुमार शामिल है।

## समाजसेवी ने लिया प्रशासन के मौन के विरोध में आंदोलन करने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांडी।** एक युवा समाजसेवी ने बड़े पैमाने पर सरकारी दवाएं फेंक दिए जाने के मामले में प्रशासन के मौन के विरोध में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कांडी अस्पताल पर 11 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी सूचना उन्होंने जिला के डीसी को दे दी है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के सतबहिनी झरना तीर्थ से कुछ दूर एक नाला के पास गड्ढे में 16 मार्च 2024 को काफी बड़े पैमाने पर कामयाब सरकारी दवाएं फेंकी हुई पाई गईं थीं। एक प्रत्यक्षदर्शी के द्वारा प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय को इस आशय की सूचना दी गई थी। प्रमुख ने स्वयं स्थल की जांच कर मीडिया को सूचित किया। मीडिया ने सुबह में मौके पर पहुंचकर जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को सूचित करने का प्रयास किया। लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। थाना प्रभारी को सूचना दी गई। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर एक ट्रैक्टर कामयाब आयरन व फोलिक एसिड की गवर्नमेंट सप्लाई नॉट फोर सेल दवाएं बरामद किया। छह बोड़ा एक्सपायर दवाएं अलग थीं। जिसे पुलिस की गाड़ी पर ले जाया गया। इस बाबत राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को भी सूचित किया गया। मंत्री के हस्तक्षेप से ही डीसी द्वारा एलआरडीसी व सिविल सर्जन की टीम ने थाना जाकर दवाओं की जांच की। इसी के साथ अज्ञात के खिलाफ एफआईआर भी किया गया। उसके बाद से 83 दिन गुजर जाने के बाद भी मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है। इस चुप्पी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को भी सूचना दी गई है। बावजूद इसके चुनाव का हवाला देकर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बात को लेकर शुरू से ही सक्रिय दृष्टि यूथ ऑगेनाइजेशन नामक स्वयंसेवी संस्था के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने 11 जून से कांडी अस्पताल पर एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस दौरान संस्था के लोगों के साथ ग्रामीण भी धरना में शामिल रहेंगे। युवा समाजसेवी ने कहा है कि प्रशासन चाहता है कि अन्य मामलों की तरह इस गंभीर मामले को भी आई गई कर दिया जाए। लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। गरीब जब अस्पताल के काउंटर पर जाता है तो उसे दवा नहीं है कह कर दुकान की पर्ची थमा दी जाती है। गरीब को दवा खरीद कर लानी पड़ती है। इधर 5 लाख की सरकारी दवाएं काफी बेदर्दी के साथ फेंक दी गईं। वह भी ऐसी दवाएं जिनका डेट अभी 3 साल तक शेष था। इस अक्षम्य अपराध को लेकर दोषी व्यक्ति को चिन्हित कर जब तक आपराधिक मामले में उसे निरुद्ध नहीं किया जाता तब तक संविधान के दायरे में आंदोलन जारी रहेगा। इस मामले को लेकर आंदोलनत्मक गतिविधियां उग्र रूप धारण करती हैं तो इसकी सारी जवाबदेही स्वास्थ्य विभाग, सामान्य प्रशासन एवं पुलिस विभाग की होगी।

## जमीन विवाद की जांच करने गये सीओ से गाली गलौज और हाथापाई




**पूर्वी चंपारण।** जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद की जांच करने गए अरेराज सीओ के साथ एक पक्ष ने हाथापाई और गलौज की है। सीओ के आवेदन पर गुरुवार को एक नामजद सहित पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने सीओ के साथ हाथापाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना गोबिंदगज थाना के रढिया गांव का बतायी गयी है।जहां दो लोगो के बीच जमीनी विवाद के आवेदन पर जांच के लिए अरेराज सीओ उदय प्रताप सिंह गोबिंदगज थाना पुलिस के साथ पहुंचे थे। जांच के दौरान एक पक्ष उग्र होकर सीओ के साथ गाली गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दिया ।हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी व सुरक्षा बल मूकदर्शक बने रहे।हालांकि बात बिगड़ते देख पुलिस ने कुछ देर बाद सीओ के साथ हाथापाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गोबिंदगज थाना अध्यक्ष राजू मिश्र ने बताया कि अरेराज सीओ के आवेदन पर एक नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है ।पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी है।

### खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार, झारखंड से यूपी जा रहे तीन लोगों की बिहार में मौत



**गया।** बिहार के गया जिले में गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। झारखंड से उत्तर प्रदेश की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने जीटी रोड पर खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से जख्मी ड्राइवर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। क्रेन बुलाकर शवों और घायल ड्राइवर को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा गया जिले में आमस के सिहुली गांव के पास जीटी रोड पर गुरुवार को हुआ। कार का रजिस्ट्रेशन नंबर के मुताबिक गाड़ी प्रयागराज की है। खबर लिखे जाने तक कार सवार लोगों की पहचान नहीं हो पाई। सभी झारखंड की ओर से आ रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि नींद की झपकी आने की वजह से तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गई। टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा ट्रक के पीछे की ओर फंस गया।

### चलती बाइक से बदमाशों ने पूर्व सैनिक की पत्नी के गले से छिना सोने का चेन

**अररिया।** फारबिसगंज शहरी थाना से महज कुछ दूरी पर गुरुवार दोपहर में बाइक पर सवार पूर्व सैनिक की पत्नी के गले से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने का चेन छीन लिया। पूर्व सैनिक पंकज कुमार वर्तमान समय में फारबिसगंज थाना में डायल 112 में पदस्थापित हैं।वह अपनी पत्नी लीला देवी को बाइक पर बैठाकर थाना से आगे बगीचा चौक की ओर से निकले ही थे कि गौशाला के पास में पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश नजदीक आकर चलती गाड़ी से महिला के गले से सोने का चेन छीनकर भाग निकला। हालांकि बाइक सवार पूर्व सैनिक ने कुछ दूर तक पीछा करने की भी कोशिश की, लेकिन सड़क पर जाम और सामने से एक गाड़ी के आ जाने के कारण बदमाश तेजी से भाग निकला।

## भवनाथपुर में मना वट सावित्री का त्यौहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड में गुरुवार को वट सावित्री धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू धर्मावलंबी महिलाओं ने व्रत रखकर सुहाग के कल्याण एवं रक्षा की कामना की। व्रत को लेकर प्रातः से ही महिलाओं का हुजूम प्रखंड के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया एवं वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। लाल-पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने बताया कि वे इस पर्व को लेकर आज व्रत धारण करेंगी। उन्होंने पूजन के उपरांत सदा-सुहागिन रहने की मनौती मांगी है।

इस व्रत के संदर्भ में सुहागिन नेहा देवी, ललिता देवी, संगीता देवी, मधु देवी, रेखा देवी, आरती देवी, सरिता देवी ने बताया कि पुरातनकाल में सती सावित्री ने इस व्रत को किया था तथा सदा-सुहागन रहने की मंगलकामना की थी। व्रत के परिणामस्वरूप उनके पति की उम्र पूरी हो जाने के बाद भी यमराज ने पुनः जीवनदान दिया था। तब से यह व्रत पृथ्वीलोक पर प्रचलित है और सुहागिन महिलाएं इस व्रत को धारण करती रही हैं। व्रत को लेकर दिन भर सड़कों पर रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं की भीड़ देखी गई। वट सावित्री का पर्व हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन परंपरा अनुसार सुहागिनें स्त्री पुराने वट (बरगद) वृक्ष की पूजा कर उसे पीले धागे से बांधकर उसका फेरा लगाती हैं। वट सावित्री का त्यौहार सुहागिन स्त्रियों के द्वारा काफी धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

## शाखा प्रबंधक को दी गई विदाई



**धुरकी।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, टाटीदीरी, धुरकी के शाखा प्रबंधक मो. अजीमुल हक को गुरुवार को बिदाई दी गई। मौके पर जेएसएलपीस धुरकी के बीआरपी विनोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकारी विभाग में स्थानांतरण एक सरकारी प्रकिया है जो समय समय पर होता है। शाखा प्रबंधक के कार्य के जितनी भी तारीफ की जाय कम होगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के समय में विभिन्न गांव में कैंप लगवाकर समूह के सभी प्रकार के लोन के वेरीफाई करवाना, सही समय पर लोन देना, केसीसी के लाभ प्रदान करना, वितीय साक्षारता के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक करना, धोखाधड़ी से संबंधित ग्रामीणों के बचाओ के बारे में जागरुक करना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के माध्यम से लाभुको को प्रति दो लाख के सहायता राशि पहुंचाना, केसीसी लोन माफी योजना के माध्यम से हजारों लोगों को लाभ पहुंचना आदि कार्य शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया सगुनि राम, खाला मुखिया साबिर अंसारी, नितेश कुमार, शशांक कुमार, डॉ रोविंस कुमार, संजय प्रसाद गुप्ता, दिनेष प्रसाद, राकेश ठाकुर, विकास कुमार, संतोष प्रजापति, रेशमी देवी, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# बैठक में गढ़वा डीसी ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा, अफसरों को दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय स्थित सभागार में शिक्षा विभाग से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीसी एक-एक कर शिक्षा विभाग के विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, विद्यालयों की साफ सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की साफ सफाई, पुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन का संचालन, बच्चों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्यालयों के भवन निर्माण एवं रंग रोगन समेत अन्य विषयों पर एक-एक कर समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग के उक्त समीक्षात्मक बैठक में डीसी ने जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था एवं विद्यालय की विधिवत्त साफ-सफाई, विद्युतिकरण, पोषाहार, पोशाक आदि बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिससे विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावे स्मार्ट क्लास संचालन, स्कूल मैनेजमेंट कमिटी का गठन, नए पीजीटी टीईटी शिक्षकों की ज्वाइनिंग, बीआरसी प्रबंधन, एक्सपेंडिचर रिपोर्ट, ई विद्या वाहिनी, सीआरपी बीआरपी के कार्य, खेलो झारखंड, रानी लक्ष्मी बाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण, वोकेशनल पाठ्यक्रम, यूसी बिल यूटिलाइजेशन, सिविल एवं टेंडर संबंधित मामले समेत अन्य की भी बिंदुवार समीक्षा की गई।

डीसी ने अनिवार्य रूप से एसएमसी यानि स्कूल लेवल मैनेजमेंट का गठन कर प्रत्येक माह बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालन को लेकर नियमित रूप से मेनू अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं मध्याह्न भोजन सामग्री की नियमित रूप से आपूर्ति को लेकर भी कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वैसे भवन निर्माण कार्य जो समय पर एजेंसी द्वारा पूर्ण नहीं किए गए हैं ऐसे एजेंसी को चिन्हित कर एजेंसी को बदलने के लिए पत्राचार करने का निर्देश दिया।

बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, डीईओ आकाश कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, जेईपीसी के कनीय अभियंतागण, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक एवं सभी प्रखंड समन्वयक, कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कर्मचारी व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### कल्पना ने जेल...

आखिर हेमंत सोरेन को बेबुनियाद आरोप में जेल में क्यों रखा गया है। कहीं ऐसा तो नहीं कि उनके साथ भी स्टेन स्वामी की तरह किसी तरह की साजिश रची जा रही हो। कल्पना की प्रतिक्रिया पर भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने कहा, देश के नामी गिरामी वकील उनकी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक गये हैं. फिर भी जमानत नहीं मिल रही है।

### शपथ ग्रहण अब ...

भाजपा एवं सहयोगी दलों के सांसदों के साथ-साथ भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री, विभिन्न राज्यों से जुड़े भाजपा के वे नेता जो विधानसभा में नेता विपक्ष के तौर पर काम कर रहे हैं सहित पार्टी के कई अन्य नेता भी बैठक में मौजूद रह सकते हैं। एनडीए नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इस बैठक में मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जायेगा।

**भाजपा निभायेगी गठबंधन धर्म :** मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर है कि भाजपा ने कहा है कि वो सहयोगी दलों की हर जायज मांग को मानेगी लेकिन किसी दबाव के आगे नहीं झुकेगी। बयान में कहा गया है कि भाजपा गठबंधन धर्म का पालन करेगी। इस चुनाव में एनडीए को 292 और इंडिया गठबंधन को 234 सीटें मिली हैं।

### पटना-जसीडीह पैसेंजर ...


इससे आग और ज्यादा बोगियों में नहीं फैल सकी।

**आग के कारणों की जांच :** आग किन वजहों से लगी फिलहाल उसका पता नहीं चल पाया है। हालांकि आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन में ब्रेक प्वाइंट से धुआं उठने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंचे दानापुर रेलवे डिवीजन के अधिकारियों ने कहा कि जांच के बाद ही पता चल पायेगा कि आखिर कैसे लगी। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं आग लगने की इस घटना में फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी

## स्पीड न्यूज

### सिंघम अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' शूटिंग पूरी



**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 'रेड 2' की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है।फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है।इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

### कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक कल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस ने कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई है। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बैठक को लेकर गुरुवार एक पत्र भी जारी किया है। इस पत्र के मुताबिक कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक 8 जून शनिवार की सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय में होगी। कांग्रेस मुख्यालय में इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे।

### एबीएचए में तीन करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) स्कैन सेवा से बाह्य-रोगी विभाग (ओपीडी) में तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण करने की उपलब्धि हासिल की है।
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू की गई इस पेपरलेस सेवा ने रोगी के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव किया है। विशेष रूप से बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गतिशीलता चुनौतियों वाले कमजोर समूहों को लाभान्वित किया है। वर्तमान में 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 546 जिलों में फैली 5435 से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं में चालू है। औसतन 1.3 लाख लोग प्रतिदिन स्कैन सेवा का लाभ उठाते हैं। पंजीकरण में उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और जम्मू और कश्मीर सबसे आगे हैं।

### मनी लांड्रिंग में कार्ति चिदंबरम को जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी। कार्ति चिदंबरम राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश हुए। जज ने उन्हें एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि पर जमानत दी।

### हाशिम बाबा गैंग का शार्प शूटर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद राष्ट्रीय राजधानी में गाजीपुर मार्केट के पास हाशिम बाबा गैंग के एक वांछित शार्प शूटर को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अयान के रूप में हुई है। वह पहले भी हत्या और हत्या के प्रयास समेत पांच मामलों में शामिल पाया गया था।

## निवेशकों ने एक दिन में 8.26 लाख करोड़ कमाए

**एजेंसी**


**मुंबई।** लोकसभा चुनाव परिणाम से लगे जोरदार झटके के बाद घरेलू शेयर बाजार अब उबरता हुआ नजर आ रहा है। केंद्र में भाजपा की अगुवाई में एनडीए सरकार बनने की संभावना लगभग तय हो जाने के कारण गुरुवार को लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। सेंसेक्स 692 अंक या 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,074 अंक और निफ्टी 201 अंक या 0.89 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,821 अंक पर बंद हुआ है। छोटे और मझोले शेयरों में भी बड़ी तेजी हुई है। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत और निफ्टी 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सबसे अधिक मजबूती कैपिटल गुड्स, रियल्टी, इंडस्ट्रियल, पावर और आईटी सेक्टर के शेयरों में देखी गई। पीएसयू बैंक, आईटी और रियल्टी इंडेक्स में 3 से लेकर 5 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 416.32 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 408.06 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 8.26 लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ। सेंसेक्स 696.46 अंक उछल कर 75,078.70 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद से ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। खरीदारी से ये सूचकांक 915.49 अंक उछल कर 75,297 अंक तक पहुंच गया। बिकवाली का दबाव बनने पर 74,474.94 अंक तक गोता भी लगाया।

▸▸ सेंसेक्स 692 अंक तेजी के साथ 75,074 और निफ्टी 201 अंक उछल 22,821 पर पहुंचा

### इन कंपनियों के शेयर में रही तेजी

एचसीएल टेक्नोलॉजी 4 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 3.99 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 3.79 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 3.66 प्रतिशत और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 3.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

**इन्हें हुआ लॉस :** दूसरी ओर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 2.55 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प 2.20 प्रतिशत, हिंदुस्तान युनिलीवर 2.04 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 1.92 प्रतिशत और नेस्ले 1.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।



## मोदी की टिप्पणी से शेयर बाजार में आये भूचाल की जांच करे जेपीसीः राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर जो टिप्पणी की, उससे शेयर बाजार को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और यह शेयर बाजार इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है, इसलिए इसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराई जानी चाहिए। श्री गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को लेकर श्री मोदी तथा उनके मंत्रियों ने जो भ्रम फैलाया, वह सूची समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि चार जून को आ रहे परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। यह बहुत बड़ा घोटाला है और इसकी जेपीसी जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह अब तक का बड़ा घोटाला है और इसको लेकर श्री मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है। यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से श्री मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी ने निवेशकों को स्पष्ट संकेत दिया था कि चार जून को शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल आएगा जबकि उन्हें मालूम था कि एग्जिट पोल गलत है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने की क्या कारण थे और निवेशकों की लाखों करोड़ों रुपए डूबने की क्या वजह थी।

## निवेशकों को डराने की कोशिश कर रहे हैं राहुल : गोयल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव में मिली हार की हताशा में वो देश और विदेश के निवेशकों को भ्रमित कर डराने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भाजपा और हमारे नेताओं पर अनाप-शनाप आरोप लगाए हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष की हार की हताशा से राहुल गांधी अभी तक उबर नहीं पाए हैं। गोयल ने आरोप लगाया कि फिर एक बार नरेंद्र मोदी सरकार का बनना तय है और इससे राहुल गांधी परेशान नजर आ रहे हैं। अब राहुल गांधी मार्केट के इंवेस्टर्स को भी गुमराह करने की साजिश रच रहे हैं। वो अपने बयानों के जरिए देश और विदेशों के निवेशकों को भ्रमित करने की कोशिश कर उन्हें निवेश के लिए हतोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि, सब जानते हैं कि शेयर बाजार में कई वजहों से बदलाव होते रहते हैं और दुनिया भर में यह इसी तरह चलता है। गोयल ने कहा कि आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।



## अमावस्या पर महाकाल का हुआ विशेष श्रृंगार

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में गुरुवार को ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का रजत मुकुट, रुद्राक्ष की माला से श्रृंगार किया गया।

भगवान महाकाल को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला धारण कराई की और फल व मिष्ठान का भोग लगाया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।

## वाराणसी में देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे देव दीपावली से शुरू होगा



**वाराणसी।** अमेरिकी देश बोलीविया एवं मेक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे देव दीपावली से वाराणसी में शुरू होने जा रहा है। काशीवासी रोप-वे के पहले चरण में वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक की सुगम यात्रा कम समय में कर सकेंगे। इसके संचालन से यातायात की समस्या से भी निजात मिलेगी। रोप-वे के निर्माण के लिए स्विटजरलैंड से लाए गए उपकरण इंस्टाल किए जा रहे हैं। रोप-वे के निर्माण पर 807 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह काम स्विट्जरलैंड की कंपनी बर्थोलेट कर रही है।

## लू व जंगलों की आग से निपटने के लिए बेहतर तैयारी करें : केंद्र

**एजेंसी**

▸▸ केन्द्रीय मंत्रालय और विभाग हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार हैः कैबिनेट सचिव

▸▸ नियमित रूप से स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों की अग्नि सुरक्षा जांच करें राज्य




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने गुरूवार को कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लू और गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार रहने की जरूरत है जिससे कि जान-माल का नुकसान न हो और क्षति को कम से कम किया जा सके।

गौबा ने लू और जंगल की आग से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रालय और विभाग इस संबंध में हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देश भर में लू और जंगल की आग से संबंधित घटनाओं की मौजूदा स्थिति पर विस्तार से जानकारी दी, जिसमें उनसे निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम भी शामिल थे। मौसम विभाग ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से जून के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में लू के सामान्य से अधिक तीव्रता के 10 से 22 दिन देखे गए। यह भी बताया गया कि जून महीने के पूर्वानुमान के अनुसार, सामान्य से अधिक लू वाले दिन हैं। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश क्षेत्रों और उत्तर मध्य भारत के क्षेत्रों में इसकी संभावना है। इस साल देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून सामान्य और सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। मौसम विभाग लू के संबंध में नियमित अलर्ट भेज रहा है। एनडीएमए ने बताया कि केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों द्वारा लगातार तैयारी बैठकें की गई है। राज्यों को नियंत्रण कक्ष सक्रिय करने, लू के लिए मानक प्रक्रिया लागू करने, पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आवश्यक दवाओं और ओआरएस की उपलब्धता सहित स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सलाह जारी की गई है। राज्यों को यह भी सलाह दी गई है कि वे नियमित रूप से स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों की अग्नि सुरक्षा जांच करें और आग की घटनाओं पर कम से कम समय में त्वरित कार्रवाई करें।

## खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेज करें : योगी

**जनहित के कामों को अनावश्यक लंबित न रखें अधिकारी : सीएम**



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें, जहां खाली पद हैं, आयोगों को भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गण अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, प्रत्येक प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के कामों को अनावश्यक लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि जिस विभाग में खाली पद हैं, वहां से तत्काल चयन आयोगों को सूचना भेजा जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचना की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। चयन प्रक्रिया की समय-सीमा तय करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधान की गई धनराशि का खर्च सुनिश्चित करें।

## गाजा में स्कूल पर इजरायली बमबारी में 35 लोगों की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात शिविर में विस्थापित लोगों के आवास वाले एक स्कूल को निशाना बनाकर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले में 35 फिलिस्तीनी मारे गए और कई घायल हो गए। मारे गए लोगो में अधिकांश बच्चे और महिलाएं थीं। चिकित्सा विभाग से जुड़े सूत्रों ने गुरुवार सुबह चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि एक इजरायली लड़ाकू जेट ने कम से कम तीन कक्षाओं पर बमबारी की। उधर, हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में स्कूल पर इजरायल के हमले की निंदा करते हुए इसे भयानक नरसंहार बताया और कहा कि इजरायली सेना द्वारा इन हमलों को जारी रखना नरसंहार के अपराध का स्पष्ट सबूत है। कार्यालय ने कहा कि इजरायल और अमेरिका को मानवता को खतरे में डालने वाले और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाले इन अपराधों की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

## कंगना रनौत को महिला सुरक्षाकर्मी ने जड़ा थप्पड़

**महिला आयोग ने स्वत संज्ञान लिया और सुरक्षाकर्मी पर कड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश**



**चंडीगढ़।** फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत ने वीडियो जारी कर गुरुवार को चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर एक महिला सुरक्षाकर्मी द्वारा उन्हें थप्पड़ मारने की पुष्टि की है। कंगना ने वीडियो में कहा कि उन्हें मीडिया और शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं, वह ठीक हैं । उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर जब वह सुरक्षा जांच के दौरान जा रही थी, उसी दौरान महिला सुरक्षा कर्मी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। उन्होंने कहा कि जब मैंने सुरक्षा कर्मी से पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया, इसके जवाब में महिला ने कहा कि वह किसान आंदोलन की समर्थक है। पंजाब में आतंकवाद का माहौल बन रहा है, उसको कैसे रोका जाये। सीआईएसएफ में तैनात महिला कुलविंदर कौर भी चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर वायरल वीडियो में बोल रही है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना ने कहा था कि यह धरने पर सभी महिलायें 100-100 रुपये लेकर बैठी हैं, उस दौरान उसकी मां भी वहीं थी, जिससे वह खफा थीं। गौरतलब है कि गुरुवार को कंगना रनौत को सुरक्षा जांच के दौरान महिला सीआईएसएफ सुरक्षा कर्मी ने थप्पड़ जड़ दिया था। कंगना ने हालांकि इस मामले में चंडीगढ़ में कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी है। इसके बाद कंगना दिल्ली के लिये रवाना हो गयी। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस मामले पर स्वत संज्ञान लिया है और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से संबंधित सुरक्षाकर्मी पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षाकर्मी कुलविंदर कौर को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए। हवाई अड्डे पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा ऐसा कृत्य करना गंभीर अपराध है।

## मोदी के शपथ ग्रहण में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष होंगे शामिल

**एजेंसी**

**बधाइयों का तांता**

▸▸ बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और मॉरीशस के शीर्ष नेता शामिल होंगे



**नयी दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा चुनाव के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने जा रहे भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता नरेन्द्र मोदी के सप्ताहांत होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। पड़ोसी देशों के कई राष्ट्राध्यक्ष इस ऐतिहासिक पल के साक्षी होंगे। अभी तक नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है।

शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के बीच बताया गया है कि आमंत्रित किए जाने वाले विदेशी नेताओं में बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और मॉरीशस के शीर्ष नेता शामिल हो सकते हैं। इस बीच श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मीडिया विभाग ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया है और विक्रमसिंघे ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री मोदी की बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से फोन पर बात हुई है। राजनयिक सूत्रों का कहना है कि इस बातचीत में मोदी ने हसीना को भी शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया।

प्रधानमंत्री मोदी की नेपाल के प्रधानमंत्री से भी बातचीत हुई और उन्हें औपचारिक निमंत्रण आज भेजा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में सार्क देशों के नेता उपस्थित हुए थे। द्वितीय कार्यकाल के श्रीगणेश पर 2019 के शपथ ग्रहण समारोह में बिम्सटेक देशों के नेता शामिल हुए थे। इस बीच भाजपा के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 18वीं लोकसभा के चुनाव में जीत हासिल करने पर विश्व के नेताओं से बधाई संदेश मिलने का सिलसिला जारी है। वह लगातार शुभकामनाओं के लिए एक्स हैंडल पर आभार भी ज्ञापित कर रहे हैं। उन्होंने लातविया के राष्ट्रपति का आभार जताते हुए कहा है कि आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। हम लातविया के साथ अपनी दोस्ती को महत्व देते हैं और इस साझेदारी को और गहरा करने के लिए तत्पर हैं।

मॉरीशस गणराज्य के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ की एक्स पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ जी आपके हार्दिक संदेश के लिए धन्यवाद। मॉरीशस हमारी पड़ोसी प्रथम नीति, विजन सागर और ग्लोबल साउथ के लिए हमारी प्रतिबद्धता के बीच महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैं हमारी विशेष साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए मिलकर काम करने की आशा करता हूं।

भूटान के प्रधानमंत्री त्सेरिंग तोबगे की पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री त्सेरिंग तोबगे आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। भारत-भूटान संबंध निरंतर मजबूत होते रहेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री को मजबूत करने के लिए निरंतर सहयोग की आशा है।

### नेपाल के प्रधानमंत्री कल आयेंगे दिल्ली

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड शनिवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वो नई दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने बुधवार को नरेन्द्र मोदी को फोन कर चुनाव में जीत की बधाई दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। प्रचंड के सचिवालय के मुताबिक प्रधानमंत्री शनिवार सुबह काठमांडू से दिल्ली रवाना होंगे।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !